


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



रांची | 25 दिसंबर, 2025, गुरुवार, वर्ष 11, अंक 67, पौष, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







## मुख्यमंत्री का पेसा कानून के लिए आभार जताया

# मील का पत्थर साबित होगी पेसा नियमावली: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री से मिले जनजातीय क्षेत्र से आये पारंपरिक प्रधान, प्रमुख, मुखिया और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पेसा नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी मिलने का जश्न पूरा राज्य मना रहा है। इस कड़ी में राज्य के अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र से आये पारंपरिक प्रधान, प्रमुख, मुखिया के साथ सिविल सोसाइटी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया। मुख्यमंत्री के आवासीय कार्यालय में भारी संख्या में प्रतिनिधि मिलने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भी नगाड़ा बजाकर अपनी खुशियों का इजहार किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज पेसा दिवस भी मना रहे हैं। इस विशेष अवसर पर राज्य सरकार ने पेसा नियमावली को अंतिम मुकाम तक पहुंचाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया था, वह साकार हो रहा है। पेसा कानून धरातल पर उतरने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार जो नियम- कानून बनाती है, उसमें विसंगतियां नहीं होती है, लेकिन उसके क्रियान्वयन में गड़बड़ी होने से सुखद परिणाम नहीं मिल पाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पेसा नियमावली के तहत पंचायतों को जो अधिकार प्राप्त होंगे, उसका इमानदारी से पालन और क्रियान्वयन हो, तभी यह सफल होगा।

**पूर्वजों के सपने को कर रहे हैं साकार:** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने झारखंड राज्य के लिए जो सपना देखा था, उसे हमारी सरकार पूरा करने का लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में जल-जंगल-जमीन की रक्षा, अपनी सभ्यता-संस्कृति और पहचान को बरकरार रखने एवं पारंपरिक स्थानीय स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करना हमारे सरकार की शुरू से प्राथमिकता रही है। इसी सिलसिले में पेसा कानून को लागू करने का जो निर्णय लिया था, वह आकार लेने जा रहा है। अब हमारे पारंपरिक ग्राम प्रधानों और प्रमुखों को उनका हक-अधिकार मिलने जा रहा है। यह अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

(शेष पेज-3 पर)



### पेसा सिर्फ कानून नहीं, यह हमारी भावनाओं का परिचायक

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेसा सिर्फ एक कानून नहीं है। इसके साथ हमारी भावनाएं जुड़ी हुई हैं। लंबे समय से पेसा कानून की मांग हो रही थी। इसमें अड़चनें भी आती रही, लेकिन जन प्रतिनिधियों, आमजन तथा सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों से प्राप्त विचारों एवं सुझावों के आधार पर इसका ड्राफ्ट तैयार किया गया, जिसे कानूनी दर्जा देने के साथ इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ा दिये हैं। मुझे विश्वास है कि झारखंड का पेसा नियमावली पूरे देश के लिए नाजीर बनेगा। मुख्यमंत्री ने पेसा नियमावली का ड्राफ्ट तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वालों को धन्यवाद दिया।


### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोले...

- हमारे पूर्वजों, वीर शहीदों एवं आंदोलनकारियों ने झारखंड राज्य के लिए जो सपना देखा था, उसे कर रहे पूरा।
- जनजातीय क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा पेसा नियमावली, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था होगी मजबूत मिलेगा हक-अधिकार
- पेसा कानून से अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभाएं होंगी शक्तिशाली, निर्णय लेने का मिलेगा अधिकार।
- जल-जंगल- जमीन की रक्षा, अपनी सभ्यता-संस्कृति और पहचान को बरकरार रखने एवं पारंपरिक स्थानीय स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध ।
- पेसा सिर्फ एक कानून नहीं है, इसके साथ हमारी भावनाएं जुड़ी हुई हैं।
- झारखंड का पेसा नियमावली पूरे देश के लिए बनेगा नाजीर।
- झारखंड बड़े बदलाव की ओर अग्रसर, बनाएंगे देश का विकसित और अग्रणी राज्य।
- जब हमारी आने वाली पीढ़ी सशक्त और सुरक्षित होगी तभी राज्य आगे बढ़ेगा।
- सीमित संसाधनों में कैसे आगे बढ़े, इसकी योजना हो रही तैयार।
- आलोचनाओं से नहीं डरता हूं, लेकिन हमारी योजनाएं असफल ना हो इसका डर जरूर रहता है।

### क्रिसमस आज




क्रिसमस के मौके पर प्रभु यीशु मसीह को चूमते आर्चबिशप विंसेंट आइंद








## चावल के लिए भारत के सामने गिड़गिड़ाया बांग्लादेश

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। बांग्लादेश ने अपने देश में भारत-विरोधी माहौल बना दिया है। लेकिन मोहम्मद यूनुस की निर्लज्ज सरकार ने इसके बावजूद भारत के सामने सस्ते चावल के लिए हाथ फैला दिये हैं। बांग्लादेश के हुक्कमरानों को मालूम है कि भारत से सस्ता चावल किसी मुस्लिम देश से भी मिलना उसके लिए मुश्किल है। हकीकत ये है कि बांग्लादेश सिर्फ चावल के लिए ही नहीं, खाने-पीने की कम से कम पांच चीजों के लिए भारत का मोहताज रहा है। बांग्लादेश पहले भी खाने-पीने की चीजों के लिए भारत के सामने हाथ पसारता रहा है। बांग्लादेश ने भारत से कूटनीतिक जंग तो छेड़ रखी है, लेकिन कुछ ही दिन में उसके जमीनी हालातों ने उसे घुटने टेकने को मजबूर कर दिये हैं। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार को यह मालूम हो गया है कि भारत से मिलने वाली चीजों की सस्ती सप्लाई को नजरअंदाज किया, तो वहां पहले से ही धाराशायी अर्थव्यवस्था बिल्कुल ही चरमरा जायेगी। यूनुस सरकार के खजाने में इतने टका नहीं हैं कि वे पाकिस्तान के महंगे चावल के भरोसे बैठ जायें। इसलिए इसने भारत के सामने हाथ फैला दिये हैं।

## धरती पर कहीं से भी वीडियो कॉल होगा

# इसरो ने किया 6100 किलो का अमेरिकी सैटेलाइट लांच

- भारत से भेजा गया यह सबसे भारी उपग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीहरिकोटा।** आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इंडियन स्पेस रिसर्च ऑगेर्नाइजेशन (इसरो) ने बुधवार सुबह एलवीएम3-एम6 रॉकेट से अमेरिकी सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 लांच किया। 6,100 किलोग्राम वजनी ब्लूबर्ड, भारत से लांच किया गया अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है। इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने इसे देश के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। इससे पहले, नवंबर में लांच किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया था। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को जिस एलवीएम3-एम6 रॉकेट से लांच किया गया, उसका वजन 640 टन है। यह भारत का सबसे भारी लांच व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 नेक्स्ट-जेन



कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाइ-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है। इसके जरिो धरती पर कहीं से भी बिना टावर 4जी और 5जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसरो के मुताबिक, करीब 43.5 मीटर ऊंचा एलवीएम3-एम6 रॉकेट बुधवार सुबह 8:54 बजे श्रीहरिकोटा के दूसरे लांच पैड से रवाना हुआ। लगभग 15 मिनट की उड़ान के बाद ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट रॉकेट से अलग हुआ और करीब 520 किमी ऊपर अंतरिक्ष के लो अर्थ ऑर्बिट (एलइओ) में उसे सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया।
















आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# पेसा नियमावली पर हेमंत सोरेन ने लगाया सिक्सर

## ■ झारखंड में आदिवासी स्वशासन की दिशा में प्रभावी कदम साबित होगा

## ■ ग्राम सभाओं को मजबूत बनाने से विकास की नयी अवधारणा पनपेगी

## ■ हेमंत सोरेन के इस फैसले से गांवों के विकास की गति तेज होगी

**झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने पंचायतों का अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार का कानून, यानी पेसा कानून को लागू करने की नियमावली को मंजूरी दे दी है। यह मुद्दा जितना सियासत के नजरिये से जुड़ा था, उससे कहीं अधिक आदिवासी परंपराओं और उसमें समाहित स्वशासन की अवधारणा से संबंधित था। इन दोनों लिहाज से हेमंत सोरेन ने इस कानून को लागू करने का फैसला कर एक बड़ा, या यूं कहें कि ऐतिहासिक कदम उठाया है। लोग सवाल कर रहे हैं कि पेसा कानून लागू होने से झारखंड में क्या बदलेगा, तो इसका संक्षेप और सीधा जवाब यही हो सकता है कि इस कानून के लागू होने से झारखंड में ग्रामीण विकास की अवधारणा बदलेगी और गांवों के विकास की गति तेज होगी। पेसा कानून लागू होने के बाद अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाएं सशक्त होंगी, तो स्वाभाविक तौर पर गांवों के विकास का सवाल राज्य सचिवालयों में नहीं उठेगा, बल्कि पंचायत सचिवालयों में इस पर विचार होगा। इसका सीधा असर यह होगा कि गांवों का विकास अब गांव के हाथ में ही होगा, जहां आज भी यह तय करना मुश्किल होता है कि विकास की कौन सी योजनाएं स्थानीय जरूरतों के अनुकूल होंगी। इस तरह आदिवासी परंपरा के तहत स्वशासन के अधिकार के संरक्षण के लिए हेमंत सोरेन ने पेसा कानून लागू करने के लिए जरूरी नियमावली को मंजूर करने का फैसला कर खुद को देश के आदिवासी नेताओं की कतार में सबसे आगे कर लिया है। क्या है पेसा कानून और झारखंड में इसका क्या राजनीतिक असर होगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



**राकेश सिंह**
संपादक

झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने पेसा कानून, जिसे अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत का विस्तार या पंचायत एक्सटेंशन इन शेड्यूल्ड एरिया कहा जाता है, को लागू करने की नियमावली को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही झारखंड में लंबे समय से लंबित इस मुद्दे का समाधान हो गया है। इससे ग्राम सभाओं के सशक्तिकरण का रास्ता साफ हो गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि झारखंड के आदिवासी गांवों के विकास की योजनाएं अब गांवों में ही बनायी जायेंगी, जिससे ग्रामीण विकास की पूरी अवधारणा ही बदल जायेगी। आदिवासी परंपरा में ग्राम सभा और स्वशासन को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इसलिए हेमंत सोरेन सरकार ने इस परंपरा को समृद्ध करने की दिशा में यह बड़ा कदम उठा कर इतिहास रचा है।

### आदिवासियत का संरक्षक है पेसा

जैसा कि सभी जानते हैं कि आदिवासियत कोई पहचान-पत्र नहीं, कोई जातीय वर्गीकरण नहीं और न ही केवल सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है। आदिवासियत एकजीवन-दर्शन है–जिसमें मनुष्य और प्रकृति के बीच संबंध शोषण का नहीं, सहअस्तित्व का होता है, जिसमें सत्ता ऊपर से नहीं उतरती, बल्कि समुदाय के बीच से उगती है और जिसमें लोकतंत्र पांच साल में एक बार मत डालने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि रोजमर्रा के सामूहिक निर्णयों का अभ्यास है।

आज जब आदिवासी समाज अपने जल, जंगल और जमीन पर अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है, तब यह प्रश्न अनिवार्य हो जाता है कि क्या भारतीय लोकतंत्र के पास आदिवासियत को समझने और संरक्षित करने का कोई संवैधानिक औजार है?



इस प्रश्न का उत्तर है पेसा यानी पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम, 1996। यह कोई सामान्य पंचायत कानून नहीं है। यह कानून उन क्षेत्रों के लिए बना है, जहां भारतीय राज्य ने यह स्वीकार किया कि वहां की सामाजिक संरचना, शासन परंपरा और संसाधन-संबंध मुख्यधारा से भिन्न हैं।

पेसा का जन्म संविधान की पांचवीं अनुसूची से हुआ है–जो स्वयं इस स्वीकारोक्ति का प्रमाण है कि आदिवासी समाज को सामान्य प्रशासनिक चश्मे से नहीं देखा जा सकता।

पेसा का मूल विचार सरल है, लेकिन क्रांतिकारी–ग्रामसभा सर्वोच्च है।

पंचायतें, प्रशासन और विभाग–सब ग्रामसभा के अधीन हैं। यही वह बिंदु है, जहां पेसा आधुनिक लोकतंत्र को आदिवासी स्वशासन की परंपरा से जोड़ता है।

पेसा को केवल एक पंचायत कानून के रूप में देखना इसकी आत्मा को नकारना है।

पेसा इसलिए, क्योंकि आदिवासियत का सबसे बड़ा संरक्षक है, क्योंकि यह संसाधनों के उपयोग पर लोक-समझ का सम्मान करता है, परंपरागत शासन को वैधानिक दर्जा देता है, संस्कृति और पहचान को कानूनी संरक्षण प्रदान करता है और देशज और स्थानीय जरूरतों के अनुसार विकास के मॉडल चुनने का अधिकार समुदाय को देता है।

### आदिवासियत: व्यवस्था नहीं, जीवन-पद्धति

आदिवासियत उस सभ्यता का नाम है, जिसकी जड़ें धरती के साथ साझेदारी में हैं, स्वामित्व में नहीं, सहजीवन में। इस जीवन-पद्धति के तीन मूल स्तंभ हैं। पहला, संसाधनों का सामूहिक स्वामित्व। दूसरा, निर्णय का अधिकार ग्रामसभा को। तीसरा, पर्यावरण और संस्कृति की रक्षा को सामुदायिक उत्तरदायित्व के रूप में देखना। आदिवासी समाज में जंगल केवल लकड़ी का भंडार नहीं, नदी केवल पानी का स्रोत नहीं और जमीन केवल संपत्ति नहीं है–ये सब जीवन के साझीदार हैं। पेसा इन्हीं मूल स्तंभों को आधुनिक लोकतांत्रिक ढांचे में वैधानिक आधार देता है।

### क्या है पेसा कानून

पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा) 24 दिसंबर 1996 को अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों को ग्राम सभाओं के माध्यम से स्वशासन के जरिये सशक्त बनाने के लिए लागू किया गया था। हालांकि राज्यों के लिए अपने खास पेसा नियमों के निर्माण में देर, व्यापक प्रशिक्षण सामग्री और राज्यों के सहायक कानूनों की कमी के कारण इसके प्रभावी कार्यान्वयन को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय ने इन चुनौतियों का समाधान करने और पेसा अधिनियम के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए कई पहल की है। इन पहलों का उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक पेसा अधिनियम का लाभ पहुंचाने के लिए सामूहिक और ठोस प्रयासों को मजबूत करना है। इसमें इन क्षेत्रों के लोगों के जीवन को आसान बनाने और उनके विकास और समृद्धि के लिए सक्षम वातावरण बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य पेसा अधिनियम के बारे में जागरूकता बढ़ाना, हितधारकों की क्षमता का निर्माण करना और अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के बेहतर प्रशासन और बेहतर कार्यप्रणाली के लिए ग्राम सभाओं को सशक्त बनाना है।

### क्या था पेसा से जुड़ा मुद्दा

अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों को ग्राम सभाओं के जरिये स्वशासन से सशक्त बनाने के लिए झारखंड सहित देश के 10 राज्यों के लिए पेसा कानून 24 दिसंबर 1996 को लागू किया गया था। इन 10 राज्यों में झारखंड और ओड़िशा को छोड़कर शेष आठ राज्य आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और तेलंगाना ने अपने-अपने राज्य में इसे लागू कर दिया था। झारखंड में पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में 16022 गांव, 2074 पंचायत और 131 प्रखंड शामिल हैं। झारखंड सरकार पर लगातार केंद्र सरकार के साथ-साथ झारखंड हाइकोर्ट द्वारा इसको लेकर दवाब बनाया जा रहा था। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद राज्य के 15 अनुसूचित जिलों में स्थानीय स्वशासन की दिशा में हेमंत सरकार ने पेसा नियमावली पर मुहर लगाकर बड़ा कदम उठाया है।

### क्या होगा असर

पेसा नियमावली में जनजाति बहुल पंचायतों में ग्राम सभा को मजबूत बनाने की कोशिश की गयी है। इसके तहत ग्राम सभा विकास कार्य के लिए जमीन अधिग्रहण, खनन, विभिन्न पारंपरिक जल स्रोत, वन संपदा आदि के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए निर्णय लेगी और इसका निर्धारण करेगी। झारखंड में पेसा कानून में शामिल कई प्रावधान पहले से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित थे। इसके लागू होने के बाद पूर्व या भविष्य में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव या नगर निकाय चुनाव प्रभावित नहीं होंगे।

### क्या कहते हैं राजनीतिज्ञ


झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता दीपिका पांडेय सिंह कहती हैं कि विपक्ष इसको लेकर राजनीति करता रहा है। अब इसकी मंजूरी मिलने से ग्राम सभा सशक्त होगी और जनजातीय क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा। उधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड कैबिनेट द्वारा पारित पेसा नियमावली का भाजपा स्वागत करती है। यह भाजपा के लंबे संघर्ष और दबाव का परिणाम है। भाजपा और एनडीए ने लगातार सड़क से सदन तक इसके लिए आवाज बुलंद की है। भाजपा यह मानती है कि कैबिनेट से पारित नियमावली पारंपरिक रुढ़ि व्यवस्था पर आधारित होगी, जिसकी मांग की जा रही थी, लेकिन अगर इसमें संविधान की पांचवीं अनुसूची से जुड़ी भावना के विपरीत थोड़े भी परिवर्तन किये गये होंगे, तो पार्टी इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। राज्यपाल का भी इस संदर्भ में ध्यान आकृष्ट करायेगी, ताकि कानून बनाने के पहले यह पारंपरिक रुढ़िवादी व्यवस्था का आधार सुनिश्चित हो।

इस तरह यह साफ है कि पेसा केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत समझौता है, राज्य और आदिवासी समाज के बीच। और इस समझौते के नायक बन गये हैं हेमंत सोरेन।

# अटल प्रतिबद्धता और निश्चय, जिससे बना झारखंड



**प्रदीप वर्मा**



*हार नहीं मानूंगा*
*रार नहीं ठानूंगा*
*काल के कपाल पर*
*लिखता मिटाता हूं*
*गीत नया गाता हूं...*

भारत के जन-जन में बसे श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा लिखी गयी कविता की ये चंद पंक्तियां इन पंक्तियों के लिखे जाने के दशकों बाद भी लोगों की जेहन में महज कविता के रुप में नहीं, बल्कि अटल प्रतिबद्धता और अटल निश्चय का प्रतीक बना हुआ है-वहीं प्रतिबद्धता और निश्चय, जो अटल जी ने दुमका में वर्ष 1999 में हुई एक रैली में उपस्थित भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा था। झारखंडवासियों के मानस पटल पर अटल जी की वह हुंकार चिरस्मरणीय रहेगी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर एनडीए की सरकार बनती है, तो मैं आपको झारखंड अलग राज्य का तोहफा दूंगा। इसके बाद हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत हुई और अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री बने। अपने वायदे के अनुरुप ही उन्होंने झारखंड के लोगों से किया अपना वादा निभाया। 15 नवंबर, वर्ष 2000 को झारखंड देश के 28वें राज्य के तौर पर अस्तित्व में आया। राज्य के लोगों की चिर प्रतीक्षित मनोकामना पूरी हुई। झारखंड के साथ ही देश में दो छोटे राज्य उत्तरांचल और छत्तीसगढ़ का भी निर्माण हुआ। भारतीय राजनीति के अजातशत्रु की पदवी पानेवाले अटल जी की जयंती पूरे देश में सुशासन दिवस के तौर पर मनायी जा रही है। उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 को हुआ था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1951 में भारतीय जनसंघ (जो बाद में भाजपा बनी) की स्थापना की और 1953 में उनकी हत्या हो गयी। उन दिनों कांग्रेस उफान पर थी, उसके बावजूद जिस तरीके अटल बिहारी वाजपयी ने पार्टी को संभाला, उसका विस्तार किया, वह अपने आप में उदाहरण है।

न जाने कितने झंझावातों से झारखंड के लोगों का सामना हुआ और अलग राज्य के आंदोलन की राह में न जाने कितने मुकाम आये, लेकिन अलग राज्य का सपना साकार किया अटल बिहारी वाजपेयी जी ने। अलग राज्य की राह में दशकों तक तपकर झारखंड को कुंदन की तरह निखारकर स्वरुप देने का दूरदर्शी फैसला किया हमारे अटलजी ने। उनके दूरदर्शी और सामयिक फैसले ने भाजपा की पार्टी जो कहती है, वो करती है की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। यह तकरीबन पांच दशक पुराने अलग राज्य के आंदोलन का भी सम्मान था, जिसमें भाजपा की सक्रिय भागीदारी रही। यही सक्रिय भागीदारी आज भी पार्टी को यहां के लोगों के साथ भावनात्मक स्तर पर जोड़ती है। राज्य के लोग भूले नहीं हैं कि किस तरह झारखंड आंदोलन की राह में आये विभिन्न मोड़ के चलते कई बार इस आंदोलन में शून्य की स्थिति पैदा हुई। किस तरह जनता की आकांक्षाओं को कुंद किया गया और झारखंड नामधारी दलों ने इस आंदोलन को बेचने का समय-समय पर कार्य किया। ऐसे में यहां के लोगों को धक्का भी लगा और कई बार हताशा की स्थिति भी बनी। ऐसा विगत दशकों में कई बार हुआ। मेमोरैंडम की राजनीति से लेकर धोखे की राजनीति मानो झारखंड में चिरस्थायी नजर आ रही थी। सत्तालोलुपों ने भी उन्हीं दलों से गठबंधन कर लिया था, जो झारखंड के विरोधी माने जाते थे। झारखंड पार्टी के संस्थापक रहे जयपाल सिंह मुंडा को आजादी के बाद से ही यहां की जनता ने सिर-आंखों पर बैठाया। लेकिन वर्ष 1988 में जयपाल सिंह ने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय कर यहां के लोगों की आकांक्षाओं पर पानी फेरने का काम किया। स्वर्गीय शिबू सोरेन और विनोद बिहारी महतो के बीच विचारधारा के टकराव ने भी राज्य गठन की संभावनाओं को वर्षों पीछे धकेल दिया। 90 के दशक में जब झारखंड के लोगों को एक बार फिर राज्य गठन की सुनहरी संभावनाएं नजर आने लगी थीं, उसी वक्त झामुमो रिश्वत कांड ने इस आंदोलन को शर्मसार किया। वर्ष 1988 से वनांचल राज्य की मांग को धार देनेवाले अनुशासित एवं दृढ़ निश्चयी भाजपा कार्यकर्ता अलग राज्य की मांग के लिए किये जानेवाले आंदोलन के दौरान कई दौर के आंदोलनों में कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन को मूर्त रूप देने में लगे थे। अनगिनत कार्यकर्ताओं को जेल भी जाना पड़ा और उनके ऊपर अमानवीय मुकदमों की झड़ी लगायी गयी। अलग राज्य के आंदोलन के दौरान एक दौर ऐसा भी आया, जब झारखंड राज्य स्वायत्तशासी परिषद् के नाम पर राज्य के लोगों की उम्मीदों पर तुषारापात करने की कोशिश की गयी। झारखंड मेरी लाश पर बनेगा को सार्वजनिक तौर पर कहने वाले लालू प्रसाद यादव की चिरौरी करने में झारखंड नामधारी दलों ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रखी थी। ऐसे में अटलजी द्वारा तमाम अवरोधों और दवाबों को दरकिनार करते हुए झारखंड के तौर पर यहां के लोगों को दिया गया तोहफा न सिर्फ आज, बल्कि यहां की आनेवाली पीढ़ी को भी उनके साथ भावनात्मक रूप से अनंत काल तक जोड़े रख पाने में सक्षम साबित होगा। जल-जंगल-जमीन को लेकर यहां के लोगों द्वारा किये गये अनगिनत आंदोलन और विद्रोह के साथ अटल जी द्वारा राज्य के लोगों को दी गयी अनमोल सौगात राज्य के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से स्थान बना पायी है। साथ ही राज्य के सामाजिक एवं सांस्कृतिक पुनर्गठन की अटलजी की कोशिश झारखंड को पुनर्भाषित करती है। वाजपेयी जी मानते थे कि प्रकृति और सभी जीव-जंतुओं के साथ सह-अस्तित्व और सामंजस्य स्थापित करना अति आवश्यक है, जो आदिवासी संस्कृति के मूल में है। उनके नेतृत्व में आदिवासी समुदाय के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में कई योजनाओं और कार्यक्रमों को मूर्त रुप प्रदान किया गया था। इससे देश के दूरस्थ आदिवासी बहुल इलाकों में भी जमीनी स्तर पर विकास देखा गया। जनजातीय कल्याण के मुद्दों पर त्वरित और तीव्र गति से काम करने के उद्देश्य से ही उनके प्रधानमंत्री रहते सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से अलग हटकर आदिवासी मामलों का एक अलग मंत्रालय बनाया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के सुदूर क्षेत्रों में रहनेवाले आदिवासी आबादी तक पहुंचने और उनकी सांस्कृतिक परंपराओं और विरासत की रक्षा करते हुए उनके बहुआयामी विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार आदिवासी गांवों में समग्र विकास को बढ़ावा देने और उनके सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में सुधार करने के निमित्त धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के सुभारंभ से लेकर पूरे देश में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाने, पीएम जनमन योजना का श्रीगणेश करने, एकलव्य विद्यालयों की संख्या बढ़ाने, डीबीटी के जरिये आदिवासी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने, स्किल सेल एनीमिया को पूरी तरह से समाप्त करने, जनजातीय स्वास्थ्य एवं पोषण को समर्पित स्वास्थ्य पोर्टल का शुभारंभ करने तथा वन धन योजना को अमली जामा पहनाने जैसे कार्यों के जरिये अटल जी के सपनों को पूरा करने में लगी है। सबका साथ सबका विकास के मंत्र को मूर्त रुप प्रदान करते हुए मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालय आदिवासी कल्याण के निमित्त दो सौ से ज्यादा योजनाओं को पूरा करने में लगे हैं। आदि कर्मयोगी योजना के माध्यम से जनजातीय आकांक्षाओं को नये पंख मिले हैं। अटल जी के आदिवासी कल्याण के मंत्र को साकार करती हुई भाजपा झारखंड के दूरस्थ इलाकों की आदिवासी आबादी तक विकास की किरण पहुंचाने को सदैव तत्पर है। खेद की बात है कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा अटल क्लिनिक के नाम को बदलने और वनांचल आंदोलनकारियों को लाभों से वंचित करने की घोषणा दुर्भावना से ग्रसित होकर की गयी है। अटल जी अक्सर कहा करते थे कि जनहित के मुद्दों पर देश के तमाम राजनीतिक दलों को दलीय पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर निर्णय लेना चाहिए। क्या क्षुद्र राजनीतिक लाभ के लिए हेमंत सोरेन सरकार द्वारा की जा रही ऐसी निरर्थक घोषणाएं भारत रत्न के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी?

**(लेखक राज्यसभा सांसद हैं)**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.6 °c | 8.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |



## पेज 01 का शेष

# पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को सशक्त बनाने का लक्ष्य हो रहा पूरा



हेमंत सोरेन ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्र में पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को सशक्त बनाने का हमारा जो लक्ष्य था, वह पूरा होने जा रहा है। अब जनजातीय समुदायों को अपनी परंपराओं, संस्कृति, भूमि, जल और प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल का हक-अधिकार मिल सकेगा। इस नियमावली के लागू होने से अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभाएं शक्तिशाली होंगी और निर्णय लेने का अधिकार भी प्राप्त होगा।

**आने वाली पीढ़ी का भविष्य कर रहे सुरक्षित:** हेमंत सोरेन ने कहा कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हो, इस दिशा में हमारी सरकार ने कई कदम उठाये हैं। इसके लिए सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक व्यवस्था मजबूत बना रहे हैं। मेरा मानना है कि जब हमारी आने वाली पीढ़ी सशक्त होगी तभी राज्य आगे बढ़ेगा।

**गांव मजबूत होगा तभी राज्य का सर्वांगीण विकास संभव:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य का गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे पूर्वजों, वीर शहीदों, आंदोलनकारियों एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी ने इस राज्य को लेकर जो परिकल्पना की थी, उसे साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। मेरी स्पष्ट सोच है कि जब तक गांव मजबूत नहीं होगा, तब तक इस राज्य को सशक्त करने का सपना साकार नहीं होगा। यही वजह की हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत से काम कर रही है।

**बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहा है झारखंड:** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड 25 वर्ष का हो चुका है। अब हमारा राज्य बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहा है। हमारी सरकार नौजवानों को नौकरी दे रही है। वहीं, हमारी सरकार ने हाल ही में आदिवासी बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी करने के लिए निः शुल्क कोचिंग संस्थान की शुरुआत की है। यहां वैसे बच्चे तैयारी कर सकेंगे, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। मुझे पूरा विश्वास से कि यहां से पढ़कर बच्चे देश के अच्छे मेडिकल और इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिला लेने के लिए सफल होंगे।

**गाढ़ी एवं लंबी लकीर खींचने को हैं तैयार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने मुझे जो आशीर्वाद दिया है। मुझपर जो भरोसा जताया है, उसे कदापि भूल नहीं सकते हैं। मैं यकीन दिलाता हूं कि इस राज्य में हर किसी को उसका मान-सम्मान और हक अधिकार मिलेगा। हमारी सरकार विकास के क्षेत्र में ऐसी लंबी और गाढ़ी लकीर खींचने के लिए तैयार है जो झारखंड को देश का अग्रणी और विकसित राज्य बनायेगा।

**सीमित संसाधनों में कैसे आगे बढ़े, इसकी योजना हो रही तैयार:** हेमंत सोरेन ने कहा कि आज मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़कर राज्य की 50 लाख महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा हो रही हैं। वे खुद के साथ अपने परिवार को सशक्त बना रही है। ऐसे में अब सरकार ऐसी कार्ययोजना तैयार कर रही है, जिसके तहत सीमित संसाधनों के बीच कैसे आगे बढ़े, यह ना सिर्फ बताया जाएगा, बल्कि उसे धरातल पर उतारा जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग हमारी आलोचना करते हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैं आलोचनाओं से डरता नहीं हूं। लेकिन, इस बात से जरूर डर लगता है कि कहीं हमारी योजनाएं असफल ना हो। यही वजह है कि हमारी सरकार गंभीरता के साथ अपनी योजनाओं को अमलीजामा बनाने का कार्य करने में विश्वास करती है।

**अनुसूचित क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को दी बधाई :** गुमला जिला अनुसूचित क्षेत्र मुखिया संघ के अध्यक्ष राम प्रसाद बड़ाईक, सरायकेला- खरसावां जिले के मुखिया दिवाकर सोरेन, गुमला जिला के घाघरा प्रखंड के मुखिया योगेंद्र भगत, पूर्वी सिंहभूम जिले के केराडूंगरी पंचायत के प्रधान कान्हू मुर्मू समेत कई ग्राम प्रधान, प्रमुख, मुखिया ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि पेसा नियमावली से राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था को एक नया मुकाम मिलेगा। इससे अनुसूचित ग्राम पंचायतों को उनका हक-अधिकार के साथ निर्णय लेने की शक्ति मिलेगी। इस पहल से अनुसूचित क्षेत्र में जनजातीय समुदाय को पूरा मान-सम्मान प्राप्त होगा। वर्षों से हमारी मांग पेसा कानून को लागू करने की थी, जो अब साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री को इस निर्णायक पहल के लिए हार्दिक बधाई देते हैं और आभार जताते हैं। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक कल्पना सोरेन, पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार और पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी के अलावा राज्य के अलग-अलग क्षेत्र से ग्राम प्रधान प्रमुख मुखिया और पेसा मोबलाइजर्स मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री को चर्चों के पुरोहितों और युवा नेताओं ने क्रिसमस की दी बधाई

# क्रिसमस परमेश्वर के प्रति प्रेम और आस्था का प्रतीक : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने सभी को पर्व की दी असीम शुभकामनाएं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची के जीइएल चर्च, एनडब्ल्यू जीइएल चर्च, सीएनआइ चर्च एवं पेंटीकॉस्टल चर्च के पुरोहितों और युवा नेताओं ने शिष्टाचार भेंट कर क्रिसमस की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को क्रिसमस की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस विशेष अवसर पर उन्होंने केक काटकर प्रभु यीशु के आगमन की खुशियों को मनाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिसमस का



उत्सव परमेश्वर के प्रति असीम प्रेम और आस्था को दर्शाता है। यह पर्व समाज में शांति, एकता, सद्भाव और एकजुटता की भावना को मजबूत करता है। हम सभी के जीवन में खुशियां हमेशा बरकरार रहे, प्रभु यीशु से यह प्रार्थना करते हैं। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप, आर्च बिशप राजू सतीश टोप्पो, बिशप निस्तार कुजूर, बिशप अनुराग मिंज, जीइएल चर्च के महासचिव इश्वर दत्त कंडुलना, रेव्ह माइकल कच्छप, पादरी निरल बागे, सुजीत कुजूर, सजीत टोप्पो, आकाश तिर्की और विकास तिर्की मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री से मिले फादर खेस और फादर मेडॉट



**रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को उनके आवासीय कार्यालय में फादर अजीत खेस, फादर मेडॉट और मिशनरी ऑफ चैरिटी की रिजनल सुपीरियर सिस्टर जोस स्लेटा, सिस्टर मारिया अगस्ता तथा सिस्टर ग्वालबट ने शिष्टाचार भेंट कर क्रिसमस उत्सव सेलिब्रेट किया। उन्होंने एक-दूसरे को प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में मनाये जा रहे क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।**

# पेसा नियमावली को मंजूरी आदिवासी-मूलवासी अस्मिता की ऐतिहासिक जीत : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने राज्य कैबिनेट की ओर से पेसा नियमावली को मंजूरी दिये जाने को झारखंड के आदिवासी और मूलवासी समाज की अस्मिता की ऐतिहासिक जीत बताया है। उन्होंने कहा कि पेसा केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि आदिवासी-मूलवासी समाज की जीवन पद्धति, पारंपरिक संस्कृति, खेल-खलिहान, प्रकृति और मातृशक्ति के संरक्षण का मजबूत आधार है। उक्त बातें बुधवार को सुप्रियो भट्टाचार्य ने झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मानव इतिहास की पहली लोकतांत्रिक व्यवस्था आदिवासी समाज से ही शुरू होती है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष पहले आदिवासी समाज में सामुदायिकता, सामूहिक निर्णय और प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व पर आधारित शासन व्यवस्था विकसित हो चुकी थी। इसके विपरीत, वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संख्या के बल पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर अधिनायकवादी व्यवस्था



थोपने का प्रयास कर रही है, जबकि पेसा कानून ऐसे प्रयासों को पूरी तरह खारिज करता है। उन्होंने अरावली पर्वत क्षेत्र का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार प्राकृतिक संसाधनों को कॉरपोरेट घरानों के हवाले किया गया, पेसा कानून ऐसी नीतियों पर प्रभावी रोक लगाने का माध्यम है। भट्टाचार्य ने कहा कि पेसा अधिनियम-1996, उच्चतम न्यायालय के ऐतिहासिक समता जजमेंट की भावना पर आधारित है, जिसमें आदिवासी क्षेत्रों में किसी भी परियोजना से पहले ग्राम सभा की सहमति और सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन को अनिवार्य किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने समय के साथ इन प्रावधानों को कमजोर किया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने सवाल उठाया कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास जैसे नेता वर्षों तक सत्ता में रहे, फिर भी उनके कार्यकाल में पेसा कानून लागू क्यों नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने सत्ता में लौटते ही एक वर्ष के भीतर पेसा नियमावली को लागू कर आदिवासी-मूलवासी समाज के अधिकार, पहचान और अस्मिता को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि अब राज्य में शिक्षा, रोजगार और विकास की दिशा अफसरशाही नहीं, बल्कि ग्राम सभा तय करेगी और सरकार उसी के अनुरूप कार्य करेगी।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सं. ELS-ANGL-OT-25-26-09

कार्य का नाम : इलेक्ट्रिक लोको शेड / अनुगुल में दो साल की अवधि के लिए मॉडिफाइड लेबिरिंथ सेट के साथ 3-फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के ट्रैक्शन मोटर (6FRA-6068) की मरम्मत/रीकंडीशनिंग।

विज्ञापित मूल्य (₹): 2,53,33,561.60, EMD (₹) : 2,76,700.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 महीने।

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक - 30.12.2025, निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक : 13.01.2026 को 1500 बजे।

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।
ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRS), अनुगुल
PR-932/Q/25-26

SHAHEED SHEIKH BHIKHARI COLLEGE OF EDUCATION
Sutiyambe-Pithoria, Kanke, Ranchi-834006
Recognized by NCTE, Bhubaneshwar Affiliated to Ranchi University, Ranchi

ADMISSION NOTICE - 2025-2027 (for B.Ed. Course)

राज्य सरकार के विज्ञापन पत्रांक- 02/वि 01-104/2017-2351 दिनांक 22/12/2025 (पत्रांक 1377 दिनांक 02/12/2025) के आलोक में रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन महाविद्यालय कार्यालय में दिनांक **24/12/2025** से **07/01/2026** तक **समय सुबह 10 बजे से 3 बजे तक** जमा कर सकते हैं।

नोट - **नामांकन प्रक्रिया में राज्य सरकार द्वारा तय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा।**

For further details
Contact : 89867 17710

Sd/-
Secretary

## 21वीं सदी के भारत की नींव रखी अटल बिहारी वाजपेयी ने

# ऐसा दैदीप्यमान व्यक्तित्व जो सदैव विचारों में अटल, इरादों में अटल

## आज भी उनके विचार और आदर्श देश के कण-कण में अटल हैं



बाबूलाल मरांडी


भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसा दैदीप्यमान व्यक्तित्व जो सदैव विचारों में अटल, इरादों में अटल। मां भारती के अनन्य उपासक, सरस्वती के वरद पुत्र, जिनकी कविताएं केवल शब्द नहीं बल्कि भारत माता की वंदना है, देश, समाज की पीड़ा है, जन मन के लिए प्रेरणा हैं, हिंदुत्व की विशालता है, विंदु का सिंधु में विलय है। ऐसे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की आज 102 वीं जयंती है।

अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसा विलक्षण नाम जिनको लोग देखना चाहते थे, सुनना चाहते और आज उनकी कविताओं, उनके भाषणों को सुनाना भी चाहते हैं। 25 दिसंबर 1924 को एक ऐसे बालक का जन्म हुआ जो भारत के राजनीतिक सामाजिक क्षितिज पर ध्रुवतारा की तरह चमकते हुए जन जन को सही दिशा का बोध करा रहा है।

राष्ट्रीय भावों से ओत प्रोत अपनी कविताओं में श्रद्धेय अटल जी ने कहा 'हिंदू तन मन, हिंदू जीवन, रग रग हिंदू मेरा परिचय'। यह कोई शब्दों का खेल नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों से ओतप्रोत श्रद्धेय अटल जी ने अपना संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित कर दिया। अपनी कुशाग्र, बौद्धिक क्षमता से उन्होंने राष्ट्रधर्म पत्रिका का वर्षों तक संपादन किया वहीं कुशल सांगठनिक क्षमता ओजस्वी वाणी ने उन्हें राजनीतिक क्षेत्र में भारत माता की सेवा के लिए जोड़ दिया। कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति के कारण भारत के विभाजन की पीड़ा ने देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से ओत प्रोत जनसंघ जैसे राजनीतिक संगठन को जन्म दिया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कुशल नेतृत्व, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के वैचारिक प्रेरणा से अटल जी ने जनसंघ के पौध को पुष्पित पल्लवित करने में अपनी महती भूमिका निभाई। चार वर्षों तक वे जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। जनता का अपार स्नेह उन्हें प्राप्त हुआ। एक जन प्रतिनिधि के रूप में 10 बार लोकसभा में और दो बार राज्यसभा में उनकी उपस्थिति ने दोनों सदनों की गरिमा बढ़ायी।

विचारों में अटल श्रद्धेय अटल जी ने दोहरी सदस्यता के सवालों पर जनता पार्टी से अलग होना स्वीकार किया। 6 अप्रैल 1980 को जनसंघ का परिवर्तित स्वरूप भाजपा का गठन हुआ। मुंबई के राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उनके भाषण की यह पंक्ति... अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा ने पार्टी के दृढ़ संकल्प को न सिर्फ साकार किया बल्कि करोड़ों कार्यकर्ताओं को हर विषम परिस्थितियों में प्रेरित करता है, दिशा देता है।

जनता पार्टी की सरकार में बतौर विदेश मंत्री संयुक्त राष्ट्र संघ में राष्ट्र



भाषा हिंदी में भाषण देकर भारत और भारतीयता को महिमा मंडित किया। नरसिंहराव सरकार के दौरान नेता प्रतिपक्ष के रूप में जेनेवा में भारत का पक्ष रखना श्रद्धेय अटल जी के विराट व्यक्तित्व, उनकी राष्ट्रभक्ति उनकी राजनीतिक सोच, कौशल को प्रतिष्ठित करता है।

कांग्रेस की परिवारवादी सोच, तुष्टीकरण की नीति के बीच अटल जी ने देश को नयी राजनीतिक दिशा दी। देश को कांग्रेस की नीतियों से उबारने के लिए और विकासोन्मुख राजनीति को स्थापित करने की दिशा में गठबंधन को प्रतिस्थापित किया। आजादी के लगभग अर्द्ध शतक के बाद भारत में एक नये राजनीतिक अध्याय का सूत्रपात हुआ। 21 वीं सदी का भारत कैसा हो इसकी नींव पड़ी। जिसका आधार तुष्टीकरण नहीं बल्कि सर्वे भवंतु सुखिनः बना, जिसे शासन नहीं सुशासन कहते हैं।

अपने छोटे कार्यकाल में बतौर प्रधानमंत्री अटल जी ने 21वीं सदी के भारत का मजबूत स्वर्णिम आधार तैयार कर दिया। दीप वहां जलाने की शुरूआत हुई जहां वर्षों से अंधेरा छाया हुआ था। स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग योजना ने सड़कों का चौड़ीकरण, सुंदरीकरण ही नहीं किया बल्कि देश की राष्ट्रीय एकात्मकता को मजबूती प्रदान की। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने आजाद भारत में पहली बार गांव और शहर की दूरियां मिटाई। सर्व शिक्षा अभियान ने देश की शिक्षा व्यवस्था में बुनियादी सुविधाओं को विकसित किया। लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर दिये। नदी जोड़ो कार्यक्रम ने हर खेत तक पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित की।

विश्व के तथाकथित ठेकेदारों के प्रतिबंध की धमकियों को नकारते हुए अटल जी ने वर्षों से लंबित परमाणु परीक्षण को पोखरण की धरती से साकार कर दिखाया। अटल जी ने समन्वय और संवाद को सदैव बढ़ावा दिया। मित्र बदले जा सकते लेकिन पड़ोसी नहीं इसलिए पाकिस्तान से संबंधों को सुधारने के लिए दिल्ली से लाहौर तक की बस यात्रा की। परंतु बदले में मिले कारगिल युद्ध का भी मुंह तोड़ जवाब देने में पीछे नहीं हटे।महान वैज्ञानिक डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बनाकर अटल जी ने यह सिद्ध किया कि राष्ट्र की सेवा में धर्म संप्रदाय, पूजा पद्धति बाधा नहीं बननी चाहिए। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित कर अटल जी ने देश के दलित समाज को गौरवान्वित किया।

राष्ट्र के सांस्कृतिक विरासत को बल देते हुए अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में रामराज्य की स्थापना के पूर्व अयोध्या में भव्य राममंदिर के निर्माण के मार्ग को प्रशस्त करने के ठोस प्रयास किये जो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हुआ।

अटल जी के सुशासन में जन आकांक्षाओं की अनुकूलताएं थीं। इसीलिए अपने वादे के अनुरूप अटल जी ने प्रधानमंत्री बनते ही झारखंड आंदोलन को कांग्रेस की खरीद बिक्री से बाहर निकालकर झारखंड राज्य का सपना साकार किया। स्थापना की तिथि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को तय किया और एक आदिवासी समाज के नेता को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। यह सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे आदिवासी समाज का था।

अटल जी की सरकार ने आदिवासी समाज के लिए केवल अलग राज्य नहीं बनाया बल्कि उन्हीं की सरकार ने केंद्र में अलग आदिवासी मंत्रालय बनाया, संथाली भाषा को भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया। यह सब आदिवासी समाज को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने की ऐतिहासिक पहल थी।

आज झारखंड की जनता अलग राज्य के उपहार के लिए अटल जी की ऋणी है। शायद अटल जी न होते तो यह अलग राज्य भी नहीं होता। आज अटल जी शरीर से हम सभी के बीच नहीं हैं लेकिन उनके विचार और आदर्श कण कण में गूंज रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विकसित भारत की नींव पर विकसित भारत का भव्य महल खड़ा करने में जुटी है। भव्य राम मंदिर निर्माण के साथ राम राज्य लाने की दिशा में लगातार काम हो रहे। गांव गरीब किसान, दलित पिछड़े सभी विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहे। पूरी दुनियां में तिरंगे की ताकत बढ़ रही। विश्व को संतुलित समावेशी विकास के लिए मोदी सरकार प्रमुख भूमिका निभा रही है।

आज महामानव भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी की जयंती पर उनके चरणों में कोटि कोटि नमन, प्रणाम, विनम्र श्रद्धांजलि।

**(लेखक : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं।)**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



### सरला बिरला विवि में क्रिसमस गैदरिंग की रही धूम

# मानवता का संदेश देते हैं यीशु मसीह : प्रो जगनाथन

**विद्यार्थियों ने पेश किये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विवि में बुधवार को महादेवी बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी की ओर से क्रिसमस गैदरिंग का खास आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन, कुलसचिव प्रो श्रीधर बी दांडीन, प्राचार्या डॉ सुबानी बाड़ा, प्रशासक आशुतोष द्विवेदी, उपप्राचार्या मीनल श्वेता और विश्वविद्यालय के शिक्षकगण व विद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर प्राचार्या ने यीशु मसीह के जीवन से मिलने वाली प्रेरणाओं पर प्रकाश डाला। प्रो जगनाथन ने अपने संबोधन में कहा कि यीशु मसीह हमें प्रेम, करुणा, क्षमा, सेवा और मानवता का संदेश देते हैं। उन्होंने गीता का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि ईश्वर सभी के हृदय में वास करते हैं।

उन्होंने इन दोनों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर निस्वार्थ सेवा और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सब का मन मोहा। उपप्राचार्या मिनल श्वेता के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम संपन्न हुआ। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने क्रिसमस पर शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल पुंदाग के बच्चों ने मनाया क्रिसमस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, पुंदाग में बुधवार को क्रिसमस हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा एक तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सांता क्लॉज का रूप धर बच्चों ने अपने बाल सुलभ व्यवहार से सभी का दील जीता। प्रतिभा प्रदर्शित की। मौके पर प्रभु यीशु मसीह के जीवन पर आधारित लघु नाटक का भी मंचन भी किया गया, जिसके माध्यम से बच्चों ने उनके शांति और प्रेम के संदेश को जीवंत किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य मो नेजातुल्लाह ने केक काटकर किया। उन्होंने क्रिसमस की बधाई दी। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। शिक्षक और शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया।

## सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में मना क्रिसमस पर्व



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, न्यू अशोक नगर में बुधवार असेंबली के साथ क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। असेंबली स्टेज पर प्रभु यीशु मसीह के जन्म पर आधारित नाटक के मंचन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद कक्षा प्री-नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने ने सांता क्लॉज की वेशभूषा सब को लुभाया। साथ ही बच्चों ने अभिभावकों और शिक्षकों के साथ मिलकर थमाकोल केक, पेपर से बने रंग-बिरंगे स्टार, सांता क्लॉज फेस मास्क जैसे सुंदर क्रिसमस क्राफ्ट तैयार किये। मौके पर प्रधानाचार्या श्रावणी पांडे ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि क्रिसमस प्रभु यीशु मसीह के जन्म की खुशी में मनाया जाता है। प्रभु यीशु मसीह प्रेम, दया और शांति का संदेश देने वाले महान व्यक्तित्व थे। निदेशक डॉ दीपक कुमार सिंह ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।

## हेलो किड्स स्कूल में मना क्रिसमस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मैरी हेलो किड्स स्कूल, कांके में बुधवार को क्रिसमस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों के कैरोल्स गीत से हुई। बच्चों ने सांता क्लॉज का रूप धर बाल सुलभ व्यवहार से सब का मन मोहा। नृत्य, कविता पाठ और लघु नाटिका के माध्यम से क्रिसमस का संदेश दिया। टाफी बांटते सांता क्लॉज का अलग ही आकर्षण रहा। प्रधानाचार्या बिमला सिन्हा ने बच्चों को क्रिसमस के महत्व के बारे में बताया और सभी को एक-दूसरे से प्रेम, सहयोग और सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की। अंत में बच्चों के लिए विशेष खेल और विविध गतिविधियां आयोजित की गयी।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षकों ने मारी बाजी

# यूएसओ बायोस्फेयर रिजर्व्स चैंपियंस में सफलता के लिए हुए सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने यूएसओ बायोस्फेयर रिजर्व्स चैंपियंस 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बारी मारी। स्कूल प्रबंधन ने इसके लिए बुधवार को खुशी और गर्व के साथ उन्हें सम्मानित किया। छात्रों को इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के दूसरे चरण के लिए सफलतापूर्वक चयन होने पर मेडल, उपहार और प्रमाणपत्र दिये गये। युवाओं में पर्यावरण जागरूकता, सतत विकास और वैश्विक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से प्रतियोगिता आयोजित की जाती है।




कक्षा दसवीं के निधि तिर्की, सारा वकार, सौम्या सिंह, कृतिका सरकार और कक्षा ग्यारहवीं के केशव शर्मा सम्मानित होने वालों में मुख्य है। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, जिज्ञासा और पर्यावरणीय विषयों की गहन समझ को दर्शाती है। विद्यालय की शिक्षिका सिम्मी जायसवाल, निधि पारीक और शिक्षिक राकेश बर्णवाल को छात्रों के मार्गदर्शन और निरंतर समर्थन के लिए प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। साथ ही विद्यालय की शिक्षिका सरबानी सरकार को उनके लगातार मार्गदर्शन, प्रेरणा और छात्रों के प्रति समर्पण के लिए प्रमाणपत्र, कैलेंडर और डायरी के साथ सम्मानित किया गया। प्राचार्य मनीषा शर्मा ने छात्रों और शिक्षकों को इस सफलता पर बधाई दी। कहा कि यह उपलब्धि छात्रों के ईमानदार प्रयास और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने आश्वासन व्यक्त किया कि भविष्य में इस तरह की उपलब्धियां स्कूल के लिए हमेशा गौरव का कारण बनेंगी।

## विद्यार्थियों ने बीएयू का शैक्षणिक भ्रमण किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, कक्षा 11 (विज्ञान वर्ग) के विद्यार्थियों ने बुधवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके का शैक्षणिक भ्रमण किया। स्टूडेंटस को मशरूम उत्पादन, फूड प्रोसेसिंग, मिट्टी (सॉइल) की संरचना और प्रकार के साथ आधुनिक कृषि उपकरणों के विषय में विस्तृत उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई। कृषि उपकरणों का प्रदर्शन विषय-विशेषज्ञों द्वारा तैयार और प्रस्तुत किया गया, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने नयी जानकारी प्राप्त किया। प्राचार्य ललन कुमार, शिशु विकास मंदिर समिति के सदस्य नर्मदेश्वर मिश्र और लाल अशोक नाथ साहदेव सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया।

### निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में मना वार्षिक स्पोर्ट्स डे

# खेलकूद के रोमांचक मुकाबले के क्या कहने

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल, एदलहातू में बुधवार को वार्षिक खेलकूद दिवस उत्साह, अनुशासन और खेल भावना से मनाया गया। इसमें अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद बसंती लकड़ा और विशेष अतिथि के रूप में टीओपी प्रभारी, उप निरीक्षक पूजा विभूति रंजन ने हिस्सा लिया। साथ ही नवयुवक संघ क्लब सारण समिति, एदलहातू के अध्यक्ष गुड्डू मुंडा, उपाध्यक्ष सूरज मुंडा, महासचिव मुकेश मुंडा, सचिव आशीष मुंडा आदि ने भी खास तौर से इसमें भागीदारी निभायी। संबोधन में अजय राय ने कहा कि



खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास और संघर्ष से जूझने की क्षमता विकसित करता है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का संतुलन अत्यंत आवश्यक है। खेल के मैदान में सीखा गया अनुशासन जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नींव रखता है। प्रधानाचार्य विजय कुमार शर्मा ने ध्वजारोहण कर खेल-कूद प्रतियोगिता की शुरुआत की। इसके बाद दौड़, रिले रेस, सैक रेस एवं रस्साकशी जैसी रोमांचक प्रतियोगिता का क्रमवार सिलसिला चला। छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लेकर प्रतिभा और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही विद्यार्थियों ने योग प्रदर्शन कर स्वस्थ और संतुलित जीवन का संदेश भी दिया। कराटे के छात्रों ने आत्मरक्षा, साहस और अनुशासन का प्रभावशाली परिचय दिया। कार्यक्रम के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार, अमनदीप कुमार, राहुल कुमार, मोनी बाला शर्मा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इसके सफल संचालन में मुख्य योगदान दिया।

# वीवीपीएस में 12वां वार्षिक स्पोर्ट्स डे ओजस संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वीवीपीएस विद्यालय का12वां वार्षिक खेल दिवस ओजस बुधवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों के अनुशासित और आकर्षक मार्च पास्ट से हुई, जिसमें एकता, समर्पण और टीम भावना का सुंदर प्रदर्शन देखने को मिला। छोटे बच्चों के लिए आयोजित फन गेम्स, लेमन एंड स्पून रेस, रैबिट हॉप तथा बुक बैलेंसिंग रेस का अलग आकर्षण रहा। स्टूडेंटस जोश और खेल भावना से प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सब का मन मोहा। स्वागत गीत, नृत्य और एरोबिक्स के क्या कहने। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का



उत्साहवर्धन किया। आइपीएस, डीआइजी (पर्सनल) पुलिस मुख्यालय, रांची के सुरेंद्र कुमार झा ने इसमें बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। कक्षाओं की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, रिले रेस, स्किपिंग और अन्य खेल प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पदक के साथ प्रमाण-पत्र दे सम्मानित किया गया। निदेशक प्रभा सिंह ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विजेताओं को पुरस्कृत कर कहा कि छात्र-छात्रओं के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल आवश्यक हैं। इससे बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय की राज्य और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

**विजयी प्रतिभागी :** बेस्ट गर्ल एथलीट ट्रॉफी-मोबाश्शेरा सुल्ताना, बेस्ट बॉय एथलीट ट्रॉफी-मुहम्मद यईस मुस्ताख, बेस्ट मार्च पास्ट ट्रॉफी - जर्कन हाउस, ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी - रूबी हाउस को प्रदान की गयी।

# डीएसपीएमयू का तीन दिनी यूथ फेस्टिवल स्पंदन संपन्न

**राग, रंग और रचनात्मकता का दिखा अनुठा संगम**

**सम्मानित और पुरस्कृत किये गये विजयी प्रतिभागी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि (डीएसपीएमयू) का तीन दिनी यूथ फेस्टिवल स्पंदन छात्र-छात्राओं की बहुआयामी प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ संपन्न हो गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, बौद्धिक प्रतिस्पधाओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों से सजे समारोह के क्या कहने। प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से प्रतिभा का लोहा मनवाया। समापन मौके पर विजयी प्रतिभागियों को पुरसकृत कर सम्मानित किया गया। शिक्षाविद और मानवशास्त्री प्रो सत्यनारायण मुंडा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डीएसडब्ल्यू सर्वोत्तम कुमार और इस यूथ फेस्टिवल के विभिन्न समन्वयको डॉ जिंदर सिंह मुंडा, डॉ गीतांजलि सिंह, डॉ रजनी, डॉ. शालिनी लाल और विनय भरत के साथ विभिन्न कमेटियों के सदस्यों ने इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभायी। अतिथियों ने विजेताओ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। धन्यवाद ज्ञापन विनय भरत ने किया।

**प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागी :** क्लासिकल वोकल सोलोः कुमार कौशिक। लाइट वोकल सोलोः कुमार कौशिक। संगीतः किशलय राज। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलोः आदर्श पाठक। इंस्ट्रूमेंटल सोलोः आशीष मेहतो। क्विजः एकरा प्रवीण। इंग्लिश डिबेटः जानवी चौधरी। हिंदी डिबेटः गौरव कुमार। एलोक्यूशनः जिमी जैस्मिन मुर्मू। कोलाजः मनीष रंजन। कार्टूनिंगः सोनू कुमार दास। रंगोलीः जानवी तिर्की। क्ले मॉडलिंगः रौशन कुमार। मेहंदीः संध्या कुमारी। ऑन द स्पॉट पेंटिंगः शैंकी कुमारी। ऑन द स्पॉट फोटोग्राफीः प्रेम प्रकाश मेहता। इंस्टॉलेशनः ओम प्रकाश आनंद। पोस्टर मेकिंगः शैंकी कुमारी। वन एक्ट प्लेः केहकशां ग्रुप। स्किटः अर्शी एवं ग्रुप। माइमः द म्यूटेड। लोक नृत्य : सृष्टि एवं ग्रुप।


### वाइबीएन पब्लिक स्कूल में मना वार्षिक खेल दिवस

# खेलकूद के साथ हुए रंगारंग कार्यक्रम

**सम्मानित किये गये विजयी प्रतिभागी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वाइबीएन पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक खेल दिवस उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ चांदनी नाथ ने दीप प्रज्ज्वलन और विद्यालय ध्वज फहरा कर किया। इसके बाद विद्यालय के खिलाड़ियों ने अनुशासित और आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत विभिन्न ट्रैक और फील्ड इवेंट्स से हुई। 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में छात्रों ने अपनी तेज गति और सहनशक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। रिले दौड़ ने दर्शकों में विशेष उत्साह भर दिया। इसके अतिरिक्त लंबी कूद, ऊंची




कूद, गोला फेंक और डिस्कस थ्रो जैसी प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। टीम गेम्स जैसे कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल और वॉलीबॉल भी खेल दिवस का प्रमुख आकर्षण रहे। मौके पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। विद्यार्थियों ने योग प्रदर्शन और शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन कर संदेश दिया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। प्राचार्या डॉ चांदनी नाथ ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क की भावना विकसित करते हैं। अंत में विजेता और उपविजेताओं को पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

# लोहार टोला में सार्वजनिक जमीन पर अवैध कब्जे की साजिश

**दशकों से हो रहा है होलिका दहन, अचानक जेसीबी चलने से मची खलबली**

**जिला प्रशासन पर उठने लगे कई सवाल, आखिर रात में क्यों होता है अवैध निर्माण?**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के हृदय स्थली माने जाने वाले लोहार टोला में सार्वजनिक जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दशकों से जिस जमीन पर होलिका दहन और अन्य सामाजिक कार्यक्रम होते आ रहे हैं, उसी जमीन को निशाना बनाकर अब सुनियोजित तरीके से कब्जा किया जा रहा है।

**रात के अंधेरे में हो रहा है अवैध कब्जा :** स्थानीय निवासियों के बीच जो चर्चा है उसके अनुसार जमीन माफिया द्वारा रात के अंधेरे में अवैध गतिविधियां की जा रही हैं। बिना किसी वैध कागजात के जमीन पर दखल देने की कोशिशें तेज हो गई हैं। जिससे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है।

**अरबों की जमीन पर जमीन माफिया की टेढ़ी नजर :** बताया जा रहा है कि लोहार टोला स्थित यह जमीन अरबों रुपये मूल्य की है। शहर के बीचों-बीच स्थित होने के कारण इस जमीन पर भू-माफियाओं की नजर लंबे समय से थी और अब मौके का फायदा उठाकर कब्जे की कोशिश की जा रही है।

**रांची से जुड़े जमीन माफिया का नेटवर्क सक्रिय :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे खेल के पीछे रांची के जमीन माफिया का नेटवर्क सक्रिय है। जो स्थानीय भू-माफियाओं के साथ मिलकर काम कर रहा है। बाहर से आए लोग स्थानीय युवकों को आगे कर पूरे खेल को अंजाम देने की कोशिश कर रहे हैं।

**गिरोह के नाम पर धमकी :** आरोप है कि रामगढ़ के कुछ युवक, जिन्हें गिरोह का नाम देकर पेश किया जा रहा है, स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं। जमीन पर दावा जताने वालों को खुलेआम धमकियां दी जा रही हैं।

**हथियारों के साथ कब्जे की चर्चा :** इलाके में यह चर्चा भी जोरों पर है कि हथियारों के बल पर जमीन कब्जा करने की साजिश रची जा रही है। इससे स्थानीय लोग दहशत में हैं और किसी बड़ी आपराधिक घटना की आशंका जता रहे हैं।

**अधिकारियों की छुट्टी बनी माफिया की ताकत :** सूत्रों के मुताबिक, जिले के दो बड़े प्रशासनिक अधिकारी फिलहाल छुट्टी पर हैं और इसी का फायदा उठाकर जमीन माफिया सक्रिय हो गया है। प्रशासनिक निगरानी कमजोर पड़ते ही अवैध गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग :** स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सार्वजनिक जमीन की तत्काल मापी और घेराबंदी कराई जाए। अवैध कब्जे की कोशिश कर रहे लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। इलाके में पुलिस गश्ती बढ़ाई जाये। साथ ही हथियारों की अफवाहों की जांच कर सख्त कदम उठाये जायें।

**सवालों के घेरे में प्रशासन :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि शहर के हृदय स्थल पर स्थित सार्वजनिक जमीन पर अगर इस तरह खुलेआम कब्जे की कोशिश हो रही है, तो प्रशासन की निगरानी व्यवस्था कहां है? क्या जमीन माफिया इतने बेखौफ हो चुके हैं कि कानून का डर ही खत्म हो गया है।

**रामगढ़ का वरिष्ठ पत्रकार रहा है पूरे प्रकरण को मैनेज! :** लोहार टोला में जमीन कब्जे के मामले को रामगढ़ के एक वरिष्ठ पत्रकार मैनेज करने में जुटा है। बताया जा रहा है कि उक्त पत्रकार का सीधा संपर्क रांची में बैठे जमीन माफिया से है। पत्रकार ने जमीन माफिया से एक मोटी रकम लिया। जो मीडिया से लेकर कुछ अधिकारियों को मैनेज करने का ठेका लिया है। यह पत्रकार का तार क्षेत्रीय पार्टी के वरिष्ठ नेता से जुड़ा है। जिसके कारण अधिकारियों से सामंजस्य बनाने में कोई परेशानी नहीं हो रहा है। यह पत्रकार प्रतिदिन रामगढ़ आकर व्यवस्था को देख रहा है। रिपोर्टिंग जिला स्तर से करता है। लेकिन मैनेजिंग राजधानी तक करता है।

# जिंदल कंपनी पर अवैध जमीन खरीद का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** बलकुदरा गांव के रैयतों ने बासल थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी पैतृक भूमि की सुरक्षा की गुहार लगायी है। ग्रामीणों का आरोप है कि खाता संख्या 283, प्लॉट संख्या 1522, कुल रकबा 1 एकड़ 28 डिसमिल जमीन पर वे तीन पीढ़ियों से शांतिपूर्वक दखल-कब्जा कर जोत-आबाद कर रहे हैं। उक्त भूमि पर चारदीवारी, आवासीय मकान और दुकानें भी निर्मित हैं। ग्रामीणों के अनुसार आज तक इस जमीन पर किसी अन्य व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा न तो कब्जा किया गया और न ही कोई दावा प्रस्तुत किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके पास दादा-परदादा के नाम का हुकुमनामा, रसीदें और हाल में किए गए सर्वे का डिग्री पेपर मौजूद हैं। आरोप है कि वर्ष 2009 में जिंदल कंपनी द्वारा ग्रामीणों से अवैध व फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन खरीद दिखाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी ने जहां-जहां जमीन खरीदी है, वहां रैयत से खरीद कर वास्तविक कब्जा भी लिया है, लेकिन इस भूमि पर करीब 14 वर्षों से न तो कोई कब्जा लिया गया और न ही कोई दावा किया गया। मामले में नया मोड़ तब आया जब लगभग चार माह पूर्व बलकुदरा निवासी बृजमोहन मुंडा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने आवास का निर्माण करा रहे थे। इसी दौरान कंपनी के अधिकारियों द्वारा यह कहकर काम रोकने का दबाव बनाया गया कि यह जमीन कंपनी के नाम पर बिक चुकी है।

# बाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हंटरगंज।** चतरा उत्तरी वन प्रमंडल राहुल मीणा और वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर पलस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय औरु गेरुआ में बाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया उमेश चंद्र पांडे और संचालन बीइइओ किशोर कुमार ने किया। इस दौरान बताया गया कि स्कूल नर्सरी योजना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को लेकर जागरूक करना है। वन पर्यावरण तथा प्रदूषण और स्वच्छता को लेकर जागरूक होना बहुत जरूरी है। बढ़ते हुए प्रदूषण को रोकना हम सभी की अति अवाश्यक है। शुद्ध जलवायु नही मिलने से बहुत सारे विमारियों का दुष्प्रभाव मनुष्य पर अटैक कर रहा है। वन विभाग की ओर से प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वनरक्षी पवन कुमार व होमगार्ड के जवान मौजूद थे। इस मौके पर बीपीओ संदीप कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक जिक्षु कुमार शर्मा और मुखिया प्रतिनिधि प्रभु दयाल यादव मौजूद थें।

# तोपा में अवैध कोयला उत्खनन मुहाना ध्वस्त

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्रीय और तोपा परियोजना गश्ती दल ने बुधवार को अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान तोपा परियोजना के मंगरदाहा इमली पेड़ के समीप बने एक अवैध खनन स्थल को डोजरिंग कर ध्वस्त किया गया। सीसीएल सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध कोयला खनन के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। साथ ही, इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। अभियान में क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी रमेश राउत, तोपा सुरक्षा प्रभारी शंकर राम, हवलदार शिवशंकर, होम गार्ड जवान मनीष कुमार, टुनटुन कुमार समेत कई शामिल रहे।

# मणिपाल स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मणिपाल सीडलिंग प्ले स्कूल व मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल, भरेचनगर (सांडी) में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्ग प्ले से यूकेजी के छात्र-छात्राए सांता क्लोज और परी के आकर्षक वेशभूषा में शामिल रहे। वहीं, बच्चों ने शांता क्लोज व परी के ड्रेस में रोड शो भरेचनगर में किया। जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान राहगीरों ने रोड शो की सराहना कर अपने अपने मोबाइल में बच्चों के साथ सेल्फी फोटो ली। मौके पर विद्यालय निदेशक गया प्रसाद राय ने कहा कि मेरी क्रिसमस का संदेश ईसा मसीह के जन्म के अवसर पर खुशी और आशीर्वाद व्यक्त करने का प्रतीक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 25 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in




## महत्वपूर्ण खबरें

### डॉ अभिषेक ने बचायी दुर्लभ कैंसर पीड़ित बच्चे की जान



रांची (आजाद सिपाही)। पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ अभिषेक कुमार ने दुर्लभ कैंसर पीड़ित बच्चे की जान बचायी। बच्चा पेट में दर्द और गांठ की शिकायत लेकर डॉ अभिषेक के पास पहुंचा। उन्होंने एससीजी में बायोप्सी की जांच की। रांची में किए गए पीइटी स्कैन से बर्किट लिंफोमा का पता चला। बीमारी का स्टेज फोर था। डॉ अभिषेक कुमार की देखरेख में इलाज चला अब वह पूरी तरह से स्वस्थ है। बीमारी से मुक्त है। बर्किट लिंफोमा एक अपेक्षाकृत दुर्लभ कैंसर है। डॉ अभिषेक कुमार ने पिछले तीन सालों में इस तरह के बीमारी से ग्रस्त 7 मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। सभी मरीज बीमारी से मुक्त हैं और स्वस्थ हैं। ज्यादातर मामले स्टेज थ्री और फोर के होते हैं। डॉ अभिषेक ने बताया कि फिलहाल दो मामलों का इलाज चल रहा है। बर्किट लिंफोमा आमतौर पर गांठ के रूप में होता है और पेट में दर्द का कारण बनता है।

### मॉ जीरा देवी इंटर कॉलेज का वार्षिक उत्सव मना



रांची (आजाद सिपाही)। मॉं जीरा देवी इंटर कॉलेज, मनिका का वार्षिक उत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। मौके पर बारहवी के छात्रों का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। संबोधन में कहा कि शिक्षा जीवन के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। व्यापार से पहले व्यवहार और शिक्षा से पहले संस्कार जीवन का श्रेष्ट मंत्र है। इससे पूर्व डायरेक्टर बिनोद कुमार ने माता-पिता का चरण धोकर उनका आशीर्वाद लिया। झारखंडी परंपरा के अनुसार ढ़ोल नागाड़ो और नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। छात्रों ने रंगारंग नृत्य-गीत से सब का मन मोहा। दशरथ साहु, रणधीर कुमार, चंद्रदेव उराव, अर्चना कुमारी, सूरजदीप सिंह आदि ने इसमें खास तौर से हिस्सा लिया।

### युवा कांग्रेस की महासचिव बनीं प्रियंका



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। ऑनलाइन वोटिंग प्रक्रिया के बाद तीन महीने के लंबे इंतजार और गहन जांच के बाद चुनाव परिणाम आया, जिसमें प्रियंका माधुरी एक्का ने 3459 वोट पा कर महासचिव के पद पर निर्वाचित हुई हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त किया। कहा की यह जीत मेरी नहीं बल्की आप सभी की जीत है । सबके विश्वास और समर्थन से ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि वे संगठन को और मजबूत करने के साथ युवाओं की आवाज को मजबूती से उठायेंगी। पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगी।

### अनर्गल बयानबाजी कर रहे भाजपा नेता : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा को शुरू से ही आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों से चिढ़ रही है। हेमंत सरकार ने पेसा एक्ट को लेकर ऐतिहासिक कदम उठाया है, तो भाजपा नेता अपनी खिसियाहट मिटाने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा के शासन काल में पेसा कानून केवल फाइलों में धूल फांकता रहा। आज जब गठबंधन सरकार जल, जंगल और जमीन के अधिकारों को जमीन पर उतार रही है, तो भाजपा इसे छुपाने का मनगढ़ंत आरोप लगा रही है। कैबिनेट के फैसले एक प्रक्रिया के तहत सार्वजनिक होते हैं, भाजपा को इतनी बेचैनी क्यों है। उन्होंने भाजपा नेता के क्रिसमस गिफ्ट वाले तंज पर पलटवार करते हुए कहा कि सरकार इसे उपहार नहीं, बल्कि आदिवासियों का हक और सम्मान मानती है। भाजपा आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझती है, जबकि हेमंत सोरेन की सरकार ने उन्हें शासन में हिस्सेदार बनाया है।

### एआइएसइसीटी के छात्रों ने जीती राज्य स्तरीय ट्रॉफी



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में मंगलवार को कौशल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में झारखंड के 24 जिलों के सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन (जेपीसी) और जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीइओ) रांची थे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। शशि रंजन जेपीसी ने कहा कि एनएसक्यूएफ प्रोजेक्ट के माध्यम से सरकारी स्कूलों के बच्चों में व्यावसायिक कौशल का विकास करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस प्रतियोगिता में वीटीपी एआइएसइसीटी के संचालित पांच स्कूलों के विद्यार्थियों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद एआइएसइसीटी के चार छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तरीय पुरस्कार जीतकर संस्थान और अपने जिले का नाम रोशन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राज्य वोकेशनल कोऑर्डिनेटर टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर जेड्पीसी से अमित, इमरान, श्रेयांश तथा टीम के सदस्य धीरज कुमार उपाध्याय, परितोष पांडेय, बसंत, वीरेंद्र, निर्मल अविराज सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद थे।

### सपा ने राज्य सरकार का आभार जताया

रांची (आजाद सिपाही)। समाजवादी पार्टी की बुधवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए कई निर्णय लिये गये। वहीं हेमंत सरकार द्वारा कैबिनेट में पेसा कानून नियमावली के पारित होने पर राज्य सरकार का आभार जताया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी, रांची जिला अध्यक्ष राम प्रसाद गोप, कांके विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार कालिंदी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला प्रदेश प्रमुख महासचिव आरती देवी, अमानत अंसारी, मो एजाजुल असारी, विद्यासागर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## रांची विवि ने अर्थनिर्मिति के साथ किया एमओयू

# गांवों और कस्बों तक के विद्यार्थी सीखेंगे फंड मैनेजमेंट के गुर

छात्रों को मिलेगा निःशुल्क फाइनेंसियल लिटरेसी में प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। रांची विवि के कुलपति डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में काउंसिल ऑफ वोकेशनल स्टडीज (सीवीएस) और आइक्यूएसी की पहल पर रांची विवि और अर्थनिर्मिति (सुनील पटौदिया वेलफेयर फाउंडेशन की ब्रांड कंपनी) के बीच एमोयू किया गया। इसके तहत सभी छात्रों के लिये फाइनेंसियल लिटरेसी के लिए सर्टिफिकेट कोर्स उपलब्ध होगी। उन्हें विधाओं में ट्रेंड किया जायेगा। यह कोर्स भारत सरकार द्वारा स्वीकृत है। रांची विवि के छात्रों के लिए यह अनिवार्य कोर्स पूरी तरह से निःशुल्क होंगे। आइआइटी मद्रास और महाराष्ट्र के कॉलेजों में यह कोर्स पहले से ही सफलतापूर्वक संचालित है, जिससे वहां के छात्रों को इसका लाभ मिल रहा है। कंपनी छात्रों को फाइनेंसियल लिटरेसी में ट्रेंड करने के साथ ही फैकल्टी मेंबर्स को भी इसका प्रशिक्षण देगी। साथ ही रांची के सभी कॉलेजों के छात्र भी इससे लाभान्वित होंगे । विवि के सीवीएस और आइक्यूएसी की इस पहल से राज्य के छोटे शहरों, कस्बों और गांवों के छात्रों को फंड मैनेजमेंट के गुर सीखने के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही जनवरी 2026 में 40 बैंकों के द्वारा होने वाली कैंपस प्लेसमेंट को भी अर्थनिर्मिति उसमें सहयोग करेगी। इस कोर्स से लाभान्वित हो छात्रों विभिन्न कंपनियों में रोजगार प्राप्त करेंगे। आइक्यूएसी के सभागार में 24 दिसंबर को रांची विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार डॉ जीसी साहू और अर्थनिर्मिति की ओर से उनके प्रतिनिधि ने इस एमोयू पर हस्ताक्षर किये। डीन कॉमर्स डॉ अमर कुमार चौधरी, प्रॉक्टर डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, अर्थशास्त्र विभाग के हेड डॉ ज्योति प्रकाश, डिप्टी डायरेक्टर सीवीएस डॉ स्मृति सिंह, एफए डॉ अजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक संजय कुमार, डॉ दिलीप कुमार, पीजी साइंस आदि विभागों के विभागाध्यक्ष मौके पर खास तौर से उपस्थित थे।

## नये कोलाघाट रेलवे पुल से रेल परिचालन होगा अधिक सुगम



आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल के हावड़ा-खड़गपुर खंड में उपनगरीय सेक्शन की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से रुपनारायण नदी पर एक नये रेल पुल का निर्माण कर रहा है। यह अत्याधुनिक नया पुल, पुराने कोलाघाट पुल संख्या-57 का स्थान लेगा, जिस पर वर्तमान में मिडिल लाइन एवं डाउन मेन लाइन संचालित हो रही हैं। यह पुल देउलटि एवं कोलाघाट स्टेशनों के बीच स्थित है। पुराना कोलाघाट पुल वर्ष 1900 में चालू किया गया था और पिछले 125 वर्षों से दक्षिण पूर्व रेलवे की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में हावड़ा एवं कोलकाता क्षेत्र को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता रहा है। 804 मीटर लंबा यह प्रतिष्ठित स्टील गर्डर पुल अब अपनी निर्धारित तकनीकी (कोडल) आयु पूरी कर चुका है, अतः इसके प्रतिस्थापन की आवश्यकता है। 481.11 करोड़ की लागत से डाउन मेन एवं मिडिल लाइनों को सम्मिलित करते हुए नये पुल का निर्माण किया जायेगा। वायाडक्ट सहित यह पुल कंपोजिट एवं ओपन वेब गर्डर संरचना का संयोजन होगा। इस परियोजना के अंतर्गत कोलाघाट स्टेशन का विकास भी किया जायेगा, जिसमें परिवर्तित सरेखण (डाइवर्टेड एलाइन्मेंट) पर उन्नत (एलीवेटेड) प्लेटफार्मों का निर्माण शामिल है। यह नया पुल वर्ष 2027 के अंत तक चालू होने की संभावना है तथा आगामी कम से कम 100 वर्षों तक सेवा में रहेगा।

## इंप्रेशन पब्लिक स्कूल बुंडू में भव्य वार्षिक उत्सव, बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

आजाद सिपाही संवाददाता




बुंडू/ रांची। इंप्रेशन पब्लिक स्कूल, बुंडू में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को समर्पित एक प्रेरणादायक वार्षिक उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी और जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी रहे। समारोह की शुरुआत विद्यालय के निदेशक दीपक मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत के पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर अतिथियों ने शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अलख जगाने के लिए विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी कला और प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र का भविष्य विद्यालयों में ही गढ़ा जाता है, जहां बच्चों के चरित्र, सोच और संस्कारों का निर्माण होता है। उन्होंने विद्यालय द्वारा बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। विशेष रूप से योग, प्राणायाम और ध्यान को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे आत्मसंयम, एकाग्रता और सकारात्मक सोच विकसित होती है।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या पद्मा मिश्रा, निदेशक दीपक मिश्रा, भूतपूर्व सैनिक चंद्रधर मिश्रा, समाजसेवी फूलचंद पूरण, रसराज पुराण, सचिन भारती, शुभम गुप्ता सहित शिक्षक, अभिभावक एवं अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम : ममता देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़/रांची। केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), प्रादेशिक कार्यालय रांची द्वारा रामगढ़ कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह में स्थानीय विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रत्ना पांडेय विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम में सीबीसी एवं पीआईबी के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवाओं को जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय बनना होगा। ममता देवी ने युवाओं से अपील की कि वे पौधरोपण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और प्रकृति के संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रत्ना पांडेय ने केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, सामाजिक संवेदना और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों की भावना से जोड़ते हैं। इससे पहले सीबीसी के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह दूरदर्शन समाचार के समाचार संपादक गौरव पुष्कर ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह ने नयी श्रम संहिताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे श्रमिक वर्ग को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा मिलेगी।

## विश्वव्यापी तुलसी पूजन दिवस आज

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। श्री योग वेदांत सेवा समिति, रांची के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने बताया कि पूज्य संत श्री आसाराम जी बापू की प्रेरणा से हर वर्ष 25 दिसंबर को देश-विदेश में विश्वव्यापी तुलसी पूजन दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में रांची में भी विभिन्न स्थानों पर तुलसी पूजन एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे से पहाड़ी मंदिर के नीचे साधक-शिष्य भाई-बहनों द्वारा तुलसी के पौधों का वितरण एवं सत्य साहित्य का वितरण किया जाएगा। दोपहर 1:00 बजे से मेन रोड स्थित सत्संग भवन में प्रवीण भाई के नेतृत्व में तुलसी पूजन कार्यक्रम होगा। वहीं अपराह्न से रातु रोड स्थित सत्संग भवन में गोविंद भाई के नेतृत्व में तुलसी पूजन किया जायेगा। धर्मेंद्र तिवारी ने तुलसी के धार्मिक, आयुर्वेदिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पद्म पुराण के अनुसार तुलसी के दर्शन मात्र से पापों का नाश होता है, स्पर्श से शरीर पवित्र होता है और प्रणाम करने से रोगों की निवृत्ति होती है। तुलसी को जल अर्पित करने से यमराज का भय समाप्त होता है। उन्होंने धार्मिक मान्यता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान शंकर के अनुसार तुलसी की जड़ में ब्रह्मा, मध्य भाग में भगवान जनार्दन और मंजरी में भगवान रुद्र का वास होता है, इसी कारण तुलसी को अत्यंत पावन माना गया है।

## कैबिनेट ने दिल्ली मेट्रो फेज 5 (ए) के तहत तीन नये कॉरिडोर को मंजूरी दी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली मेट्रो के फेज 5 (ए) परियोजना के अंतर्गत तीन नये मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी दी है। इन कॉरिडोरों की कुल लंबाई 16.076 किमी है और परियोजना की कुल लागत 12,014.91 करोड़ होगी। यह लागत भारत सरकार, दिल्ली सरकार और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियां द्वारा वहन की जायेगी। स्वीकृत तीन कॉरिडोर : आरके आश्रम मार्ग - इंद्रप्रस्थ : 9.913 किमी, एरोसिटी - आइजीडी एयरपोर्ट टर्मिनल-1 : 2.263 किमी, तुगलकाबाद - कालिंदी कुंज : 3.9 किमी। सेंट्रल विस्टा क्षेत्र को मेट्रो कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे लगभग 60,000 कर्मचारी और 2 लाख आगंतुक प्रतिदिन लाभान्वित होंगे। सड़क यातायात में कमी, ईंधन की बचत और प्रदूषण में गिरावट। दिल्ली मेट्रो आज न केवल देश का सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है, बल्कि विश्व के प्रमुख मेट्रो सिस्टम्स में भी शामिल है और समयबद्धता, विश्वसनीयता व सुरक्षा में उत्कृष्ट मानक स्थापित कर चुका है।

## पेसा नियमावली लागू होना आदिवासी स्वशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का ऐतिहासिक क्षण : निशा उरांव

आजाद सिपाही संवाददता



रांची। झारखंड राज्य गठन के 25 वर्षों बाद पेसा नियमावली का लागू होना आदिवासी समाज के लिए ऐतिहासिक और निर्णायक उपलब्धि है। यह नियमावली न केवल संविधान प्रदत्त अधिकारों को धरातल पर उतारने का माध्यम बनेगी, बल्कि आदिवासी समाज की परंपरा, संस्कृति, सामाजिक व्यवस्था और धार्मिक मान्यताओं के संरक्षण को भी मजबूत आधार प्रदान करेगी। उक्त बातें आईआरएस अधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता निशा उरांव ने कही। उन्होंने कहा कि अब तक केवल कागजों तक सीमित पेसा कानून को गांवों में वास्तविक रूप से लागू करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। निशा उरांव ने बताया कि झारखंड में पेसा कानून लंबे समय तक विवादों और न्यायालयी प्रक्रियाओं में उलझा रहा। वर्ष 2018 में सर्वोच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय के बाद नियमावली के प्रारूप पर कार्य शुरू हुआ, जो अनेक बाधाओं को पार करते हुए आज साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि पेसा नियमावली से पारंपरिक ग्राम स्वशासन की पुनः स्थापना होगी और प्राकृतिक संसाधनों का सामुदायिक प्रबंधन संभव होगा। इससे स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और रोजगार के लिए होने वाला पलायन कम होगा। उन्होंने पेसा कानून की धारा 4(क) और 4(घ) का उल्लेख करते हुए कहा कि इनमें आदिवासी सामाजिक-धार्मिक परंपराओं और रुढ़िजन्य विधि के संरक्षण का स्पष्ट प्रावधान है। नियमावली के लागू होने की खुशी में पूर्व मंत्री व लोहरदगा विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव के बरियातू स्थित आवास पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

## क्रिसमस की धूमः चर्चों में हुई विशेष प्रार्थना

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। क्रिसमस पर्व को लेकर चर्चों में विशेष विनती शुरू हो गयी है। सीएनआइ चर्च में कैरोल सर्विस से सबसे पहले विनती की गयी। बुधवार को चर्च में खिस्त जन्मोत्सव मनाया गया। चर्च परिसरों को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया। क्रिसमस ट्री लगाये गये। इस वर्ष झारखंड पर्यटन विभाग ने भी सहयोग किया। क्रिसमस को विंटर फेस्टिवल का रूप दिया गया है। शहर के सेंट मैरी चर्च, सेंट पॉल चर्च और क्राइस्ट चर्च में क्रिसमस थीम पर डेकोरेटेड कटआउट और सेल्फी प्वाइंट बनाये गये हैं। जहां लोग सेल्फी प्वाइंट पर अपनी तस्वीरें ले रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एनएच 114 रोड से तेलरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



जरमुंडी। झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एनएच 114 रोड से तेलरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, और विधायक देवेंद्र कुंवर का नाम से शिलापट लगाया गया। इस योजना के तहत, एनएच 114 रोड से तेलरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जायेगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और उनके जीवन में सुधार होगा। इस अवसर पर कार्यपालक अभियन्ता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर देवेंद्र कुंवर ने कहा कि यह योजना क्षेत्र के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इससे लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के सभी क्षेत्रों में सड़क सुविधा प्रदान की जाए, जिससे लोगों को आसानी से आवागमन किया जा सके। इस योजना के तहत, एनएच 114 रोड से तेलरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से किया जायेगा।

## आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू के अंचल अधिकारी हंस कुमार हैंब्रोम ने मंगलवार को झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन करने वाले दर्जनों आंदोलनकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रमाण पत्र से सम्मानित होने वाले में जिला परिषद के पूर्व सदस्य विनय सिंह मुंडा उर्फ बंटी मुंडा, दिलीप साहू, पूर्व प्रिंसिपल डॉ जयराम महतो, जेक सदस्य डॉ राधा रमन साहू, राजेंद्र प्रसाद के अलावा दर्जनों लोग शामिल हुए।

## नवल किशोर सिंह पर जानलेवा हमला

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड थाना क्षेत्र के तमाड़ प्रतापपुर सड़क पर अपनी खरीदी जमीन पर काम करवा रहे दीपक सिंह 52 वर्ष पिता नवल किशोर सिंह पर बुधवार को जानलेवा हमला किया गया। इस हमले में उनके माथे और शरीर पर गहरे जख्म के निशान हैं। मिली जानकारी के अनुसार वे अपनी जमीन पर काम करवा रहे थे, इसी बीच कुछ लोग आये और उनपर जानलेवा हमला कर दिया। उनके सर फट गया था, जिससे उनके सर से खून बह रहा था। इसी बीच राहगीरों ने उनको उठाकर अचेतावस्था में तमाड़ राजकीय अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## राहे में नेत्र जांच शिविर का आयोजन



राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मानिकचंद महतो इंटर कॉलेज बारुडीह-पारमडीह में लायंस क्लब रांची ईस्ट, नियामय अस्पताल रांची, रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची, के सौजन्य से बुधवार को निःशुल्क नेत्र जांच सह मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किये गया। शिविर का उद्घाटन कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो समाजसेवी नीता मेहता के द्वारा किया गया। शिविर में 45 लोगों ने नेत्र जांच कराया। जिसमें 18 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये। सभी मोतियाबिंद लक्षण वाले लोगों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। डॉ सदानंद महतो, डॉक्टर रुचि कुमारी, स्मृति कुमारी, सचिन कुमार आदि की टीम ने लोगों का जांच किया। मौके सिदाम महतो, दिलेश्वर कोईरी, मनोज मंडल, सजल मंडल, संजीव महतो, खुदी मुंडा, गौरी मांझी, विशंभर महतो, रविंद्रनाथ महतो, धनंजय सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## महिलाओं के हिंसा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

सोनाहातु (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के थाना परिसर में नयी चेतना 4.0 अभियान के तहत प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुनील कुमार राणा के नेतृत्व में थाना परिसर में जेंडर शपथ तथा रैली का आयोजन किया गया।थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, जेएसएलपीएस के हीरालाल महतो, ललित कुमार, लखिंद्र मुंडा, लतिका देवी, बीएपी, पीआरपी तथा सभी पंचायत के जेंडर सीआरपी ने मिलकर जेंडर शपथ ली। महिलाओं के हिंसा के विरोध जागरूकता रैली कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय की महिलाओं की सुरक्षा सम्मान, सामान्य, सुरक्षित आवागमन और हिंसा मुक्त समाज का संदेश देना था। समाज में इस प्रकार से कुरीतियों को तथा अंधविश्वास एवं बाल विवाह को रोकने में हमेशा एक दूसरे का सहयोग करेंगे।

## विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन



बुंडू (आजाद सिपाही)। एमबी पब्लिक स्कूल बुंडू में बुधवार को विज्ञान और कला प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर पूर्व विधान पार्षद अमानत अली ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा वर्तमान युग में नई तकनीकी और विज्ञान की अति आवश्यकता है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान संबंधित नई तकनीकी से खेती मशीन, प्रदूषण रोकने, सौर ऊर्जा बल्ब, मोटरबाइक और दुर्घटना से बचाव के नियम, वाटर सप्लाई की नयी तकनीकी, सिग्नल से गाड़ियों को रोक के अलावा कई तरह के आकर्षण प्रदर्शन किया गया। मौके पर प्रिंसिपल अब्बास अली, वाइस प्रिंसिपल जाहिदा कौसर बेगम, दीपक कुमार, जयपाल महतो, जमील अंसारी, बेनजीर, दिनेश, सुब्रत, विपिन, अभिषेक, सोबिता, बीना, फरहा, रिंकी, ज्योति, बबिता, बिति, पूजा, दीप्ति के अलावा विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## पीपल चौक के पास शौचालय का उद्घाटन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत के पीपल चौक के पास सामुदायिक भवन के बगल में सीएसआर योजना के तहत शौचालय का उद्घाटन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष एवं महिला फुटबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं बचरा उतरी की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने नारियल फोड़कर एंव फीता काटकर शौचालय का उद्घाटन किया। मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि इसके आसपास शौचालय नहीं होने से लोगों को काफी कठिनाई होती थी। इस मौके पर तरसेम सिंह, संतोष सिंह, आलोक कुमार, पिंकी सिंह, विजय महतो, रानी कौर, सुफिया नाज, विनिता देवी, सतविंदर कौर सहित कई लोग उपस्थित थे।

बुधवार को ठंड के कहर को देखते हुए कुरचुडीह गांव में ग्राम प्रधान और वार्ड सदस्य ने वृद्ध, दिव्यांग और विधवा महिलाओं के बीच ठंड से राहत हेतु कुल 170 कंबल का वितरण किया गया।



## खूंटी जिले में कंबल और वस्त्र वितरण योजना का शुभारंभ

# जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी है यह योजना : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत संचालित कंबल एवं वस्त्र वितरण योजना के तहत खूंटी जिले के सभी प्रखंडों में कंबल वितरण का शुभारंभ किया गया। मुरहू प्रखंड के हसा पंचायत अंतर्गत माहिल गांव में आयोजित कार्यक्रम में खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा ने जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल वितरित किये। मौके पर सांसद ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिलेगी।

वहीं तोरपा प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदीप गुड़िया ने लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया। विधायक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

इसी क्रम में खूंटी प्रखंड के तिरला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त आर रॉनिटा एवं उप विकास आयुक्त आलोक कुमार ने लाभुकों को कंबल प्रदान किये। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

कंबल वितरण कार्यक्रम के पश्चात उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, कुदाडीह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र बंद पाये जाने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जतायी तथा संबंधित सेविका, सहायिका से स्पष्टीकरण लेते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया।

# अमित खलखो बने रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष

**विकास दास विधानसभा अध्यक्ष और रोहिणी सेठ बने तमाड़ प्रखंड युवा कांग्रेस के अध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता

तमाड़। तमाड़ विधानसभा युवा कांग्रेस चुनाव का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। जिसमें अमित खलखो रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने शानदार जीत दर्ज करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को लगभग 2000 वोटों से मात दी। साथ ही विकास दास तमाड़ विधानसभा युवा अध्यक्ष रोहिणी सेठ तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। तीनों ने जबरदस्त जीत हासिल की है। विकास दास ने सांसद प्रतिनिधि अड़की को करीब डेढ़ हजार वोट से हराया और रोहिणी सेठ ने रोशन कामती को लगभग 1000 वोट से पराजीत किया। वहीं बुंडू प्रखंड अध्यक्ष और अड़की प्रखंड अध्यक्ष भी अमित खलखो की टीम के ही बने हैं। अमित खलखो ने कहा कि ये जीत युवा कांग्रेस के साथियों की जीत है। सभी के मेहनत का फल है। तमाड़ विधानसभा के कांग्रेसियों ने सभी को जीत की बधाई दी है।

## अमिर हुसैन बने यूथ कांग्रेस के खूंटी जिलाध्यक्ष, सैरोन सुरीन उपाध्यक्ष



खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड यूथ कांग्रेस के चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद खूंटी जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष पद पर अमिर हुसैन और उपाध्यक्ष पद पर सैरोन सुरीन की जीत पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि मिश्रा ने अमिर हुसैन और सैरोन सुरीन को जीत की बधाई देते हुए कहा कि अब उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गयी है। इस अवसर पर जीत की बधाई देने वालों में सांसद कालीचरण मुंडा, प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव नाईमुद्दीन खां, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जुनैद खान, पॉल भेंगरा, गुलाम गौस सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की मनायी गयी जयंती

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती विद्यालय में धूमधाम के साथ मनीाय गयी। प्राचार्य डॉ अभिलाषा कुमारी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल प्रशासक, साहित्यिक कवि, निडर और निर्भीक और व्यवहारिक राजनेता थे। जिनका सकारात्मक प्रभाव समाज पर पड़ा। कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए अटल बिहारी वाजपेई शीर्षक पर हिंदी में भाषण प्रतियोगिता, में कक्षा तीन के छात्र आर्यन रवि को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर रूद्र प्रताप कक्षा, वहीं तृतीय स्थान पर कक्षा पांच के छात्र विराज कुमार को प्राप्त हुआ। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का शीर्षक रहा 2025 में भारत की उपलब्धियां, जिसमें कक्षा छः से आठ तक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें कक्षा अष्टम के छात्र सिद्धार्थ कुमार को प्रथम स्थान, हर्ष राज को द्वितीय स्थान, वहीं वैदेही रंजन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## ईचागढ़ में राजनीतिक रंजिश में मारे गये शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

ईचागढ़। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो मंगलवार को कुकड़ू प्रखंड के ईचाडीह गांव पहुंचे। यहां उन्होंने 23 दिसंबर 2009 को विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन सरायकेला से कुकड़ू लौटने के दौरान राजनीतिक रंजिश में मारे गये ईचाडीह गांव के कालीपदो कुमार, डॉ धनंजय कुमार, चित्तरंजन कुमार तथा बांदावीर निवासी रामप्रसाद महतो के परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर चारों दिवंगतों की 16वीं पुण्यतिथि पर उनकी बेदी पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए हरेलाल महतो ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों की भिन्नता स्वाभाविक है, लेकिन मतभेद के कारण मनभेद और हिंसा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक राजनीति में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने ईचागढ़वासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी नेता या राजनीतिक दल के मतभेद के कारण आपसी सौहार्द बिगाड़ना उचित नहीं है। कार्यक्रम में ईचाडीह के ग्राम प्रधान रघुबर कुमार, आजसू पार्टी के कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, डॉ मनोज कुमार, वार्ड सदस्य सानू कुमार, बबलू महतो, सुनील महतो, मनोज, विष्णु, शरत समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेता की हत्या पर सांसद ने व्यक्त की शोक-संवेदना, परिजनों से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। कर्रा प्रखंड के गुयू गांव में आदिवासी कांग्रेस के प्रखंड महासचिव सुमित तिग्गा की हत्या पर खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने गहरी संवेदना व्यक्त की। बुधवार को सांसद गुयू गांव पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और दुख की इस घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सांसद ने परिजनों से बातचीत के दौरान कहा कि सुमित तिग्गा केवल एक राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि कांग्रेस के समर्पित सिपाही थे। उनकी हत्या पार्टी और समाज दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है। मुलाकात के बाद सांसद ने खूंटी के एसपी मनीष टोप्पो से भी बातचीत की और हत्या की घटना में शामिल सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए और मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच होनी चाहिए।

सांसद ने यह भी आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता, मुआवजा और अन्य आवश्यक सुविधाएं दिलाने के लिए वे हर स्तर पर प्रयास करेंगे। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और क्षेत्र से भय का माहौल समाप्त करने की मांग की। इस अवसर पर समाजसेवी महादेव मुंडा, वरिष्ठ कांग्रेसी नईमुद्दीन खान, सांसद प्रतिनिधि कर्रा प्रखंड विक्रम नाग, प्रखंड अध्यक्ष अल्बर्ट तिग्गा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में घटना की निंदा करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की और मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## तमाड़ में सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची-टाटा रोड पर गागरसतिया रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट बुधवार शाम को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी और दो गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार थे, जो पेट्रोल पंप से तेल लेकर बाउतीया बारेन्या गांव जा रहे थे, इसी बीच रांची से टाटा की ओर जा रहे एक अज्ञात ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया, जिससे घटनास्थल पर ही धनाई मुंडा की मृत्यु हो गयी, और गंभीर रूप से घायल सुखराम मुंडा व उमेन पातर को तमाड़ पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में रिम्स भेजा दिया गया।

## आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की भजन संध्या आज नगर भवन में

खूंटी (आजाद सिपाही)। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, खूंटी के तत्वावधान में 25 दिसंबर गुरुवार को नगर भवन, खूंटी में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संध्या 4.30 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस विशेष भजन संध्या में बेंगलुरु से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायिका दीप्ति थापा अपनी पूरी टीम के साथ शिरकत करेंगी। कार्यक्रम को लेकर नगर भवन में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

## पेशा कानून लागू होने पर आरवीएम ने हर्ष जताया



खलारी (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने पेशा कानून लागू किये जाने को ऐतिहासिक कदम बताते हुए इस पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पेशा कानून को मंजूरी देने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड राज्य बने 25 वर्ष बीत गये और बहुत सारे आदिवासी नेता मुख्यमंत्री रहे, लेकिन पेशा कानून को किसी ने धरातल पर नहीं उतारा, हेमन्त सरकार ही राज्य को एक बेहतर मॉडल के रूप में स्थापित कर सकती हैं। पेशा कानून लागू होने से जनजातीय समुदाय को हक और अधिकार मिलेगा, साथ ही रूढ़िगत व्यवस्था पूर्ण रूप से स्थापित हो सकेगा। उन्होंने झारखंड सरकार का आभार जताया है।

## झारखंड में पेसा कानून पारित होने पर सामाजिक संगठनों ने झारखंड सरकार के प्रति जताया आभार



घाटशिला चौपड़ (आजाद सिपाही)। पेसा दिवस के अवसर पर कोल्हान क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने चांडिल प्रखंड अंतर्गत पालना डैम के समीप एकत्र होकर पेसा कानून को लेकर गहन चिंतन-मंथन किया। इस दौरान झारखंड में पेसा नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी मिलने पर जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया और इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शक्तिपद हांसदा ने कहा कि पेसा (पंचायत विस्तार अनुसूचित क्षेत्र अधिनियम) केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि यह ग्राम सभा को वास्तविक अधिकार, गरिमा और स्वशासन की संवैधानिक शक्ति प्रदान करने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। मौके पर दलमा टाइगर सुकलाल पहाड़िया, श्रावण सिंह मुड़ा, निरंजन सिंह मुंडा, उस्ताद देवनाथ सिंह मुंडा, बुद्धेश्वर सिंह मुंडा, रसराज सिंह मुंडा, शक्तिपद हांसदा, राधेश्याम भूमिज, डॉ सत्यनारायण मुर्मू, सोनु मुर्मू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरडी) दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची, पिन कोड-834003 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-25-26-11; कार्य का नाम:** 2 वर्षों की अवधि के लिए रांची मंडल पर टावर वैगनों के कमिंस मेक इंजनों का वार्षिक रखरखाव अनुबंध ('बी', 'सी' और 'डी' चेक); **निविदा मूल्य:** ₹ 1,47,59,274.31; **बयाना राशि मूल्य:** ₹ 2,23,800.00; **निविदा समाप्ति तिथि और समय:** 13.01.2026 को 15.00 बजे; निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-992)


## आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर, मुरी में वार्षिक खेलकूद का समापन



मुरी (आजाद सिपाही)। आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर, मुरी में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी सुशील महतो, सिल्ली प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक एवं बांसारूली पंचायत मुखिया लालू उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।विद्यालय के प्राचार्य तुलसी दास महतो ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में छोटे बच्चों के लिए जलेबी दौड़, बिस्कुट दौड़, मेंढक दौड़ सहित विभिन्न खेल, जबकि सीनियर वर्ग के लिए कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्सी खींच, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। वॉलीबॉल में कक्षा 10वीं के छात्र एवं कबड्डी में कक्षा 9वीं की छात्राएं चैंपियन बनीं। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य धर्मेंद्र पांडे ने किया।


**शपथ पत्र**

मैं जितेन्द्र यादव, पिता रामप्रीत यादव, निवासी ग्राम- टरिया, पोस्ट एवं थाना - तरहसी, जिला- पलामू, राज्य - झारखण्ड का स्थायी मूल निवासी हूँ, शपथ पूर्वक इकरार करता हूँ, कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का स्थायी मूल निवासी हूँ।
2. यह कि मैं अनन्या कुमारी का पिता हूँ।
3. यह कि मेरी पुत्री का नाम अनन्या कुमारी एवं अंजना कुमारी है, जो कि ये मेरी पुत्री उपरोक्त दोनों ही नामों से जानी जाती है, एवं गांव-घर में भी प्रसिद्ध है। इस तरह उपरोक्त दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति का है, जो कि मेरी ही पुत्री का नाम है।
4. यह कि मेरी उपरोक्त पुत्री के नाम से एक जन्मतिथि प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया है, एवं विद्यालय द्वारा एक परिचय-पत्र निर्गत किया है, जिसमें इन दोनों प्रमाण-पत्रों में मेरी पुत्री का नाम अनन्या कुमारी दर्ज/अंकित है, जो कि बिल्कुल सही एवं सत्य है।
5. यह कि मेरी उपरोक्त पुत्री के नाम से एक आधार कार्ड संख्या- 9559 8209 5010 निर्गत किया गया है, जिसमें मेरी पुत्री का नाम अंजना कुमारी दर्ज/अंकित है। जो बिल्कुल ही गलत है। जबकि मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम अनन्या कुमारी है, और यही नाम मेरी उक्त पुत्री के आधार कार्ड में दर्ज/अंकित होना चाहिए था।
6. यह कि यह शपथ-पत्र मैं अपनी उपरोक्त पुत्री के निर्गत आधार कार्ड में दर्ज नाम- अंजना कुमारी के जगह/स्थान पर सुधार कर अनन्या कुमारी दर्ज/अंकित करवाने तथा आधार कार्ड की द्वितीय प्रति निर्गत करवाने हेतु संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से कर रहा हूँ।
7. यह कि इस शपथ-पत्र में लिखी गई उपरोक्त सभी बातें मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार बिल्कुल सही एवं सत्य हैं।

*शपथ पत्र सं. 5092, दिनांक- 18.12.2025*


# सरना एकेडमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



पिपरवार। कुसुमटोला पुरनाडीह स्थित सरना एकेडमी में आयोजित 11वें दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का सफल समापन हुआ।

खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न आयु वर्गों में कई रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नर्सरी सेक्शन में 50 मीटर दौड़, डक रेस, बैलून रेस एवं बॉल इन द बास्केट रेस कराई गयी। सब-जूनियर वर्ग में टनल रेस, सैक रेस, स्लो साइकिल रेस, रिले रेस एवं 100 मीटर रिले आयोजित की गईं। सीनियर सेक्शन में 100 मीटर रिले, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, स्लो साइकिल रेस, सैक रेस, रिले रेस एवं टग ऑफ वार जैसी प्रतियोगितायें संपन्न हुईं। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नर्सरी वर्ग में बेस्ट एथलीट गर्ल का खिताब रितिका कुमारी (ब्लू हाउस) तथा बेस्ट एथलीट बॉय का खिताब अंकुश कुमार (ब्लू हाउस) को दिया गया। सब-जूनियर वर्ग में बेस्ट एथलीट गर्ल आयुषी कुमारी (ग्रीन हाउस) एवं बेस्ट एथलीट बॉय प्रिंस प्रिये भगता घोषित किये गये। जूनियर वर्ग में बेस्ट एथलीट गर्ल संगीता कुमारी (ब्लू हाउस) तथा बेस्ट एथलीट बॉय विशाल गंझू (ग्रीन हाउस) रहे। सीनियर सेक्शन में बेस्ट एथलीट गर्ल रीना कुमारी (ब्लू हाउस) एवं बेस्ट एथलीट बॉय रोहित कुमार (ग्रीन हाउस) को घोषित किया गया। समग्र प्रदर्शन के आधार पर ब्लू हाउस ने 53 स्वर्ण, 25 रजत एवं 21 कांस्य पदक प्राप्त कर उपविजेता का स्थान हासिल किया, वहीं ग्रीन हाउस ने 61 स्वर्ण, 35 रजत एवं 25 कांस्य पदकों के साथ विजेता का खिताब अपने नाम किया।

विजेता एवं उपविजेता टीमों को विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह एवं उप-प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में रतन कुमार सिंह, रोहित कुमार साहू, बलबीर यादव, आजाद सर, सुरेन्द्र चौहान, खुशी झा, रोस्टी मिंज, अनुशिका कुमारी, सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## गूंज परिवार ने कंबल का किया वितरण



सोनाहातु (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रांगाडीह मोड़ के मैदान में बुधवार को गूंज परिवार के तत्वावधान में आयोजित सेवा-सम्मान के तहत कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश कुमार महतो उपस्थित हुए जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर जयपाल सिंह, सुनील सिंह, सुकरा मुंडा, संजय महतो, सुशील महतो, विकास महतो, श्याम महतो, सुषेण प्रमाणिक, रमेश सिंह मुंडा, रूपकुमार आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।**
कमरा नं० 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची– 834001
ई-मेल – eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com फोन नं० – 0651–3512781

पत्रांक................../ राँची, दिनांक ......../......../2025

**शुद्धि–पत्र**

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची का पत्रांक–910 दिनांक–16.12.2025 द्वारा e-Tender Reference No. WRD/ MID/ 03/BD/(SLI) 2025-26, PR 368840 Minor Irrigation (25-26)#D दिनांक 18.12.2025 को प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरण | पूर्व में अंकित निविदा का तिथि एवं समय | संशोधित निविदा का तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender on website | Date: 24.12.2025 up to 2.00 pm | 30.12.2025 up to 2.00 pm |
| 2 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: 30.12.2025 up to 2:00 pm | 05.01.2026 up to 2:00 pm |
| 3 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:- 24.12.2025 up to 2:00 pm<br>Last Date:- 30.12.2025 Time:- 2:00 pm | Start Date:- 30.12.2025 up to 2:00 pm<br>Last Date:- 05.01.2026 Time:- 2:00 PM |
| 4 | Technical Bid Opening Date | Date: 31.12.2025 at 5:00 pm | 06.01.2026 at 5:00 pm |

निविदा की शेष सभी शर्तें पूर्वतः बनी रहेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची।

PR.NO.369378 Minor Irrigation(25-26):D

# बांग्लादेश संकट पर चुप न बैठे भारत

बांग्लादेश से आ रही खबरें दिल दहला देने वाली हैं। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद सत्ता की बागडोर संभालने वाले मुहम्मद यूनुस बुरी तरह नाकाम हुए हैं। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। मंदिरों पर पथराव, घरों में आगजनी, महिलाओं पर अत्याचार - ये घटनाएं अब रोजमर्रा की हकीकत बन चुकी हैं। ऐसे में सवाल है कि भारत को क्या करना चाहिए।

**ऐतिहासिक जड़ें :** यह संकट नया नहीं है। 1947 के बंटवारे के समय बंगाल के पूर्वी हिस्से में हिंदू अल्पसंख्यक सुरक्षित थे, लेकिन पाकिस्तान बनने के बाद उत्पीड़न शुरू हो गया। 1971 के युद्ध में भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलायी। इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता ने करोड़ों हिंदुओं को बचाया। लेकिन, आजादी के बाद की सरकारों ने हिंदुओं को अधिकारों से वंचित रखा। वक्फ कानून के तहत उनकी जमीनें हड़पी गयी।

**अल्पसंख्यकों का दर्द :** आंकड़े बताते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू आबादी कभी 22% थी, जो आज घटकर महज 8% रह गयी है। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद भी इस समुदाय पर अत्याचार जारी रहा। शेख हसीना ने कुछ सुरक्षा दी, लेकिन उनके खिलाफ भड़के आक्रोश ने अल्पसंख्यकों को और असुरक्षित कर दिया है। आज वहां कट्टरपंथी ताकतें हावी हैं। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन एकता परिषद के अनुसार, अगस्त 2024 से नवंबर 2025 तक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,010 से अधिक घटनाएं दर्ज की गयी।

**1971 के युद्ध में भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलायी। इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता ने करोड़ों हिंदुओं को बचाया। लेकिन, आजादी के बाद की सरकारों ने हिंदुओं को अधिकारों से वंचित रखा।**

**कट्टरता हावी :** आइएसआइएस से प्रेरित कट्टरपंथी समूह जैसे हिज्ब-उत-तहरीर और जमात-ए-इस्लामी खुले तौर पर सक्रिय हैं। यूनुस सरकार ने कुछ बयान जारी किए, लेकिन कार्रवाई नगण्य है। नोबेल विजेता यूनुस खुद विवादों में हैं। उनके ग्रामीण बैंक पर हिंदू संपत्ति हड़पने के आरोप लगे हैं। ऐसे में हिंदू समुदाय पलायन कर रहा है। पिछले हफ्ते हिंदू युवक दीपू चंद्रा दास की निर्मम हत्या बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंसा की भयावह तस्वीर पेश करती है।

**भारत की आवाज :** बांग्लादेश के हालात को लेकर पूरी दुनिया चिंता जता रही है। भारत में भी चिंताएं हैं और वजह वाजिब है। हमारी सीमाएं लगती हैं। उधर की अस्थिरता इधर असर डालती है। ढाका में जिस तरह से भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए, भारत के खिलाफ जिस तरह की बयानबाजी की जा रही है - उससे जाहिर होता है कि बांग्लादेश में हालात हाथ से निकल चुके हैं। यूनुस सरकार का कट्टरपंथियों पर कोई नियंत्रण नहीं है।

**संयमित प्रतिक्रिया :** भारत ने अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर गहरी चिंता जतायी है। विदेश मंत्रालय ने दीपू के हत्यारों को सजा दिलाने की मांग की है। वैसे कुल मिलाकर सरकार की प्रतिक्रिया बेहद संतुलित और संयमित है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**अटल जी की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन कू भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका रही इस दौरान में जेल भी गये। अटल जी कहते थे संघ मेरी आत्मा और जीवन प्राण है। वह 1939 में संघ से जुड़े थे 1951 में भारतीय जनसंख्या की स्थापना कल से ही संस्थापक सदस्य के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा शुरू हुई। 1957 में बलरामपुर से पहली बार लोकसभा चुनाव जीत कर सांसद बने थे।**

# यह परंपरा का प्रवाह है कभी न खंडित होगा, पुत्रों के बल पर ही मां का मस्तक मंदिर होगा



सांवरमल अग्रवाल



अटल जी सदैव स्मरणीय, स्वच्छ छवियां एक जनप्रिय नेता, भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, कुशल संपादक अटल जी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को जीने वाले अटल जी,शासन प्रशासन और विदेश नीति के पद प्रदर्शन अटल, परमाणु विस्फोट कर विश्व को चौंकाने वाले अटल जी, विदेश मंत्री, वक्त अटल जी, प्रधानमंत्री अटल जी राजनीतिक आचरण और सामंजस की एक मिसाल वाले अटल जी को देश ने जाना पहचाना और भरपूर प्यार दिया। गांव गरीब किसान कृषि बराबर से अटल जी की प्राथमिकता में रहे। वह प्रारंभ से ही चाहते थे कि देश के विकास की योजनाएं बने। वह भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनुरूप होनी चाहिए। अटल जी की जल प्रबंधन नीति हमारे लिए गंगा की निर्मलता और अभिरलता की प्रेरणा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक श्री मोहन भागवत जी मत है कि कोटि-कोटि भारतीयों को प्रेरित और दीक्षित करने वाले अटल जी आज नहीं है ऐसे महान राष्ट्रभक्त और राष्ट्रत्व को के प्रति प्रेम रोम रोम में समर्पित अटल जी को राष्ट्र निर्माण के उनके अखंड यज्ञ को जानना समझना इस राष्ट्र के लिए और भी महत्वपूर्ण और आवश्यक हो गया है यह राष्ट्रीय थाती का विषय है।

**अटल जी की जल प्रबंधन नीति हमारे लिए गंगा की निर्मलता और अभिरलता की प्रेरणा रही है।**

अटल जी का जन्म 25 दिसंबर 2024 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में मध्य मध्य परिवार में हुआ था उनके पिताजी का नाम कृष्ण बिहारी वाजपेई था। अटल जी की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन कू भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका रही इस दौरान में जेल भी गये। अटल जी कहते थे संघ मेरी आत्मा और जीवन प्राण है। वह 1939 में संघ से जुड़े थे 1951 में भारतीय जनसंख्या की स्थापना कल से ही संस्थापक सदस्य के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा शुरू हुई। 1957 में बलरामपुर से पहली बार लोकसभा चुनाव जीत कर सांसद बने थे। अपने अद्भुत संगठनात्मक कौशल और नेतृत्व क्षमता के कारण अटल जी जनसंघ प्रमुख प्राण तत्व होते गये। 1948 में अटल जी राष्ट्रवादी साप्ताहिक पत्र पांजन्य के संस्थापक संपादक बने फरवरी 1968 में दीनदयाल जी की दुखद मृत्यु के बाद उन्हें पार्टी के अध्यक्ष पद का उत्तर दाईत्व संभालना पड़ा। 1975 में आपातकाल की घोषणा के बाद उन्हें गिरफ्तार कर इंदिरा गांधी की सरकार ने जेल में डाल दिया। आपातकाल के बाद जनसंघ को समाप्त कर जनता पार्टी में विलीन कर दिया गया। दोहरी सदस्यता के कारण अटल जी सहित सभी जनसंघ के लोगों ने जनता पार्टी से अलग होकर 1980 में भारतीय जन पार्टी का गठन किया। मुंबई अधिवेशन में अटल जी को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। 1996 में अटल जी अपने पारंपरिक क्षेत्र लखनऊ के साथ-साथ गुजरात के गांधीनगर से भी चुनाव लड़े और दोनों क्षेत्रों से विजय हुए बाद में गांधीनगर सीट से अटल जी ने त्यागपत्र दे दिया। 1995 में मुंबई अधिवेशन में अध्यक्ष के नाते लालकृष्ण आडवाणी ने होने वाले संसदीय चुनाव में भाजपा के प्रधानमंत्री के प्रत्याशी के रूप में अटल जी के नाम की घोषणा की थी। 2002 में राष्ट्रपति के उम्मीदवार के रूप में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। अटल जी ने 28 दलों के गठबंधन की सरकार 6 वर्ष तक सफलतापूर्वक चलायी। इस दौरान इंडिया टुडे के एक साक्षात्कार में आडवाणी के साथ संबंधों के बारे में पूछे जाने पर अटल जी ने कहा था मैं रोज आडवाणी जी से बात करता हूं हम प्रतिदिन परस्पर परामर्श करते हैं हमारे बीच कोई समस्या नहीं है जब होगी मैं आपको बता दूंगा।

भारत में बहुदलीय लोकतंत्र व्यवस्था में अटल जी ऐसे राजनेता थे जो सभी दलों को स्वीकार्य थे। अटल जी पहले और गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे अंतरराष्ट्रीय दबाव में कूटनीति का दृढ़ इच्छा शक्ति के प्रदर्शन के तहत उन्होंने पोखरण परमाणु बम विस्फोट कर विश्व में सनसनी फैला दी थी। 1999 में आम चुनाव से पहले कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए कारगिल युद्ध में भारत विजय हुआ। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद संपूर्ण देश में सिखों के खिलाफ नाराज लोगों ने उनका कत्लेआम नरसंहार किया। तब सबसे पहले इस नरसंहार के खिलाफ आवाज उठाने वाले पहले नेता अटल जी थे। उन्होंने रायसिना रोड स्थित टैक्सी स्टैंड पर स्वयं पहुंचकर सिखों को बचाने का कार्य किया था।

अटल जी हमेशा भारतीय भाषाओं का सम्मान करते थे संसद में तीन दशक पृष्ठ 449 में दर्ज उनका संबोधन स्पष्ट है कि हमने कभी उड़िया भाषा का विरोध नहीं किया हमने कभी तमिल भाषा का विरोध नहीं किया। हमारे डीएमके के मित्रों ने ऑल इंडिया रेडियो को बानुली कर दिया सत्यमेव जयते का तमिल रूपांतरण कर दिया गया हमने उसकी आलोचना नहीं की अगर अंग्रेजी की जगह तमिल आती है तो हम उसका स्वागत करेंगे। लेकिन अंग्रेजी की जगह हिंदी आती है तो उन्हें भी अन्य भारतीय भाषाओं के लिए वही प्रेम होना चाहिए।

उन्होंने अयोध्या के विवादित ढांचे को गिराए जाने पर उसे दुर्भाग्यपूर्ण कहा था ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं। अटल जी समान शिक्षा के हिमायती थे उन्होंने संसद में तीन दशक पृष्ठ संख्या 452 कहा था कि एक बुनियादी प्रक्रिया है कि क्या इस देश के हर नागरिक के लिए एक समान शिक्षा होगी या नहीं होगी, क्या शिक्षा के क्षेत्र में जो विषमता आज तक चली आ रही है वह चलेगी। जिसे पब्लिक स्कूल कहा जाता है वह प्राइवेट स्कूल है क्या इस देश के नागरिक का गरीब बेटा म्युनिसिपल कॉरपोरेट के टेंट के स्कूल में पढ़ता रहेगा और धनी का बेटा बड़े आदमी का बेटा प्राइवेट पब्लिक स्कूल के नाम से चलने वाले प्राइवेट स्कूलों में जाकर शिक्षा प्राप्त करता रहेगा, क्या शिक्षा सामान नहीं होगी, नहीं चाहिए जो छोटे विद्यालय हैं जो गरीबों के बच्चों को पढ़ने वाले विद्यालय हैं उनका स्तर कैसे उठेगा कौन उसकी तरफ ध्यान देगा।

अटल जी के तिब्बत के मुद्दे पर भी स्पष्ट विचार थे उन्होंने चीन को इस मुद्दे पर काफी खरी खोटी सुनायी थी कि चीन तिब्बती व्यक्तित्व को नष्ट करना चाहता है। उन्होंने कहा था कि विधि वेताओं के अंतरराष्ट्रीय आयोग के मुताबिक तिब्बत की जनता के स्वतंत्रता उन के अधिकार जीवन और सुरक्षा का अधिकार का उल्लंघन किया गया है और अभी भी उल्लंघन जारी है। संघ के स्वयंसेवक प्रोफेसर रज्जू भैया ने अटल जी के संबंध में कहा था कि अटल जी को मैंने 1944 में देखा था बात उन दिनों की है जब मैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय में व्याख्याता हुआ करता था मैं एक वाद विवाद प्रतियोगिता में उपस्थित हुआ था प्रतियोगिता का दौर खत्म होने को ही था की एक नवयुवक ने हाल में प्रवेश किया तथा प्रतियोगिता के जजों से विशेष अनुरोध किया कि उसे भी प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका दिया जाए उसकी गाड़ी लेट हो गई थी और वह इसी विशेष प्रयोजन के लिए आया था। जजों ने वैसे तो अपना मन बना लिया था पर युवक को प्रोत्साहित करने के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अनुमति प्रदान कर दी वह युवक और कोई नहीं अटल बिहारी वाजपेई थे। अटल जी ने बोलना शुरू कियाऔर 10 मिनट के अंदर ही अनेक तर्कों को सुना कर संपूर्ण श्रोता रोमांचित हो गए अटल जी को सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित किया गया

27 जनवरी 2000 को गणतंत्र दिवस की स्वर्ण जयंती के अवसर पर संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई ने अपने संबोधन में कहा था कि मैं महसूस करता हूं कि कोई संविधान कितना भी अच्छा हो निश्चित रूप से वह खराब बन जाएगा यदि उसे लागू करने वाले लोग अच्छे नहीं है कोई संविधान कितना भी बुरा हो पर वह अच्छा बन जाएगा यदि उसे लागू करने वाले लोग अच्छे हो 19 में 1996 को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने आकाशवाणी दूरदर्शन पर प्रसारित संदेश में कहा था कि मतदाताओं के सामने विकास भ्रष्टाचार उन्मूलन सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही यह मुद्दे आज भी उतने ही प्रासंगिक है जीतने की पहले थे संक्षेप में कहूं तो भारत को सूराज अर्थात अच्छा राज होना चाहिए।

## कोल्हान की खबरें

### झारखंड में पेसा कानून लागू होने की खुशी में झामुमो ने बांटा 51 किलो लड्डू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य में बहुप्रतीक्षित पेसा कानून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली झारखंड मंत्रिपरिषद द्वारा तत्काल प्रभाव से लागू किए जाने की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से 51 किलो लड्डू का वितरण किया गया। बुधवार को प्रस्ताव पारित होने के उपलक्ष्य में झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक प्रमुख बाघराय मार्डी के नेतृत्व में सैकड़ो नेता और कार्यकर्ताओं ने साकची जुबली पार्क गेट के समीप आम लोगों के बीच लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। मौके पर बाघराय मार्डी ने कहा पेसा कानून का लागू होना हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार की ऐतिहासिक फैसला है। उन्होंने कहा पेसा कानून लागू होने से झारखंड के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के समग्र व तेज विकास होगा। इससे ग्रामसभा को सशक्त बनाने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित होगी। मौके पर पूर्व सांसद सुमन महतो, केंद्रीय सदस्य प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, लालटू महतो, महावीर मुर्मू, प्रीतम हेंब्रम, दलगोबिंद लोहरा, खुद्दु ओरांव, सपन राय, उमानाथ झा, गोपाल महतो, विद्यासागर दास, मानिक मल्लिक, अभय पांडेय, अजय रजक, कवलजीत कौर गिल, परमजीत सिंह पम्मे, मो जमील, विक्टर सोरेन समेत बड़ी संख्या में झामुमो नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

### श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह आयोजित




**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में पहला दीक्षांत समारोह भव्य व गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। बुधवार को समारोह में स्नातक छात्र-छात्राओं को डिग्री व मेडल प्रदान कर उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विशिष्ट अथिति ईचागढ़ विधायक सविता महतो सहित विश्वविद्यालय के चांसलर, कुलपति, गवर्निंग बॉडी के सदस्य, फैकल्टी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। विधायक सविता महतो ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। समारोह के दौरान मंच पर प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर चर्चाएं भी होती रहीं। इस पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति ने आरोपों से इनकार किया और कहा कार्यक्रम राजभवन से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया था।

### अटल जयंती की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती की पूर्व संध्या पर पूर्वी विधानसभा में भाजपा कार्यकताओं ने भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया। बुधवार को एग्रिको स्थित विधायक पूर्णिमा साहू के आवासीय कार्यालय के समक्ष आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अटल जी को विचारधारा का प्रतीक बताते हुए झारखंड अलग राज्य निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया।विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्र निर्माण, सुशासन और जनसेवा को समर्पित रहा, जिनके आदर्श आज भी प्रेरणादायी हैं। इस अवसर पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अटल जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### लौहनगरी में हर-हर महादेव सेवा संघ का कंबल वितरण अभियान जारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में भीषण ठंड के बीच हर हर महादेव सेवा संघ का जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण अभियान जारी है। बुधवार को संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में 10 नं. बस्ती, ट्युब बारीडीह, हरिजन बस्ती, राधिका नगर, टेल्को, गोलमुरी, सोनारी सहित कई क्षेत्रों में कंबल वितरण किया गया। मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा सर्दी में जरूरतमंदों की मदद करना समाज के प्रति नैतिक कर्तव्य है। संघ का प्रयास है कोई भी बुजुर्ग या असहाय ठंड से अकेला न महसूस करे। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों व लाभार्थियों ने सेवा संघ की इस पहल की जमकर सराहना की। अभियान को सफल बनाने में संघ के कई सदस्यों और सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

### टाटा मोटर्स उत्कर्ष छात्रवृत्ति सम्मान समारोह में 246 छात्राएं सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स उत्कर्ष छात्रवृत्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन टेल्को स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल के सभागार में किया गया। बुधवार को कार्यक्रम में 246 मेधावी छात्राओं को उत्कर्ष सम्मान प्रदान किया गया। प्रत्येक छात्रा को 25 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह, एचआर हेड प्रणव कुमार व ईआर हेड सौमिक रॉय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने बारी-बारी से छात्राओं को अवार्ड प्रदान किया। प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी ने छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा बच्चियों की सफलता में माता-पिता का अहम योगदान है। उन्होंने बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालने और उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने में सहयोग करने की अपील की। महामंत्री आरके सिंह ने कहा उत्कर्ष मंच बच्चियों के सपनों को साकार करने का माध्यम है। टाटा मोटर्स शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में लगातार योगदान दे रही है। डॉ अरुणिमा वर्मा ने भी विचार रखे। संचालन ईआर की वरीय प्रबंधक आंचल सिंहा व धन्यवाद ज्ञापन जीवराज सिंह संधू ने की। मौके पर बड़ी संख्या में छात्राएं, अभिभावक, यूनियन पदाधिकारी व टाटा मोटर्स के अधिकारी उपस्थित रहे।

### चांडिल में गोलीबारी एक अपराधी की मौत

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र स्थित हारुडीह गांव में गोलीबारी की घटना में एक अपराधकर्मी की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बिजय तिर्की के रूप में हुई। जिसका आपराधिक रिकॉर्ड होने की बात सामने आरही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार अज्ञात बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गयी। मामले के बाद जिले में पुलिस अलर्ट मोड में है। आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है। हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दी गयी। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### रामकथा के आठवें दिन राम-हनुमान मिलन और शबरी प्रसंग की हुई व्याख्या





आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** विजया सेंट्रल कमेटी के द्वारा आयोजित रामकथा के आठवें दिन कथावाचक ममता दीदी ने श्रीराम-हनुमान मिलन, माता सीता हरण और शबरी प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया वनवास के दौरान श्रीराम-लक्ष्मण की हनुमान जी से भेंट हुई और शबरी द्वारा अर्पित प्रेमयुक्त बेरों को प्रभु ने स्वीकार किया, जिससे भक्ति का महत्व उजागर हुआ। बुधवार को रामकथा में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विधायक सरयू राय, विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक बताते हुए इसे सदियों की आस्था का प्रतीक बताया। वही जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने श्रीराम को मयार्दा, त्याग और धर्म का प्रतीक बताया,वही जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने राम के आचरण को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।कथा सायं 5 से रात 8 बजे तक चली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अंत में आरती व प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में समिति सदस्यों व स्थानीय लोगों का सहयोग रहा। नौवें और अंतिम दिन 26 दिसंबर को महाभोग का आयोजन होगा।

### शहीद निर्मल महतो की स्मृति में स्वास्थ्य जांच शिविर



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहीद निर्मल सेवा सदन के द्वारा शास्त्रीनगर कदमा स्थित जॉगर्स पार्क में अमर शहीद निर्मल महतो के सम्मान में नि:शुल्क जन-स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को शिविर में सैकड़ों स्थानीय लोगो ने स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर की अध्यक्षता शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष लालटू महतो व संचालन जीके बोस ने की।शिविर में मुख्य अतिथि झामुमो सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष डॉ सुभेंदू महतो ने ऐसे आयोजनों को जन-स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। चिकित्सकीय सेवाएं मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक व सिविल सर्जन कार्यालय पूर्वी सिंहभूम की टीम द्वारा दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

# बेड़ो में प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की धूम



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर क्रिसमस के आयोजन को लेकर बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के गिरजाघर सज-धजकर तैयार है। कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिघिया चर्च परिसर में बुधवार की रात 10 बजे से मिस्सा पूजा अनुष्ठान, चरनी की आशीष के बाद एवं मिस्सा अनुष्ठान-प्रार्थना की गई। प्रखंड के रोमन कैथोलिक चर्च दिघिया एवं खत्रीखटंगा गिरजाघर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। आकर्षक चरनी बना कर बिजली बल्ब, रंग बिरंगे लट्टूओं और रंगीन झालर से पूरे चर्च को सजाया गया। दिघिया पल्ली में चरनी में प्रभु यीशु का दर्शन कर चुंबन लिया गया। इस अवसर पर मिस्सा मुख्य अनुष्ठान फादर रोबर्ट मिंज ने कराया। जबकि कार्यक्रम में उपदेश सुनाया गया। इनके साथ फादर जॉर्ज लकड़ा, फादर सुमित खाखा, माता प्रबला केरकेट्टा सिस्टर लुमी मिंज, निर्मला ज्योति कच्छप, किरण टोपनो, विनाया और विन्नी मौजूद रहे। इस दौरान मिस्सा कैरोल गीत कुदारखो गांव के मसीहियों ने पेश किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैथोलिक संघ, युवा संघ और महिला संघ के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर मसीही समुदाय के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने एक दूसरे को हैप्पी क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बेड़ो में जंगल से खुलेआम हो रही पेड़ों की अवैध कटाई

## जंगल लगातार हो रहे कम, खेत-मैदान का हो रहा विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** केंद्र सरकार एक तरफ पर्यावरण को बचाने के लिए 'पेड़ लगाओ जीवन बचाओ' का नारा बुलंद कर रही है। वहीं दूसरी ओर, बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सटे जंगल में कुछ दिनों से धड़ल्ले से पेड़ों की अवैध कटाई चल रही है, जिससे वन विभाग के कर्मी भी परेशान है। पेड़ों की कटाई से जंगल वीरान हो रहे हैं। आरोप है कि गांव की महिलाएं सड़क से दूर घने जंगल के बीच में जाकर प्रतिनि पेड़ो को काटकर उजड़ रही हैं। इससे संकट गहराता जा रहा और पर्यावरण पर भी प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों की मानें, तो गांव में बने वन समिति को पेड़ों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी गयी है,



सेरो जंगल से जब्त की गयी सखुआ लकड़ी का बोटा ले जाती वन विभाग की टीम।

लेकिन उनमें शामिल लोग महज खानापूर्ति कर रहे हैं। जबकि जंगल को नुकसान पहुंचाने वाले लोग एक-एक कर पेड़ों को खास ढंग से काटकर गिरा रहे और उसे उठाकर ले जा रहे हैं। इससे क्षेत्र में जंगल लगातार कम होते जा रहे है और पेड़ों के स्थान पर खेत और मैदान आकार ले रहे हैं। जंगल कटने से वन प्राणियों पर भी संकट मडराने लगा है। जंगल कटने से कम होती पेड़ों की संख्या के कारण वन जीवों को जंगल छोड़कर भागना पड़ रहा है। बतातें चलें कि जिस वन्य भूमि पर कभी घना साल का जंगल हुआ करता था अब वहां झाड़ी नजर आ रही हैं। पूर्व में जंगल की देखभाल को लेकर गांव स्तर पर वन समिति का गठन किया गया था, इसके बाद भी जंगल से पेड़ों की कटाई रुक नहीं रही है। उधर, प्रखंड के सेरो गांव स्थित जंगल से वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से लकड़ी की कटाई कर रखे गए सुखवा लकड़ी के बोटा को जब्त कर अपने साथ ले गई। वन विभाग के अधिकारियों ने अवैध रूप से पेड़ों-लकड़ी की कटाई कर रहे तस्करों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि पकड़े जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी की कटाई करने वाले लोगों पर नजर बनाए रखें हैं।

# बेड़ो में फोर लेन सड़क पर बिखरा बालू, राहगीरों के लिए बना जानलेवा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो से होते हुए रांची से गुमला जाने वाली फोर लेन मार्ग पर बालू कारोबार खुलेआम जारी है। इस मुख्य मार्ग से प्रतिदिन ओवर लोड हाइवा एवं टर्बो ट्रक के माध्यम से बालू का परिचालन किया जा रहा है। जिससे फोर लेन सड़क पर जगह-जगह बालू गिर कर बिखरा पड़ा हुआ है। जो दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों, साइकिल सवार स्कूली बच्चों एवं पैदल चलने वाले लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। बालू के फिसलन के कारण दुर्घटनाओं की आशंका हमेशा बनी रहती है। प्रतिदिन दर्जनों ओवर लोडेड बालू लदे हाइवा और ट्रक को रांची-गुमला फोर लेन के मुख्य मार्ग से होकर गुजरते हुए आसानी से देखा जा सकता है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी प्रशासन को नहीं है। लेकिन यह देखने वाला कोई नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिससे आम लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# सीआइटी में खेल प्रतियोगिता वर्चस्व 2025 का समापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी टाटीसिलवे रांची में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता वर्चस्व 2025 का समापन हो गया। बुधवार को पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। पांच दिनों तक चले इस खेल महोत्सव में सीआईटी एवं सीआईपी के 1500 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबाल, कैरम, रिले रेस, बैडमिंटन, खोखो, बास्केटबॉल, आदि खेलों का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों का उत्साह चरम पर रहा। पुरस्कार वितरण समारोह में सीआईटी के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, सीआईपी के प्राचार्य डॉ एनके यादव, सीआईटी की उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, प्रो दीपक वर्मा, रीता सिंह आदि अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया। मौके पर डॉ विजय शंकर सिंह, डॉ डीके सिंह, प्रो अंकित कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, डॉ नवीन कुमार सिन्हा, संगीता सिंह के अलावे प्रो इंचार्ज खेल प्रो प्रशांक मनी एवं कोऑर्डिनेटर अनवर आलम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ विहिप-बजरंग दल ने पुतला फूंका



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** बांग्लादेश में मो नुयून सरकार के खिलाफ भारत में उबाल चरम पर है। बांग्लादेश में हिंदु अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार-हिंसा और दीपू चंद्र दास की हत्या कर उसे जला देने के खिलाफ बुधवार को लापुंग प्रखंड क्षेत्र में विश्व हिंदु परिषद (विहिप) और बजरंग दल के बैनर तले जुलूस निकालकर बिरसा चौक पर बांग्लादेश सरकार और मो युनूस का पुतला दहन किया गया। साथ ही भारत सरकार से बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गयी। इस मौके पर विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, संरक्षक नंदलाल साहू, उपाध्यक्ष जसपाल साहू, भाजपा ओबीसी कोषाध्यक्ष रामप्रसाद साहू, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, सचिव बिरसा मुंडा, गोवर्धन जयसवाल, गजेंद्र पंडित, अशोक साहू, हरिंदर साहू, यूगेश पंडित, बिरसा मुंडा, रवींद्र सिंह, गणेश साहू, नागेश्वर साहू, गोपाल साहू और गोवर्धन जयसवाल आदि मौजूद थे।

# खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से होता है बच्चों में आत्मविश्वास अनुशासन और सामाजिक समरसता का विकास : हिमांशु शेखर

### आरटीसी पब्लिक स्कूल में खेल महोत्सव और क्रिसमस गैदरिंग का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन बुधवार को क्रिसमस गैदरिंग के साथ हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी हिमांशु शेखर चौधरी शामिल हुए। इससे पूर्व प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो एवं विपिन प्रसाद ने पौधा देकर अतिथियों का स्वागत किया। उधर, दूसरे दिन जैवलिन थ्रो एवं रिले रेस जैसी प्रतियोगिताएं





आयोजित हुई। लगे हाथ, क्रिसमस गैदरिंग के तहत विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई। इसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम आदित्य कुमार एवं सोनू महतो, द्वितीय राहुल कुमार एवं अमन पांडे और तृतीय स्थान विकास टोप्पो, पूजा कुमारी और नेहा कुमारी ने हासिल किया। बाद में सफल सभी प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक समरसता का विकास करते हैं। वहीं, प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने कहा कि आरटीसी पब्लिक स्कूल शिक्षा के साथ ही खेलों और सांस्कृतिक मूल्यों को भी समान महत्व देता है। क्रिसमस गैदरिंग जैसे आयोजन बच्चों में प्रेम, भाईचारे और सकारात्मकता का संदेश देते हैं। इक दौरान कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कल्याणी कुमारी एवं प्रियंका कुमारी, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रिंकी कुमारी ने किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कुरमी विकास मोर्चा की बैठक में सम्मेलन की तैयारियों को लेकर की गयी चर्चा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आगामी तीन जनवरी 2026 को चिलदाग स्कूल मैदान में कुड़मी सम्मेलन का आयोजन होगा। इसे सफल बनाने के लिए बुधवार को गोंदलीपोखर में कुरमी/कुड़मी विकास मोर्चा की तैयारी बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष सोनालाल महतो ने की। इसमें मुख्य अतिथि कुड़मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार थे। बैठक में 3 जनवरी को चिलदाग स्कूल मैदान में आयोजित कुड़मी सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। शीतल ओहदार ने कहा कि कुरमी को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर हो रहे आंदोलन को कथित रूप से कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। कुछ लोग इस मुद्दे के खिलाफ समाज में भ्रम फैला कर कुरमी एकता को तोड़ने में लगे हैं। लेकिन उनके मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। कुरमी समाज अपनी मुख्य मांग को लेकर एकजुट है। समाज के हक अधिकार के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी। कहा कि भविष्य में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने समाज के तमाम लोगों को इस सम्मेलन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आहवान किया। बैठक में जिलाध्यक्ष रामनाथ महतो, बसंत चौधरी, सुप्रेश महतो, अजित महतो, योगेश महतो, सोनु महतो, पारस महतो, प्रकाश महतो, दीपक महतो, राजू चौधरी आदि मौजूद थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ टाटीसिलवे में भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार और वहां 18 दिसंबर को दीपू दास नामक हिंदु अल्पसंख्यक की हुई घटना के विरोध में बुधवार को भाजपा टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में राजाउलातू से वाईबीएन यूनिवर्सिटी तक मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन भी किया गया। भाजपाइयों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान इस मुद्दे की ओर आकर्षित करने और भारत सरकार से कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करने की मांग की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुक्तिनाथ मिश्रा, रुद्रेश्वर राय, सुरेद्र महतो, केडी सिंह, प्रशांत किशोर, अरुण मिश्रा, अनिल गुप्ता, दीपक तिर्की, जगन पाहन, उदय सिंह, लीलू तिर्की, तारा राय, दयानंद राय, पीतांबर राय, अशोक राय, मनोज राय, रवींद्र खंडित, सुजीत सिन्हा, नीलकंठ राय, रमेश ठाकुर, धनंजय खंडित, बाना खंडित, सोमरा खंडित, दिलीप बैठा, सन्नी कुमार आदि मौजूद थे।

# बांग्लादेश हिंसा के खिलाफ ओरमांझी में लोगों का प्रदर्शन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** बांग्लादेश में हिंदु अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा और दीप दास नामक युवक की नृशंस हत्या के प्रदिवाद में बुधवार को बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया गया। इसमें पूर्व विधायक मानकी राजेंद्र शाही, अमरनाथ चौधरी, लक्ष्मण साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, राजधाम साहू, राजेश गुप्ता, दीपक बड़ाइक, धनराज बेदिया, रामवृक्ष महतो, लखन महतो, आनंद महतो, कामेश्वर महतो, गणेश महतो, जयवीर करमाली, गणेश कुमार महतो, साई नाथ बेदिया, दिलीप मेहता, सत्यम राज कुशवाहा आदि शामिल थे।

# पेसा कानून नियमावली भाजपा की संघर्ष की जीत : राम नारायण भगत



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट की ओर से पेसा कानून नियमावली को मंजूरी दिए जाने पर भाजपा के मांडर विधानसभा के भाजपा नेता राम नारायण भगत ने इसे पार्टी की संघर्ष की जीत बताया। कहा कि भाजपा ने लगातार यह मांग उठाई कि पेसा को उसकी मूल भावना और पारंपरिक रूढ़ि व्यवस्था के अनुरूप लागू किया जाए। जिससे ग्राम सभाओं को वास्तविक अधिकार मिल सके। कहा कि कैबिनेट से पारित नियमावली स्वागत योग्य है। यह उम्मीद है कि यह नियमावली संविधान की पांचवीं अनुसूची के अनुरूप ही तैयार की गई होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पेसा कानून के लागू होने से झारखंड की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। कहा कि पेसा नियमावली की मंजूरी से ग्राम सभाओं को वास्तविक अधिकार मिलेंगे। स्थानीय स्वशासन को मजबूती मिलेगी। इससे विकास योजनाओं की रूपरेखा तय करने में ग्राम सभाओं की निर्णायक भूमिका सुनिश्चित होगी। यह फैसला आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा और उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# अनगड़ा थाना प्रभारी ने किया पर्यटन स्थलों का निरीक्षण

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नववर्ष का जश्न मनाने भारी संख्या में पर्यटक जोन्हा फॉल एवं सीताफॉल पहुंचते हैं। इसे देखते हुए अनगड़ा थाना प्रभारी गौतम रजवार ने बुधवार को स्थानीय दुकानदारों, पर्यटनकर्मियों एव ग्रामीणों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कहा कि नववर्ष पर फॉल में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्यटनकर्मी पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। नशा करने और बेचने, प्लास्टिक-थर्मोकोल प्लेट बेचने एवं डीजे बजाना प्रतिबंधित किया गया है। पकड़े जाने पर कारवाई की जा सकती है।

# बाघवार एकेडमी का 20वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित बाघवार एकेडमी विद्यालय का 20वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम शाम 4.30 बजे प्रारंभ हुआ, जिसका रात में भी विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार रात में आयोजित इस वार्षिकोत्सव में लगभग 700 विद्यार्थियों सहित 1000 से अधिक अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड हाईकोर्ट की अधिवक्ता किरण सुषमा खोया, अतिथि सम्मान सुभाष कुमार (निदेशक, बिरसा मुंडा हाई स्कूल, बिजूपाड़ा) एवं दीपक गोंड (सामाजिक कार्यकर्ता, वाराणसी) विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार, प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने अपने स्वागत भाषण में विद्यालय की 20 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों के योगदान की सराहना की। वहीं, मुख्य अतिथि किरण सुषमा खोया ने विद्यालय की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। जबकि, अतिथि सम्मान सुभाष कुमार एवं दीपक गोंड ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सामाजिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन उप-प्रधानाचार्य अजय उरांव ने किया। जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# भाजपा नेता जितेंद्र पाल सिंह पंचतत्व में विलिन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल महामंत्री जितेंद्र पाल सिंह (55) का लंबी बीमारी के बाद 23 दिसंबर को निधन हो गया। वे प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को भंगी नदी तट पर किया गया। इस दौरान शव यात्रा में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो, सुखदेव उरांव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। वहीं, झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह ने शोक व्यक्त किया। जितेंद्र पाल सिंह अपने पीछे दो बेटी और पत्नी को छोड़ गये हैं।

# वैभव मुखर्जी बने अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला मंत्री



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ने रांची निवासी वैभव मुखर्जी को रांची जिला मंत्री नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से जिले में संगठात्मक गतिविधियों को नई दिशा एवं गति मिलने की अपेक्षा की है। वैभव मुखर्जी को हिंदू परिषद के जिला मंत्री बनाये जाने पर संगठन मंत्री दिलीप कुमार, स्वास्तिक महिला क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा, तंद्रा मुखर्जी, दीपा देवी, रेखा रंजन, सीमा शर्मा, डॉली सिंह, अमरेश कुमार नायक, पुष्पा देवी और सलोनी ने बधाई दी है।

## एनके स्पोर्टिंग ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

# खेल के माध्यम से भी युवा संवार सकते हैं अपना कॅरियर: वेदांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** जयराम स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित अमर शहीद जीतराम बेदिया मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब एनके स्पोटिंग ने जीत लिया। बुधवार को बीसा गुंदलीटोला मैदान में खेले गए फाइनल मुकाबले में एनके स्पोटिंग लाली ने आर्मी ब्रदर्स को पेनाल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। इससे पहले मुख्य अतिथि थ्रो बॉल खेल के अध्यक्ष वेदांत कौसत्वभ, विशिष्ट अतिथि उपप्रमुख वीणा कुमारी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा एवं आजसू के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव ने खिलाड़ियों से



परिचय लेकर फाइनल मैच शुरू कराया। अपने संबोधन में वेदांत ने कहा कि युवा खेल के माध्यम से भी अपने कैरियर को संवार सकते हैं। उन्होंने युवाओ को पढ़ाई के साथ खेलकूद पर भी फोकस करने को कहा। वहीं, जैलेंद्र कुमार, पारसनाथ उरांव, राजेंद्र शाही मुंडा आदि ने भी युवाओ को खेलकूद के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर आशुतोष गोस्वामी, उमेश बड़ाइक, रामसाय मुंडा आदि मौजूद थे। जबकि, आयोजन को सफल बनाने में क्लब के संचालक जयराम बेदिया, अध्यक्ष पीकेश्वर बेदिया, सचिव सोनाराम बेदिया, कोषाध्यक्ष प्रेम बेदिया, जुकेश्वर, सहीराम, संतोष, छुटूराम, सोहित, धीरज, चरण, अनिल, केसों, रोहित, दिलबर, अमर, बालकिशोर आदि का योगदान रहा।

# लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल में क्रिसमस डे का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सांई मंदिर रोड स्थित लिटिल हैंड्स प्ले स्कूल में बुधवार को क्रिसमस डे उत्सव मनाया गया। बच्चों ने संता क्लॉज बनकर बच्चों के बीच टॉफियां बांटी और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं, प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार ने बताया कि भारत एक ऐसा देश है जहां बहुत सारे धर्म के लोग एक साथ रहते है। बच्चों को हर धर्म के बारे में जानकारी होनी चाहिए। विद्यालय ही एक ऐसी जगह है जहां बच्चों को हर धर्म के बारे में बिना भेद-भाव के बताया जाता है। वहीं निदेशक सुभद्रा सिंह ने कहा कि यह त्योहार हमें आपस में प्रेम करना सिखलाता है।

# न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी के छात्रों ने प्रधानाध्यापक राशिद इकबाल एवं उप प्रधानाध्यापक रतन नाग के नेतृत्व में द् शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इसमे जूनियर विंगस के बच्चों को ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान रांची ले जाया गया। विद्यार्थियों ने चिड़ियाघर का भ्रमण कर विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं और जलीय जीवों का अवलोकन किया। प्रधानाध्यापक ने बताया की छात्रों में जिज्ञासा जगाने, पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने, व्यवहारिक ज्ञान देने और संरक्षण के प्रति समक्ष विकसित करने में है। जहां बच्चे किताबों से परे जाकर जानवरों उनकी आवाजों और पारिस्थितिक तंत्र को प्रत्यक्ष अनुभव करते हैं।

## कोयल नदी से बालू ढुलाई करते सात ट्रैक्टर जब्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर अवैध खनन के विरुद्ध जिले में सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बुधवार सुबह लगभग 7:30 बजे गुमला थाना क्षेत्र के भण्डरिया गांव के नीचे कोयल नदी घाट पर छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से बालू लदे कुल 07 ट्रैक्टर पकड़े गए, जिन्हें जब्त कर टोटो थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। निरीक्षण में न तो किसी प्रकार की भंडारण अनुज्ञप्ति मिली और न ही वैध खनन या परिवहन से संबंधित दस्तावेज। प्रथम दृष्टया यह अवैध उत्खनन एवं परिवहन का मामला पाया गया है। उक्त कृत्य झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली-2004 एवं झारखंड खनिज नियम-2017 के तहत दंडनीय है। सभी ट्रैक्टर मालिकों और चालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मासूम को ट्रेलर ने कुचला, आक्रोशित लोगों ने किया एनएच जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बसिया।** थाना के किन्दिरकेला गांव में बुधवार को हुए सड़क हादसे में लगभग 4 वर्षीय बालक सुफियान खान की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के समय सुफियान अपने पिता नदीम खान के साथ दूध लेने के लिए सड़क किनारे खड़ा था। इसी दरम्यान सिमड़ेगा की ओर से आ रहे एक टेलर ने उल्टी दिशा में जाकर बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

**दुर्घटना के उपरांत ग्रामीण आक्रोशित :** दुर्घटना होते ही किन्दिरकेला के ग्रामीण आक्रोशित हो गए और ट्रेलर का पीछा करने लगे, ग्रामीण टेलर को कोनबीर भागीडेरा मोड़ के पास रोक लिया और उक्त ट्रेलर में तोड़फोड़ कर दी। साथ ही चालक के साथ मारपीट भी करने लगे। उधर किन्दिरकेला में स्थानीय लोगो ने घटना के विरोध में सड़क जाम कर दिया।

**थाना प्रभारी की सूझबूझ और साहस ने बड़ी घटना होने से रोका :** थाना प्रभारी कृष्णा कुमार को जैसे ही घटना की सूचना मिली वे चालक के साथ ही कोनबीर भागीडेरा मोड़ पहुंच कर बड़ी साहस के साथ ट्रलर चालक को बचाते हुए पुलिस हिरासत में ले लिया साथ ही लोगो को समझा बुझाकर वापस भेजा गया। थाना प्रभारी की सूझबूझ के कारण चालक की जान बच सकी। वही घटना के बाद पुलिस सर्कल इंस्पेक्टर गुलशन भेंगरा व पालकोट थाना प्रभारी तरुण कुमार दलबल लेकर जाम स्थल पहुंचे औरजाम खुलवाने में लगे रहे।

**वार्ता के उपरांत हटाया गया सड़क जाम :** बीडीओ सुप्रिया भगत, जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग, इंस्पेक्टर गुलशन भेंगरा,थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, अफान खान, मुंतजीर खान एवं ग्रामीण के बीच वार्ता के बाद जाम हटाया गया।

बीडीओ और थाना प्रभारी द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया कि एसडीओ के निदेर्शानुसार 15 जनवरी से पूर्व जगह जगह पर ब्रेकर ओर जेब्रा क्रॉसिंग मार्किंग किया जायेगा।सड़क दुर्घटना का मुआवजा देय होगा।जामस्थल पर जेएमएम नेता अलीम खान, लुकमान खान समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।



### लोगो ने की सड़क सुरक्षा संबधी मांग

सड़क दुर्घटना के बाद लोगो ने पुलिस प्रशासन से कहा कि प्रशासन द्वारा 31 दिसंबर को कमल लोहरा के सड़क दुर्घटना के बाद सड़क पर नियमानुसार स्पीड ब्रेकर, जेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड कंट्रोल संबधी बोर्ड लगवाने की बात स्थानीय प्रशासन द्वारा किया गया था लेकिन एक वर्ष बीत जाने के उपरांत भी प्रशासन की बाते केवल आश्वासन ही साबित हुआ। एक वर्ष बीत जाने के वावजूद प्रशासन द्वारा कोई पहल नही किया गया।

### विधायक और एसडीओ के प्रति दिखा आक्रोश

सड़क जाम के दौरान सिसई विधायक और एसडीओ के प्रति रोषपूर्ण आक्रोश देखा गया।किन्दिरकेला निवासी अफान खान समेत मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि हमारे विधायक को हमलोगो से कोई मतलब नही है। ऐसे घटनाओं पर भी न उनके द्वारा कोई कॉल उठाया जाता है और न ही कभी आया जाता है।विगत 5 सड़क दुर्घटनाओ में विधायक न कभी आये और न ही उनके द्वारा कोई संवेदना ही व्यक्त किया गया जो काफी दुखद है। वही दूसरी ओर एसडीओ के द्वारा भी घटना के उपरांत घटनास्थल आना मुनासिब नही समझा गया।

## एक वर्ष से कार्यरत नहीं मोबिलाइजर, फर्जी उपस्थिति और अवैध नियुक्ति का आरोप

**बसिया (आजाद सिपाही)।** पंचायती राज विभाग गुमला को रोहित बिलुंग, संजय कुजूर, अंजाय कुमार साहू, उषा लकड़ा,मंजूषा देवी समेत अन्य लोगो द्वारा आवेदन देकर पोकटा पंचायत के राजकीय मोबिलाइजर अर्चना कुमारी के द्वारा विगत एक वर्ष से कार्य न करने के संबंध में शिकायत की गयी है। इसके पूर्व 6 दिसंबर को बसिया के बीडीओ को भी आवेदन सौंपा जा चुका है। जिला पंचायती राज विभाग को दिए आवेदन के अनुसार मामला बसिया प्रखंड अंतर्गत पोकटा पंचायत का है, जहां पदस्थापित मोबिलाइजर अर्चना कुमारी वर्ष 2025 में विवाह के बाद से ही पंचायत कार्य में उपस्थित नहीं हैं। विवाह से पूर्व भी वे नियमित रूप से कार्य नहीं कर रही थीं और अब उनकी अनुपस्थिति को एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। इसके बावजूद पंचायत के मुखिया रश्मि टेटे एवं पंचायत सचिव अरविन्द कुजूर की कथित मिलीभगत से अर्चना कुमारी की अनुपस्थिति में उनके बड़े भाई जितेन्द्र नायक को पंचायत कार्य में लगाया गया है, जो नियमों के विरुद्ध बताया जा रहा है। आरोप यह भी है कि पंचायत मुखिया एवं पंचायत सचिव द्वारा अर्चना कुमारी के नाम पर मातृत्व अवकाश से संबंधित एक पत्र निर्गत कर उसे स्वीकृति प्रदान की गयी, जबकि अर्चना कुमारी पिछले एक वर्ष से पंचायत में कार्यरत ही नहीं हैं। वहीं पंचायत की उपस्थिति पंजी में भी अनियमितता का मामला सामने आया है, जहां जितेन्द्र नायक द्वारा अर्चना कुमारी के नाम से हस्ताक्षर कर उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जबकि वास्तविकता में वे पंचायत में उपस्थित नहीं हैं। शिकायतकर्ता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर अर्चना कुमारी एवं जितेन्द्र नायक को पद से हटाने तथा पंचायत में नये मोबिलाइजर की नियुक्ति की मांग की है।

## सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में लगी विज्ञान प्रदर्शनी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा के मकरा स्थित सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक एवं सचिव अंकिता श्री ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं ने ज्ञानवर्धक विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया। कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इनक्यूबेटर एवं केमिकल मैजिक शो, नौ के छात्रों ने फाइंड एडुल्टरेशन, मैन्योर बनाम फर्टिलाइजर, हिडन शुगर, केमिकल वेपन, कक्षा 8 के एंटीवेनम, हाइड्रोफोबिक हार्वेष्ट, कक्षा 7 के छात्रों ने एयर प्यूरिफायर, लीफ में स्टार्च टेस्ट, बल्ब ग्लोवर, कक्षा 6 के एंटीबायोटिक मिसयूज, वर्किंग मॉडल ऑफ हार्ट, ईको फ्रेंडली हाउस, डीएनए मॉडल, रेन वाटर हार्वेशटिंग, कक्षा 5 के छात्रों ने सीजन चेंज, इम्पोर्टेंस ऑफ ट्रीज, वाटर डिस्पेंसर, कक्षा 4 के छात्रों ने सेव अर्थ, ग्रीन एग्रीकल्चर, विंड मिल एंड सोलर लाइट, ग्रीन क्लाईमेट, इफेक्ट, ग्रीन टेक्नोलॉजी सहित कक्षा 3, 2 एवं 1 के छात्रों ने ग्लोबल वार्मिंग, वोलकेनिक एरेप्सन तथा डीएनए मॉडल प्रस्तुत किया। इसके पूर्व प्राचार्य चंद्रकांत ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी नवाचार, तार्किक सोच एवं आत्मविश्वास को विकसित करने में सहायक होती है। हमे बच्चों को प्रायोगिक शिक्षा पर बल देना चाहिए।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनायी गयी मालवीय और अटल बिहारी की जयंती




**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में बुधवार को शिक्षाविद पंडित मदन मोहन मालवीय तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी गयी। प्राथमिक एवं माध्यमिक खंडों में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य देवेंद्र नाथ तिवारी, गणेश साहू, अन्नपूर्णा देवी, प्रवीण कुमार सिन्हा एवं विकास कुमार द्वारा महापुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। वरिष्ठ आचार्य देवेंद्र नाथ तिवारी ने महामना मालवीय को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रणेता बताते हुए उन्हें युगद्रष्टा व्यक्तित्व कहा। आचार्य गणेश कुमार साहू व संगीता कुमारी ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें प्रखर वक्ता, संवेदनशील कवि और महान राष्ट्रवादी नेता बताया। कार्यक्रम में भैया-बहनों ने अटल की कविताओं का सस्वर पाठ किया तथा दोनों विभूतियों के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग साझा कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अंत में आचार्या अन्नपूर्णा दीदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## भारत विकास परिषद ने आदिम जनजाति के बीच बांटे कंबल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** ठिठुरन भरी ठंड को ध्यान में रखते हुए भारत विकास परिषद गुमला शाखा के द्वारा रायडीह प्रखंड अंतर्गत पीबो एवं जमगई गांव के आदिम जनजाति बस्ती में लगभग एक सौ जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उपस्थित ग्रामीणों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता के द्वारा भारत विकास परिषद के कार्यक्रमों, उद्देश्यों को विस्तार से बताया गया। श्री गुप्ता ने भविष्य में भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने की जानकारी दी गयी। संरक्षक विनय कुमार लाल के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित गांववासियों को संबोधित करते हुए चुनाव आयोग के द्वारा आगामी दिनों में कराये जाने वाले एस आई आर के बारीकियों की जानकारी साझा की गयी और ग्रामीणों को सजग रहने की हिदायत भी दी गयी। संरक्षक निर्मल कुमार गोयल ने परिषद के द्वारा दिये जा रहे कंबल को प्रतीकात्मक स्वरुप बतलाते हुए ग्रामीणों को ठंड से बचने की नसीहत दी गई। उन्होंने कहा कि लोग नशापान से दूर रहें और इसके लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। अंत में गांव के समाजसेवी जगनारायण सिंह के द्वारा परिषद के द्वारा कड़ाके की ठंड़ में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए आभार ज्ञापित किया गया। मौके पर राकेश कुमार वर्मा, मनमोहन सिंह, सरजु प्रसाद साहु, द्वारिका मिश्र 'सुमन', संचित कुमार सिंह, योगेन्द्र सिंह तथा महिला विंग की रीता कुमारी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पूर्व चेंबर अध्यक्ष के किराना दुकान में चोरी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के पालकोट रोड शारदा कंपलेक्स के सामने पूर्व चैंबर अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के किराना दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर दरवाजा में लगे लोहे के रॉड को तोड़कर अंदर घुसे और आराम से कुर्सी में बैठकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जाता है कि चोरों की संख्या करीब तीन थी। बीती आधी रात चोर दरवाजे में लगे लोहे के रॉड को तोड़कर अंदर घुसा। जबकि एक चोर बाहर से दरवाजे पर ही खड़ा था और तीसरा चोर दुकान के बाहर पहरा दे रहा था। दुकान के अंदर घुसने वाला चोर पूरी तरह से अपने चेहरे को कपड़ा से ढक लिया था। बता दे की उक्त दुकान में चोरी की यह तीसरी घटना है पूर्व में भी चोरों ने छत के सहारे दुकान में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। शहर के बीचो-बीच चोरी की घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। बुधवार की सुबह 8 बजे लोगों ने रॉड दुकान के सामने रखे देखा इसकी सूचना दुकान के मालिक को दी गयी। दुकान जाकर जांच पड़ताल करने पर गल्ला में रखे नगद 40 हजार की चोरी कर ली। हालांकि चोरों ने पैसों के अलावा अन्य किसी भी सामान को हाथ नहीं लगाया। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से शहर में गश्ती बढ़ाने और चोरों को पहचान कर अभिलंब पकड़ने की मांग की है।

## सुखदेव भगत ने घाघरा में कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक के समीप चाहत होटल में सांसद सुखदेव भगत ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। कार्यकताओं ने क्षेत्र की कई समस्याओं से अवगत कराया, वही बैडमिंटन खिलाड़ियों ने प्रखंड मुख्यालय में एक इनडोर स्टेडियम बनाने का मांग भी किया। वहीं सांसद ने पेशा कानून को संक्षिप्त में कार्यकर्ताओं को बताया। साथ ही कहा कि सभी कार्यकर्ता पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का काम करे। पार्टी गरीब और किसानों की पार्टी है। सभी का हित सोचने वाली पार्टी है। आप सभी कांग्रेस के विचारधारा को लोगों तक गांव गांव जाकर बताइए। वही मौके पर उपस्थित हुए सीएस से प्रखंड अध्यक्ष आदित्य भगत ने कहा कि घाघरा में108 एंबुलेंस की कमी है जिसपर सीएस ने जल्द एक नए एंबुलेंस देने की बात कही।

## घाघरा के आदर लैंपस में धान खरीदारी ठप

# फर्जी तरीके से मां-बेटी बनी अध्यक्ष-सचिव

- आदर लैंपस में 9 दिनों से धान खरीदारी बंद
- बिना बैठक और चयन प्रक्रिया के किया गया गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के आदर लैम्पस में अभी तक धान की खरीदारी शुरू नहीं हुई है। धान खरीदी शुरू करने के निर्धारित तिथि से नौ दिन बीत जाने के बावजूद खरीद प्रक्रिया ठप है। लैम्पस सदस्यों ने बैठक कर आरोप लगाया है कि मां गीता देवी और सगी बेटी मुस्कान कुमारी ने फर्जी तरीके से स्वयं को अध्यक्ष और सचिव मनोनीत कर लिया, जिसके कारण किसानों ने लैम्पस को धान बेचना बंद कर दिया है। सदस्य बता रहे हैं कि इस संबंध में प्रखंड के कई संबंधित पदाधिकारियों को सूचना दिये जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मौके पर मौजूद किसान जावेद अंसारी, सहभन उरांव, सुकरा उरांव, बिहारी उरांव, संजू उरांव, राजमोहन यादव, दिलबंधु मांझी, छोटेलाल सिंह, तेजू महतो, सुमंत ठाकुर, सोमनाथ उरांव पूर्व मुख्य राजीव उरांव केशव प्रजापति पवन माली रोहित गोप सहित लैंपस के सदस्यों ने मां बेटी की मनमानी का विरोध किया।

**नयी कमेटी गठन की मांग :** समिति सदस्य सुकरा उरांव ने आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जी तरीके से अध्यक्ष और सचिव का गठन किया गया है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से मांग की कि इस अवैध कमेटी को तत्काल निरस्त करते हुए नयी वैध कमेटी का गठन किया जाये और शीघ्र धान खरीदारी शुरू करायी जाये।



### गुपचुप तरीके से बना दी गयी कमेटी

लैंपस सदस्य रामचंद्र लोहरा ने बताया कि गुपचुप तरीके से मां-बेटी को अध्यक्ष और सचिव बना दिया गया, जिसकी जानकारी किसी भी समिति सदस्य को नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि नियमानुसार अध्यक्ष और सचिव का आदर का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है, जबकि संबंधित मां-बेटी टोटो गांव की निवासी बताई जा रही हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि किसी प्रकार की चयन प्रक्रिया या बैठक आयोजित ही नहीं की गई। किसान मित्र जुशेंद्र गोप ने चयन प्रक्रिया को पूरी तरह गलत बताते हुए कहा कि समिति सदस्यों से घर-घर जाकर रजिस्टर में हस्ताक्षर कराये गये, जबकि सदस्यों को यह भी नहीं बताया गया कि हस्ताक्षर किस उद्देश्य से लिए जा रहे हैं।

### बीडीओ ने कहा

जांचोपरान्त चयन प्रक्रिया फर्जी पाया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर दिया गया है। जल्दी ही आदर लैंपस में धान की खरीदारी प्रारंभ कर दी जायेगी।

### मुखिया ने कहा

इस मामले में आदर पंचायत की मुखिया यशमुनी नी देवी ने कहा कि चयन प्रक्रिया के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं थी। जैसे ही पता चला कि फर्जी तरीके से चयन प्रक्रिया संपन्न किया गया है मैंने घाघरा वीडियो को लिखित जानकारी दे दी है ताकि जांच के बाद धान की खरीदारी करायी जा सके।

### गीता देवी ने कहा

गीता देवी ने कहा कि मुझ पर लगाये गये आरोप निराधार है। फर्जी चयन नहीं बल्कि वर्ष 2022-23 में ही चयन प्रक्रिया कर मुझे पद सौपा गया है।

## सदर अस्पताल में गर्भवती की मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल गुमला में इलाज के दौरान 9 माह की गर्भवती महिला की मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है। मृतका की पहचान भिखनी कुमारी (20 वर्ष) के रूप में हुई है, जो ग्राम बघिमा, टेप्सा टोली की निवासी थी। मृतका के पति मेलविन बरवा ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

## पकड़ाया पैंगोलिन छाल तस्करों का बड़ा नेटवर्क

# 9.6 किलो सल्क के साथ आठ गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला और पालकोट वन प्रमंडल के आठ तस्करों को वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, सेंट्रल एवं पलामू टाइगर रिजर्व ने धर दबोचा। गुमला वन प्रमंडल के अधिकारी व कर्मचारियों की मेहनत से ये गिरोह पकड़ में आ सका। बताया गया कि 21 व 23 दिसंबर को वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो, सेंट्रल एवं पलामू टाइगर रिजर्व से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग ने यह कार्रवाई की। कुरूमगढ़ एवं गुमला वन क्षेत्र के वनकर्मियों द्वारा त्वरित टीम गठित कर चैनपुरझमांझाटोली मुख्य मार्ग के ग्राम मरियम टोली, कांसीर तथा बाम्हनी हेलीपैड, थाना गुमला क्षेत्र में छापेमारी की गयी।

कार्रवाई के दौरान कुल लगभग 9.600 किलोग्राम पैंगोलिन छाल (सल्क), तीन मोटरसाइकिल एवं चार स्मार्टफोन जब्त किए गए। इस मामले में अंधराडीह निधियाटोली निवासी निर्मलउरांव और भिखराम उरांव तथा चेचेपाठ, घाघरा निवासी प्रकाश भगत को गिरफ्तार किया गया। वहीं पालकोट प्रमंडल के रोकेंड़ेगा ग्राम निवासी बहुरन सिंह, रविन्द्र सिंह, , जयदेव सिंह, शिव शंकर सिंह और मरदा तुंदटोली निवासी जेठू लोहरा के नाम शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9, 50, 51 एवं 52 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

यह बता दें कि 22 दिसंबर को गुमला वन प्रमंडल ने पेंगुलीन की छाल के साथ चैनपुर के मरियम टोली निवासी रामेश्वर राम व सिसई निवासी मंसूर अली को गिरफ्तार किया था। जब डीएफओ अनवर बेलाल अहमद ने मामले की तहकीकात शुरू की तो एक बड़े रैकेट का खुलासा हुआ। इसके तहत एक और पैंगोलिन की छाल बरामद की गयी और गिरोह में शामिल 8 लोग और पकड़े गये।



# सांसद सुखदेव ने बिशप से मिलकर दिया सौहार्द और विकास का संदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने बुधवार को क्रिसमस और नववर्ष के अवसर पर गुमला में सौहार्द, भाईचारे और विकास का संदेश दिया। उन्होंने गुमला धर्मप्रांत के बिशप स्वामी लीनुस पिंगल सहित विभिन्न चर्च, मिशनरी संस्थानों और विद्यालयों का दौरा कर शुभकामनाएं दीं।

सांसद सबसे पहले गुमला धर्मप्रांत पहुंचे, जहां विशप स्वामी लीनुस पिंगल से मुलाकात कर बुके और केक भेंट किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और सभी समुदाय मिलकर विकास की दिशा तय करते हैं।

इसके बाद सांसद उसुर्लाइन कांवेंट स्कूल और संत इग्नासीयूस हाई स्कूल पहुंचे, जहां शिक्षा, स्वास्थ्य और आदिवासी समाज के उत्थान पर चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि आदिवासी समाज के बिना झारखंड की पहचान अधूरी है। रायडीह, मांझाटोली और जीईएल चर्च सहित अन्य मिशनरी संस्थानों में भी उन्होंने समुदाय के लोगों से मिलकर क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।





### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

–: आवश्यक सूचना :–

चन्दवा थाना कांड संख्या 185/2023, दिनांक 17.09.2023, धारा 25(1–B)a/26/35 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार सिंह उर्फ गोपाल जी, पिता कलेश्वर सिंह, सा0 चेटर, थाना चन्दवा, जिला लातेहार के विरूध माननीय मुख्य न्यायीक दण्डाधिकारी, महोदय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | राहुल कुमार सिंह उर्फ गोपाल जी, पिता कलेश्वर सिंह, सा0 चेटर, थाना चन्दवा, जिला लातेहार। |


Schedule XLIII - High Court (M) ITC. [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)
एक मफरूर शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
U/S. 25(1-B)a/26/35 Arms Act

ह0/–
पुलिस अधीक्षक, लातेहार।
PR 369303 Police(25-26)D

### कार्यालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा (गोपनीय शाखा)

**– Advisory –**

वर्ष–2025 की समाप्ति एवं नव वर्ष–2026 के अवसर पर चतरा अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत क्लब, होटल, बार एवं रेस्टुरेन्ट में डीजे बैण्ड एवं अन्य कार्यक्रम किये जाने तथा वर्ष–2026 के आगमन के अवसर पर विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पिकनिक मनाने हेतु अत्याधिक संख्या में लोगों के एकत्रित होने की संभावना है। नवयुवकों द्वारा नशे का सेवन कर तेज रफ्तार में ड्राईविंग किये जाने के फलस्वरूप सड़क दुर्घटना, असामाजिक तत्वों द्वारा मौके का फायदा उठाकर छिनतई/दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो तथा विधि–व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण हेतु इस कार्यालय ज्ञापांक–650/गो0, दिनांक–19.12.2025 के द्वारा दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सदर अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले विभिन्न पर्यटन स्थलों पर की गई । जिसके आलोक में निम्न (Advisory) जारी किये जाते हैं:–

1. किसी भी व्यक्ति के द्वारा पर्यटन स्थल पर प्रतिबंधित क्षेत्र में जाकर फोटोग्राफ/विडियोग्राफी करना प्रतिबंधित किया जाता है।
2. किसी भी व्यक्ति के द्वारा नशे का सेवन कर वाहन् चलाने पर प्रतिबंधित रहेगा।
3. पर्यटन स्थल पर भड़काऊ गाना बजाना प्रतिबंधित रहेगा।
4. पर्यटन स्थल में ध्वनि विस्तारक यंत्र की ध्वनि 40–50 डेसीबल से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक हथियार यथा–लाठी, भाला, गड़ासा, तीर–धनुष या किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लेकर पर्यटन स्थल पर नहीं चलेंगे।
6. कोई भी व्यक्ति के द्वारा कोई ऐसा कार्य नहीं किया जाएगा जिससे विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच धृणा की भावना उत्पन्न हो।
7. कोई भी व्यक्ति आपत्तिजनक समाचार/सूचना पोस्ट नहीं करें, जिससे सामाजिक सद्भाव बिगड़े।
8. यदि किसी सोशल मिडिया ग्रुप या व्यक्तियों द्वारा ऐसा आपत्तिजनक सूचना/समाचार/भड़काऊ सूचना/विडियो को पोस्ट या प्रसारित किया जाता है तो उसके विरूद्ध Information Technology Act- के अधीन सुसंगत धाराओं के तहत् दण्डित किये जाऐंगे।

यह Advisory जिला प्रशासन द्वारा जन हित में जारी किया जाता है।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
चतरा ।

PR.NO.369326 District(25-26):D

# बेलगड़िया टाउनशिप में केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बेलगड़िया टाउनशिप के विकास को नई गति मिली है। भारत सरकार के कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने बुधवार को बेलगड़िया टाउनशिप का भ्रमण कर नवनिर्मित प्रशासनिक भवन एवं सोलर स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन किया तथा फेज-6, 7 एवं 8 का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि बेलगड़िया के निवासियों को स्थायी पट्टे पर फ्लैट दिए जाएंगे, जिनका उपयोग वे पीढ़ी दर पीढ़ी कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि टाउनशिप निर्माण का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को सुरक्षा प्रदान करना और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने बताया कि जल्द ही यहां जन औषधि केंद्र और पोस्ट ऑफिस की शुरूआत होगी। साथ ही जेआरडीए द्वारा विकसित वेबसाइट और शिकायत निवारण केंद्र का



अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों और एसीआइसी (आइएसएम) फाउंडेशन द्वारा निर्मित जूट व बांस हैंडीक्राफ्ट की सराहना की। उन्होंने आठ लाभार्थियों को ई-रिक्शा की चाबी सौंपकर स्वावलंबन को बढ़ावा दिया। अपने संबोधन में मंत्री जी किशन रेड्डी ने उपायुक्त आदित्य रंजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में बेलगड़िया में विकास कार्यों ने गति पकड़ी है। लोगों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ा है और टाउनशिप वास्तव में पुनर्जीवित हुई है।

मौके पर जी किशन रेड्डी केंद्रीय मंत्री, कोयला एवं खान ने बेलगड़िया निवासियों को स्थायी पट्टे पर फ्लैट उपलब्ध कराए जायेंगे, जहां वे पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित रह सकेंगे। प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, सुविधा और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही टाउनशिप निर्माण का मूल उद्देश्य है। अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर बसाने के लिए केंद्र और

**बेलगड़िया टाउनशिप में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया है। शीघ्र जल समस्या का समाधान होगा। प्रशासनिक ब्लॉक, शिकायत निवारण केंद्र, टीओपी, निःशुल्क ई-बस, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, जन वितरण प्रणाली और मिल्क पार्लर से सुविधाएं सुदृढ़ हुई हैं। 'आदित्य रंजन: डीसी, धनबाद'**

**उपायुक्त और एसएसपी के प्रयास से टाउनशिप की समस्याएं सुलझ रही हैं। प्रधानमंत्री और कोयला मंत्री भी गंभीर हैं। स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। 'दुलू महतो: सांसद, धनबाद'**

**सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था से बेलगड़िया टाउनशिप में नया जीवन आया है। क्षेत्र के समग्र विकास और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के लिए कॉल आधारित उद्योग स्थापित हो। 'चंद्रदेव महतो: विधायक, सिंदरी'**

**टाउनशिप में स्थायी आजीविका सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रोजगार योजना आवश्यक है। युवाओं को स्वरोजगार व कौशल विकास से जोड़ने हेतु ठोस और दीर्घकालिक कार्ययोजना बननी चाहिए ये हमारी मांग हैं। 'रागिनी सिंह : विधायक, झरिया'**

राज्य सरकार चिंतित है और इस दिशा में लगातार जिला प्रशासन, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड तथा जेआरडीए के साथ मिलकर आगे बढ़ रही है और लोगों के हित में काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री भी हर महीने इसकी समीक्षा करते हैं। प्रभावित परिवारों को सुरक्षा देना और उनका जीवन बदलना टाउनशिप बनाने का मकसद है। इसी उद्देश्य से झरिया मास्टर प्लान 2.0 को कार्यप्रणाली तैयार की गयी है। लोगों के सुझाव के आधार पर अलग-अलग योजनाएं तैयार की गयी।

## एमएस म्यूजिकल ग्रुप ने मनाया मो रफी का जन्मदिन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आरा मोड़ बायपास स्थित हवेली गार्डन में बुधवार को प्रख्यात गायक मोहम्मद रफी की 101वां जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाई गई। एमएस म्यूजिकल ग्रुप ने कार्यक्रम का आयोजन कर मोहम्मद रफी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय अध्यक्ष सह समाजसेवी दिलीप सिंह ने देवी सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में समाजसेवी शमीम अख्तर, युवा संघर्ष मोर्चा के प्रवक्ता पप्पू सिंह भी उपस्थित रहे। मौके पर दिलीप सिंह ने कहा कि रफी साहब की गीत आज भी ताजा लगते हैं। 101वें जन्मदिन पर कलाकारों ने गीत गाकर उन्हें याद किया। यही यादें उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। आज भी वे भारत के करोड़ों दिलों में जिंदा हैं। कार्यक्रम में 70-80 के दशक में गाए गए गानों को दोहराया गया। मोहम्मद रफी के नगमे गूंजे तो हर तरफ संगीत के स्वरों की महक बिखर गयी। तुम मुझे यूं भुला न पाओगे... गीत ने एहसास कराया कि मोहम्मद रफी जैसे फनकार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं कलाकारों ने गीत गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहम्मद सरवर, बीके साह, मोहम्मद अकबर हुसैन, महफूज, ईसराफिल, मजहूर, राशिद रजा, हसीन अंसारी, वीके साहब, तनु निषाद, शालिनी रूपा, मो कलाम, विजय विश्वकर्मा, मो शाकिर, सिराजुद्दीन, चंदन गुप्ता, इमरान, मो इसराफिल, महावीर गुप्ता, संजय सिन्हा (मुन्ना), रूद्रेश ठाकुर, अनमोल सहित दर्जनों संगीत प्रेमी मौजूद थे।

## पेसा नियमावली की स्वीकृति मिलने के बाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद का हुआ स्वागत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** कैबिनेट से पेसा नियमावली को स्वीकृति मिलने के उपलक्ष्य में बुधवार को राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद को झामुमो के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पेटरवार स्थित उनके आवासीय कार्यालय में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ मंत्री जी का उत्साहपूर्वक स्वागत किया तथा इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उनके एवं राज्य सरकार के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। मौके पर मंत्री जी ने उपस्थित लोगों को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक फैसले की खुशी साझा की। उन्होंने कहा कि पेसा नियमावली को कैबिनेट द्वारा स्वीकृति मिलना राज्य सरकार की आदिवासी समाज के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। यह निर्णय चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। पेसा कानून आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास, ग्राम स्वशासन को सशक्त करने तथा उनके अधिकारों को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा। इससे आदिवासी बहुल क्षेत्रों में विकास की नई दिशा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर निर्णय प्रक्रिया और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर बोकारो जिला समिति एवं पेटरवार, गोमिया तथा कसमार प्रखंड समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब ऑफ कतरास प्रॉपर ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**कतरास (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ कतरास प्रॉपर के तत्वावधान में बुधवार को कतरास थाना चौक एवं कतरास स्टेशन के आसपास जरूरतमंदों के बीच एक सौ पीस कंबल का वितरण किया गया। लायन मनोज गुप्ता ने बताया कि कड़ाके के ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। लायंस क्लब ऑफ कतरास प्रॉपर लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। मौके पर मनोज गुप्ता, अरुण मेहरा, जयंतो बोस, कमलेश अग्रवाल, धर्मेश राठौड़, बिजय चक्रवर्ती विशाल केडिया आदि मौजूद थे।

## बीएसएल के नये डायरेक्टर इंचार्ज का कार्यकाल होगा ऐतिहासिक: एके सिंह

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह ने सेल द्वारा बोकारो स्टील प्लांट के नये डायरेक्टर इंचार्ज के रूप में श्री प्रिया रंजन की नियुक्ति के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि रंजन के नेतृत्व में बीएसएल विकास के नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। एके सिंह ने कहा कि डीपीई (उद्दप) द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है और अगले एक-दो दिनों में सेल द्वारा औपचारिक नियुक्ति पत्र भी जारी हो जायेगा। प्रिया रंजन के लंबे और समृद्ध अनुभव का सीधा लाभ बोकारो स्टील को मिलेगा। उन्होंने रेखांकित किया कि श्री रंजन के मार्गदर्शन में पहले ही उत्पादन के विभिन्न मानकों में सुधार आया है और प्लांट की अधिकांश इकाइयां बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। बीएसओए अध्यक्ष ने नए डायरेक्टर इंचार्ज की कार्यशैली पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में 'वर्क-लाइफ बैलेंस' (काम और जीवन के बीच संतुलन) पर विशेष जोर रहेगा। श्री सिंह ने कहा कि आगामी पे-रिवीजन की राह आसान करने के लिए सेल और बीएसएल के लाभ को बढ़ाना अनिवार्य है। यदि पिछले 3 वर्षों का पीवीटी सकारात्मक रहता है, तो इससे प्रबंधन को पे-रिवीजन के मामले में काफी मदद मिलेगी। बीएसओए ने नए नियुक्त डायरेक्टर इंचार्ज का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके सफल और ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## आश्वासन पर आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल खत्म

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिले में पिछले 15 दिनों से विभिन्न प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अनुमंडलीय अस्पताल में आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मी अपने छह महीने का बकाया वेतन, इएसआइसी एवं इपीएफ का लाभ देने की मांग को लेकर हड़ताल पर थे। हड़ताल के आठवें दिन सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) की बोकारो जिला कमेटी ने आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मी के हड़ताल एवं उनकी मांगों का समर्थन किया था। समर्थन के बाद लगातार सीटू प्रयासरत थी कि इन आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों का बकाया वेतन भुगतान समेत अन्य मांग पूरा हो। हड़ताल के 15 दिनों के दौरान बोकारो जिले के सिविल सर्जन समेत जिला स्वास्थ्य विभाग के किसी भी अधिकारियों की तरफ से वार्ता की कोई पेशकश नहीं की गयी थी।

## काको के पास डिवाइडर से टकरायी बाइक, एक की मौत

**कतरास (आजाद सिपाही)।** रामकनाली ओपी अंतर्गत मोड़ 8 लेन में बीती रात 9 बजे डिवाइडर से टकराने से एक बीसीसीएल कर्मी की मौत हो गयी। जबकि एक घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बीसीसीएल कर्मी श्रीराम कुमार उम्र 32 वर्ष बास्ताकोला का रहने वाला है। काको में अपने एक साथी से मुलाकात कर घर वापस लौट रहा था। इस बीच 8 लाइन से मोटरसाइकिल टकरा गयी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी। दूसरा साथी कवि राज शर्मा जो मोटरसाइकिल के पीछे बैठा हुआ था उसका इलाज चल रहा है। मोटरसाइकिल स्वयं श्रीराम शर्मा चला रहे थे। मोटरसाइकिल नंबर जेएच 10 एटी 1230 है। रवि राज शर्मा ने बताया कि दुर्घटना के थोड़ी देर बाद मुझे होश आया तो अपने साथी श्रीराम कुमार को उठाने का काफी प्रयास किये लेकिन वह नहीं उठ रहा था।

## हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में विहिप और बजरंग दल ने मो यूनुस का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद, धनबाद महानगर एवं बजरंग दल, धनबाद जिला के संयुक्त तत्वाधान में बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं के नरसंहार के खिलाफ रणधीर वर्मा चौक में बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मो. युनुस का पुतला दहन एवं बांग्लादेश के राष्ट्रीय झंडे को पैरों तले रौंदने का काम किया गया। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे हिन्दुओं का उत्पीड़न तत्काल बंद होना चाहिये। उन्होंने भारत सरकार से मांग किया कि बांग्लादेश के बॉर्डर खोलकर वहां के हिन्दुओं को भारत में प्रवेश दिया जाये एवं भारत में रहने वाले बांग्लादेश के नागरिकों को तत्काल बलपूर्वक बाहर किया जाय। श्री चौरसिया ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई भी




किया जाय। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से पाकिस्तान को तोड़कर बांग्लादेश बनाया गया है, उसी प्रकार से बांग्लादेश को तोड़कर एक हिन्दू देश का गठन किया जाये। उन्होंने विश्व के तमाम हिन्दुओं को एकजुट होने का भी आह्वान किया। इस मौके पर मौजूद विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ नेता द्वारिका तिवारी ने कहा कि भारत में रहकर बांग्लादेश के समर्थन में बोलने लिखने वालों पर कड़ी कर्रवाई की जाय। साथ हीं गृहमंत्री, भारत सरकार से बांग्लादेश पर तत्काल सैन्य कार्रवाई की भी मांग की। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला मंत्री आनंद कुमार, जिला संयोजक तापस डे, चन्दन चक्रवर्ती, आनंद खंडेलवाल, गोविन्द शुक्ला, राम शर्मा, विशु रवानी, पवन वर्णवाल, दिलीप श्रीवास्तव, मः गुसुदन अग्रवाल, दिवाकर सिंह, रोहित रवानी, पंकज चौधरी, दीपक साहु, शिवशंकर दत्त, बिनोद चौहान, प्रशांत कुमार, मिथिलेश कुमार, लल्लू झा सैकड़ो विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल में सादगी और उमंग के साथ मना क्रिसमस उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल, बोकारो में क्रिसमस उत्सव सादगी और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य रेवरेंड फादर दीनू एम डेनियल द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गयी।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने 'दू गिफ्ट ऑफ क्रिसमस' शीर्षक से एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। नाटिका के माध्यम से यह बताया गया कि एक-दूसरे से प्रेम करना, जरूरतमंदों की चिंता करना और आपसी सहयोग ही क्रिसमस का वास्तविक संदेश है। इसके पश्चात शिक्षिकाओं ने मधुर क्रिसमस गीत गाये, जिससे विद्यालय का वातावरण आनंदमय बन गया। कार्यक्रम में सैंटा क्लॉज



की उपस्थिति ने बच्चों को अत्यंत प्रसन्न किया। सैंटा क्लॉज ने बच्चों के साथ समय बिताया और उत्सव की खुशी को और बढ़ाया।

प्री-नर्सरी, नर्सरी एवं प्रेप कक्षा के बच्चों ने क्रिसमस से जुड़ी विभिन्न हस्तकला गतिविधियों में भाग लिया और सुंदर रचनाएं बनायी। यह आयोजन बच्चों के लिए खुशी, सीख और आपसी अपनापन बढ़ाने वाला एक यादगार अनुभव रहा।

## राहुल मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल में एग्जीबिशन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राहुल मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल, शालू छपरा में आयोजित भव्य एक्जीबिशन कार्यक्रम विद्यालयी शिक्षा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण बना। इस अवसर पर धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान, कला, सामाजिक विषयों और तकनीकी नवाचारों पर आधारित प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच और नवाचार की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीआइटी सिंदरी के निदेशक प्रो पंकज सिन्हा, बीआइटी के प्रो. कृष्ण मुरारी सहित धनबाद



**ग्रामीण परिवेश में आयोजित यह एक्जीबिशन अत्यंत सराहनीय है। साइंस, म्यूजिक सहित सभी विषयों में बच्चों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। आजाद सिपाही सच्चे और कलम के सिपाही है।'प्रभात कुमार : एसएसपी, धनबाद'**

**ऐसे आयोजनों से सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों के बच्चे जुड़ते हैं और नई-नई तकनीकों से प्रेरणा लेकर अपने ज्ञान और कौशल का विकास करते हैं।'पंकज सिंहा: डायरेक्टर, बीआईटी सिंदरी'**

**बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें, अनुशासन बनाए रखें और शिक्षा को अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनाएं।'प्रतिमा कुमारी : शाखा प्रबंधक, सेंट्रल बैंक'**

**विद्यालय निर्माण की प्रेरणा उन्हें अपने पुत्र स्व. राहुल से मिली। राहुल का सपना था स्कूल बनाना, जिसे पूरा करने का वे निरंतर प्रयास कर रहे हैं।'राजीव नयन शर्मा: स्कूल निर्माता'**

के कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों की प्रशंसा की।

## रामकनाली विद्युत सब स्टेशन में कर्मियों को बंधक बनाकर केबल की लूट

**कतरास (आजाद सिपाही)।** रामकनाली ओपी के दस गज दूरी स्थित विद्युत सब स्टेशन में बीती रात दो बजे सशस्त्र अज्ञात अपराधियों ने सब स्टेशन में हमला बोलकर 100 फीट कॉपर केबल लूट कर चलते बने। लूटपाट के क्रम में अपराधियों ने दो बीसीसीएल कर्मी जवाहर चौहान एवं सुधीर सिंह को बंधक बना लिया। जवाहर चौहान ने बताया कि आठ, दस की संख्या में अपराधी आये। अपराधियों ने हम लोगों को बंधक बनाकर एक सौ फीट केबल लूट लिया तथा ट्रांसफार्मर लूटने का प्रयास किया। लेकिन इस बीच रामकनाली ओपी पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंच गयी। पुलिस गाड़ी को देखते ही अपराधी भागने लगे थे। ट्रांसफार्मर ले जाने का प्रयास अपराधियों का विफल हो गया। बीसीसीएल प्रबंधन ने घटना की शिकायत रामकनाली ओपी में की है। रामकनाली ओपी प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया कि छानबीन की जा रही है। अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जायेगा।

## बेस्ट एंप्लॉई ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम आयोजित




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के नवंबर माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के बेस्ट एम्प्लॉई ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन एवं विशिष्ट योगदान देने वाले कुल आठ (08) कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मचारियों में हैवी मेंटेनेंस मैकेनिकल विभाग के महावीर चमार, एसएमएस-2 एवं सीसीएस विभाग के प्रवीण कुमार, आइएंडए विभाग के अमरलोक कुमार, हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के बिद्याधर घोष, सीआरएम-1 एवं 2 के वकील प्रसाद दास, सिंटर प्लांट के अली इमाम अंसारी, आरएम एवं एमएचपी विभाग के नारायण मांझी तथा टीई-सिक्योरिटी विभाग के मनीष दीपांकज शामिल हैं। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त तथा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण सहित संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन विभाग के वरीय अधिकारी, पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। मानव संसाधन विभाग की सहायक प्रबंधक सोनाली गुप्ता ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।


## उप विकास आयुक्त का कार्यालय, कोडरमा
### (प्रारंभिक शिक्षा)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकार के सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनाक 31.07.2025 एवं निदेशक प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2273 दिनांक 22.12.2025 में दिये गये निदेशानुसार झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 अन्तर्गत स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 06 से 08) एवं इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 01 से 05) पद के अधियाचित रिक्त पदो के विरूद्व संशोधित अतिरिक्त अनुशंसित अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग हेतु तिथि/स्थान दिनांक 29.12.2025 को समय 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक उप विकास आयुक्त, कोडरमा के सभागार कक्ष में निर्धारित की गई है।

अनुशंसित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि/स्थान– उप विकास आयुक्त, कोडरमा के सभागार कक्ष में जाँच पत्रक भरकर, सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी स्वप्रमाणित छायाप्रति फोल्डर फाईल में तथा 4 पासपोर्ट साईज फोटो (ब्लैक एंड व्हाईट) के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। विस्तृत जानकारी जिले के अधिकारिक वेबसाईट koderma.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। काउंसिलिंग में निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का दावा निरस्त माना जाएगा और वे नियुक्ति की प्रक्रिया से वंचित रह जाएँगे।

कोडरमा जिले के अंतर्गत अनुशंसित अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु गठित हेल्प डेस्क में संलग्न मोबाईल संख्या 7004139394, 9304636202 एवं 9934180305 से संपर्क कर सकते है।

उप विकास आयुक्त –सह–
नोडल पदाधिकारी, कोडरमा

PR 369366 School Education and Literacy (25-26)_D

## उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
### (विधि–शाखा)
### सूचना

विधि विभाग, झारखण्ड राँची के पत्र सं0 1777/जे0 दिनांक 02.09.2025 एवंपत्र सं0– 2165/जे0 दिनांक 07.11.2025 द्वारा लोहरदगा जिला के लिए अपर सरकारी वकील के कुल (03) तीन पदों की नियुक्ति हेतु इच्छुक सुयोग्य एवं अनुभवी अधिवक्ताओं के नाम उनके जीवन वृतसहित आमंत्रित की जाती है।

The Jharkhand Law Officer (Engagement) Rules, 2018के आलोक म अपर सरकारी वकील जिलें के विभिन्न राजस्वन्यायालयों/व्यवहारन्यायालय तथा माननीय उच्चन्यायालय एवं माननीय उच्चतम न्यायालयों में सरकार की ओर से दृढ़तापूर्वक पक्ष रखेंगे तथा जिला प्रशासन को आवश्यकतानुसार उचित सलाहप्रदान करने में तत्परता दिखायेंगे। विभिन्न सरकारी मामलों में अपना विधिक मन्तव्य भी आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर उपलब्ध करायेंगे। अपर सरकारी वकील के पद की नियुक्ति हेतु कम से कम 07वर्शों का कर्यानुभव आवश्यक है।

अतः उक्त पद नियुक्ति हेतु इच्छुक अधिवक्तागण निम्नांकित कागजातों के साथ अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय मेंदिनांक 15.01.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

उपायुक्त, लोहरदगा के आदेशसे।

**आवश्यक कागजात**
**1.भारतीय नागरिक होने का प्रमाण।**
**2.जीवनवृत**
**3.उम्रसंबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।**
**4.शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति।**
**5.निबंधन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।**
**6.बार एसोसिएशन से निर्गत अनुभवप्रमाण पत्र की छायाप्रति।**
**7.अनुसूचितजाति/अनुसूचित जनजाति/ओ0बी0सी0 की स्थिति से संबंधित प्रमाण पत्र।**
**8.अधिवक्ता के रुप में कियेगये वादोंमेंपैरवी की विवरणी विहित प्रपत्रों में दें:–**

विहितप्रपत्र I(विगत् एक वर्श के लिए)

| न्यायालय कानाम | वादों के प्रकार | वादमेंनिर्णय की तिथि | आपके पक्ष मेंआदेशपारित | आपकेविरुद्ध आदेशपारित |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. | 04. | 05. |
| | | | | |

विहितप्रपत्र II (शेष विगत् एक वर्षो के लिए)

| कुलवादों की संख्या | कुल कितने मामलों में आपके पक्ष मेंफैसलाहुआ | कुल कितने मामलों में आप के विरुद्ध फैसला हुआ |
|---|---|---|
| 01. | 02. | 03. |
| | | |

**9.विगत् 03 वित्तीय वर्ष का आयकर विभाग रिटर्न दाखिल करने संबंधी कागजात।**
**10.उपरोक्त क्रमांक 01 से 09 तक की दियेगये विवरणी की सत्यतासंबंधी शपथ पत्र ।**

प्रभारी पदाधिकारी,
विधि–शाखा, लोहरदगा।

PR 369364 Lohardaga(25-26)D

# हावड़ा में बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या को लेकर बवाल

## भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प

**हावड़ा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम किसी को भी प्रदर्शन के नाम पर आम लोगों की आवाजाही बाधित करने की इजाजत नहीं देंगे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा में बुधवार को उस समय हालात तनावपूर्ण हो गये, जब बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गयी। जानकारी के मुताबिक भाजपा कार्यकर्ता हावड़ा ब्रिज की ओर मार्च कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने सुरक्षा कारणों से जुलूस को आगे बढ़ने से रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गयी। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर धरने पर बैठ गये और बैरिकेड हटाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान हालात बिगड़ गये और पुलिस को प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए कार्रवाई करनी पड़ी। झड़प में धक्का-मुक्की भी हुई। हावड़ा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम किसी को भी प्रदर्शन के नाम पर आम लोगों की आवाजाही बाधित करने की इजाजत नहीं देंगे। कानून व्यवस्था बनाये रखना हमारी जिम्मेदारी है। सनातनी ऐक्य परिषद के सदस्यों ने पड़ोसी देश में हिंदुओं पर अत्याचार होने का आरोप लगाते हुए उत्तर 24 परगना जिले के पेट्रापोल और घोजाडांगा बंदरगाहों, मालदा के मनोहरपुर मुचिया और कूच बिहार जिले के चांगराबांधा में भी प्रदर्शन किये। वहीं उत्तर 24 परगना में भाजपा विधायक अशोक कीर्तनिया ने जयंतपुर बाजार से पेट्रापोल सीमा की ओर एक जुलूस का नेतृत्व किया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने प्रदर्शनकारियों को 'जीरो प्वाइंट' के पास रोक दिया और उन्हें आगे बढ़ने से रोकने के लिए अवरोधक लगाये। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाये और बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। बता दें कि 18 दिसंबर को बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले के बालुका इलाके में 25 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की कथित तौर पर भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और बाद में उसके शव को जला दिया गया। आरोप है कि यह घटना कथित इशनिंदा के बाद हुई। इस घटना को लेकर भारत में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# मनरेगा से आगे की सोच है वीबी-जीरामजी एक्टः मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीबी जी रामजी एक्ट, 2025 का जोरदार समर्थन करते हुए कहा कि यह कानून ग्रामीण रोजगार की नयी परिभाषा प्रस्तुत करता है, जिसमें आय सहायता, संपत्ति सृजन और कृषि स्थिरता को एक दूसरे के खिलाफ नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया के रूप में जोड़ा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (सेवा तीर्थ) ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिखे गये एक लेख को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया, जिसमें इस नये कानून के उद्देश्य और जरूरत को समझाया गया है। इस लेख में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि वीबी जी रामजी अधिनियम, 2025 आय सहायता, संपत्ति सृजन, कृषि स्थिरता और दीर्घकालिक ग्रामीण उत्पादकता को एक सतत प्रक्रिया के रूप में देखता है, न कि एक-दूसरे के विपरीत। उनकी ओर से यह बताया गया है कि इसे लाने से पहले राज्य सरकारों के साथ व्यापक चर्चा की गयी थी। चौहान ने अपने पोस्ट में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि मनरेगा से सार्थक परिणाम नहीं मिले। उन्होंने दावा किया कि नया अधिनियम कांग्रेस द्वारा छोड़ी गयी गंभीर कमियों को दूर करने का प्रयास करता है।

# झारखंड कांग्रेस नेताओं ने वित्त मंत्री को दी बधाई

## पेसा एक्ट की मंजूरी पर जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रोशन लाल भाटिया और पूर्व महासचिव शशि भूषण राय ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मुलाकात की। इस बैठक में उन्होंने झारखंड कैबिनेट द्वारा पेसा एक्ट को मंजूरी देने के ऐतिहासिक निर्णय पर बधाई दी। साथ ही, झारखंड के विकास और कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक विकास पर चर्चा हुई।

श्री किशोर ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से पार्टी को मजबूती मिलेगी। पेसा अधिनियम के तहत ग्राम सभाओं को अधिक शक्तियां दी गयी हैं, जिससे आदिवासी समुदायों का विकास संभव होगा। इससे ग्राम सभाओं को भूमि अधिग्रहण और वन भूमि से जुड़े मामलों में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का अधिकार मिलेगा।

वहीं पारंपरिक ग्राम सभाओं को अधिकार भी मिलेगा, जैसे खनन अधिकार, भूमि अधिग्रहण और वन भूमि से जुड़े मामलों में ग्राम सभाओं की अहम भूमिका होगी।

कांग्रेस नेताओं ने जोड़ा की महागठबंधन सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विकास और समाजिक न्याय की नयी परिभाषा लिख रही है और जनता के अधिकार के लिए काम कर रही है।

# दंगा क्या होता है, कैसे रुकता है, बरेली के मौलाना से पूछ लोः योगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए सीएम योगी ने न केवल सरकार की प्राथमिकताओं और उपलब्धियों को सदन के सामने रखा, बल्कि विपक्ष की ओर से उठाये गये सवालों का भी तथ्यों के साथ जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने यूपी में कर्फ्यू और दंगा न होने की बात कही। साथ ही कहा कि यूपी में दंगाई का उपचार कैसे होता है, बरेली के मौलाना से पूछ लेना। सीएम योगी आदित्यनाथ ने साफ किया कि प्रदेश में सुरक्षा, कानून का राज और विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इन्हीं आधारों पर उत्तर प्रदेश की छवि देश और दुनिया में बदली है। इस दौरान सीएम योगी ने दावा किया कि प्रदेश में कोई सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956)
ADMISSION NOTICE - 2025-26
As per the guideline from JCECEB, Dinesh College of Education, Farathia, Garhwa, ( A constituent unit of Babu Dinesh Singh University) Inviting the Application within 3 days from the date of advertisement publication for the admission in B.Ed. Session -2025-26 against the vacant seats after the JCECEB Counselling.
Eligibility: * Graduation with qualifying marks as per NCTE/University
Note : Only JCECEB CML rank non admitted candidates are eligible to apply.
Contact for more Details
Dinesh College of Education, Farathia, Garhwa ( Jharkhand)
https://bdsu.ac.in/ Ph: 9661462506 / 6206297213

प्रकाशित
निश्चित सफलता के लिए अवश्य पढ़ें।
Class - XII
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित
झारखण्ड इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा - 2026 के लिए
JCERT द्वारा जारी मॉडल प्रश्न-पत्र पर पूर्णतः आधारित
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's®
वर्मा गेस®
2026
वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ प्रश्नोत्तर
हिन्दी (कोर)
प्रति विषय ₹ 55 मात्र
★ हिन्दी (कोर) ★ हिन्दी (इलेक्टिव) ★ ENGLISH (CORE) ★ ENGLISH (ELECTIVE) ★ अर्थशास्त्र (ECONOMICS) ★ इतिहास (HISTORY) ★ राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE) ★ समाजशास्त्र (SOCIOLOGY) ★ भूगोल (GEOGRAPHY) ★ मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY) ★ दर्शनशास्त्र (PHILOSOPHY) ★ मानवशास्त्र (ANTHROPOLOGY) ★ संस्कृत (SANSKRIT) ★ गृह विज्ञान (HOME SCIENCE) ★ PHYSICS ★ भौतिकी ★ CHEMISTRY ★ रसायन ★ MATHEMATICS ★ जीवविज्ञान ★ BIOLOGY ★ COMPUTER SCIENCE ★ भूगर्भशास्त्र (GEOLOGY) ★ लेखाशास्त्र (ACCOUNTANCY) ★ उद्यमिता (ENTREPRENEURSHIP) ★ व्यावसायिक अध्ययन (BUSINESS STUDY) ★ व्यावसायिक गणित (BUSINESS MATHEMATICS)
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Hologram, Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें।

## आर्मी पब्लिक स्कूल दीपाटोली में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'कैलाइडोस्कोप 2025' का भव्य रंगारंग आयोजन

# बच्चों में अपार प्रतिभा, सही मार्गदर्शन से होगा सर्वांगीण विकासः मेजर जनरल सज्जन सिंह मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची ।** आर्मी पब्लिक स्कूल ने दो दिवसीय (दिनांक 23 और 24 दिसंबर) वार्षिकोत्सव 'कैलाइडोस्कोप 2025' का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ कैरकट्टा सभागार दीपाटोली कैंट में किया। वार्षिकोत्सव के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन ब्रिगेडियर राजकुमार, सेना मेडल, डिप्टी जी-ओ-सी, 23 इन्फेंट्री पैट्रन कोकरेल डिवीजन उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव के दूसरे और अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में मेजर जनरल सज्जन सिंह मान, जी- आर्मी ओ-सी, 23 इन्फेंट्री कोकरेल डिवीजन, पैट्रन आर्मी पब्लिक स्कूल, रांची और संगीता मान उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इसमें छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। पहले दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर राजकुमार सेना मेडल, डिप्टी जी-ओ-सी 23 इन्फेंट्री डिवीजन, अध्यक्ष आर्मी पब्लिक स्कूल दीपाटोली रांची, द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर जनरल सज्जन सिंह मान, जी-ओ-सी, 23 इन्फैंट्री डिवीजन और पैट्रन आर्मी पब्लिक स्कूल दीपाटोली रांची और संगीता मान द्वारा दीप प्रज्वलन करने के साथ हुआ। इस अवसर पर समूह नृत्य, गान, नाटक, संगीत आदि की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन जीत लिया। कार्यक्रम की शुरूआत शिव वंदना के साथ हुई, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्रों ने अपनी प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में कहा कि बच्चों ने इस वार्षिकोत्सव में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर यह साबित कर दिया है कि बच्चों में टैलेंट कूट-कूट कर भरा हुआ है, जरूरत है उनका सही मार्गदर्शन करने की और सर्वांगीण विकास करने की।

मुख्य अतिथि ने अभिभावकों को अपने बच्चों की स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए यह भी कहा कि बच्चों को जीवन में समय और अनुशासन का महत्व समझते हुए, संस्कारों को अपनाते हुए आगे बढ़ना है, तभी वह भविष्य में अच्छे नागरिक बनकर जीवन में सफल हो सकेंगे। जीवन मूल्यों को समझेंगे। मंच का संचालन कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं तथा कक्षा पांचवी के छात्रों ने संभाला। उनके इस मंच संचालन की कला ने तो सबको चकित कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या कैप्टन गीता सिंह (रिटायर्ड) हेडमिस्ट्रेस निशा राय के साथ-साथ कई गणमान्य व्यक्ति, शिक्षकगण तथा छात्र भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण के कठोर परिश्रम के साथ-साथ एनसीसी कैडेट्स ने भी अपना पूरा योगदान दिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, अभिभावको, शिक्षकगण और प्रतिभागियों तथा सभी विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

### वार्षिक रिपोर्ट से लेकर भारत के गौरवशाली अतीत, वर्तमान और भविष्य की जीवंत प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, सह- पाठयक्रम गतिविधियों तथा विद्यालय के आधुनिकीकरण आदि की जानकारी सबके साथ साझा की। कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा भारत के गौरवशाली इतिहास की जीवंत झलकियां प्रस्तुत की गयी। धूमिल हुआ इतिहास फिर आंखों में नजर आने लगा। मौर्य साम्राज्य से लेकर 1857 तक का विद्रोह तो कहीं संप्रभुता से भारत की स्वाधीनता तक की वीर गाथाएं दिखायी गयी, जिसने दर्शकों में वीरता के आव को जागृत कर दिया। विविधता में एकता, साल 1947 से 1950 और आशा की किरण 1950 से 1970 तक के नृत्य ने तो दर्शकों को मंत्रमुग्ध ही कर दिया। वर्ष 1980 से 2000 तक खेलों की झलकियां समूह नृत्य द्वारा प्रस्तुत की गयी। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा अंग्रेजी नाटक प्रस्तुत किया गया। अंग्रेजी नाटक 'Anight of magic and Mayhem' ने सीख देने के साथ-साथ दर्शकों का काफी मनोरंजन भी किया। वर्ष 2000 से 2025 की भारत की यात्रा के खट्टे-मीठे अनुभव भी छात्रों द्वारा अपने नृत्य द्वारा प्रस्तुत किये गये। छात्रों ने वर्ष 2050 में भारत का भविष्य कैसा होगा, उसकी कल्पना करते हुए नृत्य पेश किया जिसने सबका मनमोह लिया। मुख्य अतिथि ने कई छात्रों को शैक्षणिक तथा खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन और शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किया। सरोजिनी नायडू सदन को इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया।

Eye Care | Eye Hospital | Eye Wear
F P
T O Z
L P E D
P E C F D
E D F C Z P
F E L O P Z D
D E F P O T E C
Nayan Sukh Opticians
Your EYES are precious Please Take Care of them
■ Screening for all types of Eye diseases
■ Hearing Aids ■ Machine
■ All Types of latest & Luxury branded Frame
■ Eye Glasses, Sun Glasses & Contact Lenses
H.B.Road, Beside Santovita Hospital, Ranchi
Tel.: 0651-2201795, Mob.: 9334424892

Life Care Dental Clinic
Multi Speciality Center For Oral Care And Smile Designing
DR. PARWEEN ARA
B.D.S. MIDA
Consultant : Dental And Oral Surgeon
DR. ABID SHARFUDDIN
B.D.S. (Hons.) MIDA
Consultant : Dental And Oral Surgeon
Our Facilities
Implant | Veneering |Bleaching |
Tooth polishing | Cosmetic Filling
TIMING - 09:00AM TO 08:00PM
Opp. Bariatu Masjid Bariatu
Ranchi (Jharkhand) M. 9386355795
Contact Now : 7004380798

# सरकार ने दी दो नये एयरलाइंस को मंजूरी

**अल-हिंद एयर और फ्लाइ एक्सप्रेस को मिली एनओसी**

**2026 में आसमान में उड़ते दिखेंगे शंख एयर के विमान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इंडिगो परिचालन संकट के बाद भारतीय विमानन क्षेत्र को गिनी-चुनी कंपनियों के वर्चस्व से बाहर निकालने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। भारत का विमानन बजार पिछले कुछ समय से इंडिगो और एअर इंडिया जैसी विमानन कंपनियों के वर्चस्व या 'डुओपोली' में सिमट कर रह गया था। सरकार के ताजा कदम से इस हालात में बदलाव हो सकता है। केंद्र सरकार ने बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के उद्देश्य से तीन नये एयरलाइनों को हरी झंडी दिखा दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अल-हिंद एयर और फ्लाइ एक्सप्रेस को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश स्थित शंख एयर भी 2026 में अपनी सेवाएं शुरू करने की तैयारी में है। इस विमानन कंपनी को पूर्व में ही एनओसी मिल चुकी है। वर्तमान में भारतीय आसमान पर टाटा समूह की एअर इंडिया और इंडिगो का एकछत्र राज है। डीजीसीए के आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू बाजार का 90% से अधिक हिस्सा इन्हीं दो समूहों के पास है। इसमें भी करीब 65% हिस्सेदारी अकेले इंडिगो के पास है। इस 'डुओपोली' के कारण अक्सर यात्रियों को सीमित विकल्पों और मनमाने किरायों का दंश झेलना पड़ता है। हाल ही में इंडिगो एयरलाइंस में आयी तकनीकी खामियों ने यह साबित कर दिया कि बाजार का एक ही खिलाड़ी पर अत्यधिक निर्भर होना कितना जोखिम भरा हो सकता है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि सरकार का उद्देश्य विमानन बाजार में नये खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है, ताकि बाजार में संतुलन बना रहे और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

TEXMO®
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX®
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
ENERGY IS LIFE
CONSERVE IT
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**